अधिकतम :38°C
न्यूनतम :22°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, सोमवार 25 मई 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 198 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2083 7 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## संक्षिप्त समाचार

### मोदी सरकार को गिराने की साजिश रच रहे राहुल: पात्रा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अरा. जकता के जरिए मोदी सरकार को गिराने की साजशि रचने का आरोप लगाया है। दरअसल गांधी ने कांग्रेस की अल्पसंख्यक सलाहकार समिति की बैठक में दावा किया कि अगले एक साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की की विदाई तय है और इसका कारण बढ़ता आर्थिक असंतोष होगा। उन्होंने कहा कि अगले एक साल में मोदी सरकार गिर जाएगी। श्री पात्रा ने गांधी के इस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्ति करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि गांधी ने कांग्रेस पार्टी की अल्पसंख्यक सलाहकार बैठक में कहा कि अगले एक साल में मोदी सरकार गिर जाएगी। यह बयान साफ तौर पर दर्शाता है कि गांधी अराजकता के जरिए सरकार को गिराने की साजशि रच रहे हैं, लेकिन देश की जनता उनकी इस साजशि को कभी कामयाब नहीं होने देगी।

### पर्यटकों को जमकर पीटा, एक की मौत

**वाराणसी।** धार्मिक और आध्यात्मिक नगरी काशी में घूमने आए एक पर्यटक की प्राइवेट सिक्योरिटी गार्डों की पिटाई से मौत हो जाने का मामला सामने आया है। सोनभद्र से आए पांच युवक रविवार सुबह नमो घाट घूमने पहुंचे थे। गेट नंबर दो के पास प्राइवेट सिक्योरिटी गार्डों और बाउंसरों ने उन्हें रोक लिया। किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो देखते-देखते मारपीट में बदल गया। गार्डों और बाउंसरों की पिटाई से तीन युवक घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां राजेंद्र उर्फ चिटू को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली विजय कुमार सिंह ने बताया कि नमो घाट पर सुबह पांच युवक घूमने आए थे।

### भीषण गर्मी के बीच कटौती को लेकर सीएम का रुख सख्त

# बिजली आपूर्ति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**कहा: ट्रांसफार्मर खराब होने, फीडर बाधित होने या शिकायत निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी**

- **मुख्यमंत्री ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना रुकावट बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के आला अफसरों को जारी किए निर्देश**

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में ऊर्जा विभाग, पावर कॉरपोरेशन एवं सभी बिजली वितरण कंपनियों के अधिकारियों के साथ प्रदेश की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने भीषण गर्मी और बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना रुकावट बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए सभी उत्पादन इकाइयां पूरी क्षमता से चलाई जाएं और इनके कामों की लगातार निगरानी हो। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के पारेषण तंत्र को और अधिक मजबूत, आधुनिक और भरोसेमंद बनाने पर जोर दिया। उन्होंने फीडर स्तर पर निगरानी और जवाबदेही तय करने को कहा। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि ट्रांसफार्मर खराब होने, फीडर बाधित होने या शिकायत निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन को बिजली आपूर्ति से जुड़ी सही और समयबद्ध जानक. ारी उपलब्ध कराई जाए। संवाद और पारदर्शिता से उपभोक्ताओं का विश्वास मजबूत होगा और शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने उपभोक्ता सेवाओं को अधिक पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने पर बल दिया। उन्होंने ऊर्जा मंत्री एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायत निस्तारण व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को तत्काल राहत मिल सके। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़कर 13,388 मेगावाट हो गई है।

### मांग को देखते हुए दीर्घकालिक ऊर्जा रणनीति पर विशेष बल दिया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने भविष्य की मांग को देखते हुए दीर्घकालिक ऊर्जा रणनीति पर विशेष बल दिया। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2015 से 2026 के बीच प्रदेश ने कुल 32,305 मेगावाट की विद्युत क्षमता के लिए टाई-अप किए हैं, जिनमें पिछले तीन वर्षों में लगभग 62 प्रतिशत क्षमता जोड़ी गई है। वर्ष 2029 तक मांग को पूरा करने के लिए 10,719 मेगावाट अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिसमें विंड, बैटरी एनर्जी स्टोरेज, पंप्ड हाइड्रो और हाइब्रिड ऊर्जा परियोजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने उपभोक्ता सेवाओं को और अधिक तकनीक आधारित तथा पारदर्शी बनाने पर जोर दिया।

## उत्तर प्रदेश भाजपा में बड़े फेरबदल की तैयारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **महत्वपूर्ण बैठकों का दौर चलने की संभावना, टीम पंकज में शामिल हो सकते हैं कई नए चेहरे**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भाजपा में संगठनात्मक बदलाव को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी इस समय दिल्ली में हैं, जहां संगठन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बैठकों का दौर चलने की संभावना है।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि नई टीम में कई नए चेहरों के साथ ही कुछ वरिष्ठ नेताओं के पुत्रों को भी जगह दी जा सकती है। सूत्रों के अनुसार दिल्ली पहुंचे पंकज चौधरी भाजपा महासचिव विनोद तावड़े के साथ संगठन विस्तार और नई टीम के गठन पर विस्तार से चर्चा करेंगे। इसके साथ ही संघ मुख्यालय में भी उनकी कुछ अहम मुलाकातें प्रस्तावित हैं। नए पदाधिकारियों के नामों पर संघ की राय भी ली जाएगी। इन बैठकों को प्रदेश भाजपा के नए स्वरूप से जोड़ा जा रहा है। सूत्रों का दावा है कि 'टीम पंकज' में कई मौजूदा पदाधिका. रियों की छुट्टी हो सकती है। बदलाव के तहत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र पंकज सिंह की जगह उनके बड़े पुत्र नीरज सिंह को संगठन में अहम जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। संगठन में लंबे समय से सक्रिय संजय राय को भी हटाया जा सकता है। वहीं, जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के बेटे अभिनव सिन्हा को संगठन में नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। दरअसल, भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले बूथ से प्रदेश स्तर तक संगठन को और मजबूत करने में जुटी है।

## यूपी में विद्युत संकट से मचा हाहाकार: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



- **सभी 75 जिलों में बिजली कटौती से विकराल स्थिति उत्पन्न हो गई है: श्रीनेत**

कांग्रेस ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में विद्युत कटौती से हाहाकार मचा हुआ है और जनता घोर संकट का सामना कर रही है। कांग्रेस की सोशल मीडिया विभाग की चेयरमैन सुप्रिया श्रीनेत ने एक बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में बिजली कटौती से विकराल स्थिति उत्पन्न हो गई है। जनता तकलीफें झेलने को मजबूर है।

उन्होंने कहा कि देश के 50 सबसे गर्म शहरों में से 26 शहर उत्तर प्रदेश के हैं, लेकिन भीषण गर्मी के बीच लोगों को 24 घंटे में केवल सात-आठ घंटे ही बिजली मिल पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मेरठ से लेकर बलिया तक लोग बिजली संकट से परेशान हैं और कई जगहों पर लोग रात में घरों से निकलकर सड़कों पर सोने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि राजधानी लखनऊ तक में घंटों बिजली गुल रहने से अस्पतालों की सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

एक्स-रे और स्कैन जैसी सुविधाएं ठप पड़ गई हैं। कानपुर देहात के मेडिकल कॉलेज के छात्रों को देर रात तक बिजली नहीं मिलने के कारण धरने पर बैठना पड़ा। कांग्रेस नेता ने कहा कि बिजली संकट का असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भी पड़ रहा है, क्योंकि मोबाइल फोन तक चार्ज नहीं हो पा रहे हैं और ऑनलाइन पढ़ाई बाधित हो रही है। उन्होंने कहा कि बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और किसान सभी इस समस्या से परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब लोग बिजली की मांग को लेकर सड़क पर उतर रहे हैं, तो प्रशासन उनकी समस्याएं सुनने के बजाय पुलिस कार्रवाई कर रहा है।

उन्होंने दावा किया कि अधिकारियों द्वारा प्रदर्शन कर रहे लोगों को मुकदमे की धमकी दी जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि रामराज्य लाने की बात बाद में कीजिए, पहले लोगों को इस भीषण गर्मी और बिजली संकट से राहत दिलाइए। कांग्रेस ने राज्य सरकार से बिजली व्यवस्था तुरंत सुधारने और '24 घंटे बिजली' के दावों के लिए जिम्मेदार मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की।

## यूपी में पांचवीं बार बसपा सरकार बनाने का लक्ष्य

### धुरंधर विरोधियों की हर चाल का मुकाबला 2007 की तरह ही डटकर करना है: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



- **यूपी विधानसभा व आमचुनाव की तैयारियों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की कार्यकर्ताओं को हिदायत**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रहीं मायावती ने रविवार को लखनऊ में बसपा उत्तर प्रदेश इकाई की बड़ी बैठक में पार्टी संगठन की समीक्षा की। लखनऊ में 12 माल एवेन्यू स्थित प्रदेश कार्यालय में हुई इस विशेष बैठक में पोलिग बूथ स्तर तक संगठन की जमीनी मजबूती, विधानसभा आमचुनाव की तैयारियों और जनाधार बढ़ाने पर गहन चर्चा हुई।

मायावती ने पिछली बैठक के निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट पर संतोष जताया। साथ ही कहा कि देश में चुनाव जिस तरह नई-नई चुनौतियों के बीच हो रहे हैं, उसे देखते हुए पार्टी की तैयारियों को हर स्तर पर और अधिक चुस्त-दुरुस्त व मुस्तैद बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पार्टी के पक्ष में बढ़ते जन रुझान के चलते यूपी में पांचवीं बार सर्वजन हितैषी सरकार बनाने का मिशन. री लक्ष्य सुनिश्चित करना है। बैठक में विधानसभा, जिला एवं स्टेट कमेटी के पदाधिकारियों और पोलिग बूथ स्तर के प्रमुख प्रभारियों ने भाग लिया। मायावती ने यूपी विधानसभा आमचुनाव की तैयारियों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि धुरंधर विरो. धियों की हर चाल का मुकाबला सन 2007 की तरह ही पूरी तरह से डट कर करना है। प्रत्याशियों के चयन में बरती जा रही सावधानी को उन्होंने देश और जनहित में उचित बताया। मायावती ने कहा कि कुल मिलाकर 'हाथी पर बटन दबाना है, सत्ता में वापस आना है' के मिशन को पूरा करना है। 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' की बीएसपी सरकार एक बार फिर सुनिश्चित करने के लिए पूरे जी-जान से वोट की सुरक्षा करनी है।

अपनी इज्जत-आबरू, जान-माल की तरह वोट की हिफाजत करनी है। मायावती ने देश के वर्तमान राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक हालात को दुखद व कड़वा बताया। उन्होंने कहा कि बड़े पूंजीपतियों और धन्नासेठ-समर्थक नीति के चलते सबका अहित हो रहा है। सभी सरकारें कल्याणकारी होने का संवैधानिक दायित्व निभाएं, तो बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि सरकारें खासकर रोजी-रोटी, शांति-सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था जैसे जनहित की जिम्मेदारी पर ध्यान केंद्रित करें। यूपी के लोगों को पूरी तरह से आजमाई हुई पार्टी बीएसपी व उसके नेतृत्व पर फिर से भरोसा करना होगा।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 75183.36
निफ्टी 23654.70

सोना 159900 प्रति 10 ग्राम
चांदी 271974 प्रति किलो

## वैश्विक कारकों पर निर्भर करेगी बाजार की चाल

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों और उद्योग के आंकड़ों पर रहेगी। अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता को लेकर हर दिन अलग-अलग बयान आ रहे हैं। इससे बाजारों में भी उठा.पटक जारी है।

एक दिन शेयर बाजार चढ़ता है, अगले दिन फिसल जाता है और फिर अगले दिन चढ़ जाता है। घरेलू स्तर पर अप्रैल माह के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी सप्ताह के दौरान जारी होने हैं। इससे भी निवेश धारणा प्रभावित हो सकती है। दिग्गज कंपनियों में ओएनजीसी और इंडिगो के 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम जारी होने हैं। पिछले सप्ताह बीएसई के संसेक्स में सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को तेजी रही जबकि मंगलवार और गुरुवार गिरावट रही। सेंसेक्स 177.36 अंक (0.24 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त में बंद हुआ। सप्ताह के दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 75.80 अंक यानी 0.32 प्रतिशत ऊपर 23,719.30 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.19 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 0.41 प्रतिशत चढ़ा। आलोच्य सप्ताह में संसेक्स की 30 में स 15 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और अन्य 15 के लाल निशान में रहे। इंफोसिस में सबसे अधिक 5.01 प्रतिशत की तेजी देखी गई। ट्रेंट का शेयर 4.74 फीसदी, टेक महिंद्रा का 3.76, एक्सिस बैंक का 3.25, इंडिगो का 2.93, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 2.74, टीसीएस का 2.36 और बजाज फिनसर्व का 2.20 प्रतिशत चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक में 1.62 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.37 प्रतिशत और एशियन पेंट्स में 1.28 प्रतिशत की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी और इटरनल के शेयर भी ऊपर रहे। पावर ग्रिड का शेयर 3.76 प्रतिशत, टाटा स्टील का 3.51, हिंदुस्तान यूनीलि. वर का 3.04, आईटीसी का 2.50 और टाइटन का 2.10 प्रतिशत गिर गया।

### रिजर्व बैंक ने खरीदा 180 किलोग्राम सोना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने तीन अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 180 किलोग्राम सोना खरीदा, जिसका बाजार में वर्तमान मूल्य लगभग 261 करोड़ रुपये है। केंद्रीय बैंक के मई 2026 के बुलेटिन में बताया गया है कि उसके पास 24 अप्रैल को 880.52 टन सोना था, जो एक महीने पहले जारी रिपोर्ट के 880.34 टन से 180 किग्रा अधिक है। यह बढ़ोतरी तीन अप्रैल को समाप्त सप्ताह में दर्ज की गई थी। देश में इस समय सोना 1.45 लाख रुपये प्रति दस ग्राम या 1.45 करोड़ रुपये प्रति किलोग्राम के करीब है। इस प्रकार रिजर्व बैंक द्वारा खरीदे गए 180 किलोग्राम सोने की कीमत तकरीबन 261 करोड़ रुपये होती है। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति के बाद स्वर्ण भंडार दूसरा सबसे बड़ा घटक है।

## चावल, गेहूं, चीनी, तेल साप्ताहिक बढ़त में

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ गेहूं, चीनी, खाद्य तेलों और ज्यादातर दालों में भी तेजी रही। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 20 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,849 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गई। गेहूं 22 रुपये महंगा हुआ और 2,795 रुपये प्रति क्विटंल बोला गया। आटे का भाव भी 15 रुपये बढ़कर 3,272 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 43 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। उड़द दाल 39 रुपये और चना दाल 26 रुपये महंगी हो गई। मूंग दाल 10 रुपये मजबूत हुई।

वहीं मसूर दाल पांच रुपये प्रति क्विटंल फिसल गई। बीते सप्ताह मूंगफली तेल 190 रुपये और पाम ऑयल 161 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल की कीमत 107 रुपये और वनस्पति की 105 रुपये बढ़ी। सोया तेल 87 रुपये और सूरजमुखी तेल 26 रुपये प्रति क्विटंल की साप्ताहिक बढ़त में रहा। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 15 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। चीनी भी 19 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7694.25 रुपये, मसूर काली 8075.43 रुपये, मूंग दाल 10196.18 रुपये, उड़द दाल 10883.52 रुपये, तुअर दाल 11243.28 रुपये प्रति क्विटंल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2794.74 रुपये और चावल 3849.45 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3272.18 रुपये प्रति क्विटंल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4346.12 रुपये और गुड़ 5083.38 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
- HEALTH WITH CARE -
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## राहुल का बयान देश को अस्थिर करने वाली मानसिकता: भाजपा

नई दिल्ली, वार्ता



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने मोदी सरकार को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान को देश को अस्थिर करने के खतरनाक मंसूबों वाली मानसिकता का सरेआम प्रदर्शन करार दिया है।

गौरतलब है कि गांधी ने कांग्रेस की अल्पसंख्यक सलाहक. ार समिति की बैठक में दावा किया कि अगले एक साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदाई तय है और इसका कारण बढ़ती आर्थिक असंतोष होगी। उन्होंने कहा कि अगले एक साल में मोदी सरकार गिर जाएगी। गांधी के इस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए त्रिवेदी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि श्री गांधी का बयान महज राजनीतिक हताशा की अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि यह भारत को अस्थिर करने के खतरनाक मंसूबों वाली मानसिकता का सरेआम प्रदर्शन है। जब भी देश ने वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति मजबूत की है, भारत की अर्थव्यवस्था नई ऊंचाइयों पर पहुंची है और दुनिया ने भारत के नेतृत्व को सराहा है, तब-तब भारत-विरोधी अंतर्राष्ट्रीय ताकतों ने देश को बदनाम करने के अभियान चलाए हैं और कांग्रेस ने हमेशा उन्हें समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक चुनावों में गांधी की लगातार हार की वजह हालिया विधानसभा चुनावों के दौरान नाममात्र की रैलियां करना, उसी समय आराम से विदेश यात्राओं पर निकल जाना और बिना किसी मेहनत के चुनाव जीतने के सपने देखना है। भाजपा नेता ने कहा कि अब, कांग्रेस 'अराजकता की राजनीति' पर उतर आई है। विदेशी धरती से भारत की संस्थाओं को कटघरे में खड़ा करना, राष्ट्र-विरा. धी बातों को हवा देना और भारत में अस्थिरता की भविष्यवाणी करना ये महज संयोग नहीं हैं, बल्कि एक सोची-समझी 'टूलकिट पॉलिटिक्स' का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि देश के 1.4 अरब लोग प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एकजुट होकर खड़े हैं। भारत की राष्ट्रवादी जनता कांग्रेस और 'टूलकिट गैंग' की हर साजशि का लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब देती रहेगी और 'इंडिया गठबंधन' की भारत को आग में झोंकने की किसी भी साजशि को कभी कामयाब नहीं होने देगी।

## ईरान के पास कोई भी परमाणु हथियार नहीं: डा. इलाही

वाराणसी, वार्ता

- **सर्वोच्च नेता आयातुल्ला अली खामेनेई के प्रतिनिधि बोले: भारत के लोग न्याय और इंसाफ का सम्मान करने वाले**

ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला अली खामेनेई के प्रतिनिधि डा. अब्दुल मजीद हकीम इलाही शनिवार रात दरगाहे फातमान में खामेनेई की याद में आयोजित ताजियती जलसा व मजलिसे तहरीम (शोक सभा) में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। डा. इलाही ने कहा कि भारत के लोग न्याय और इंसाफ का सम्मान करने वाले हैं। वे हर मुश्किल घड़ी में सच के साथ खड़े रहते हैं।

भारत और ईरान का रिश्ता बहुत पुराना है। बनारस की मिसाल किसी नगीने से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि तीस वर्ष पहले ही हम साफ कर चुके थे कि हमारे पास कोई न्यूक्लियर हथियार नहीं है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया था कि हमें यह हथियार नहीं चाहिए। ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला अली खामेनेई ने फतवा भी दिया था, जिसमें उन्होंने न्यूक्लियर हथियार रखना हराम बताया है। हमारे पास कोई न्यूक्लियर बम नहीं है और भविष्य में इसे रखने का कोई विचार भी नहीं है। जब हमारे सर्वोच्च नेता ने फतवा दे दिया है, तो न्यूक्लियर हथियार बनाने का सवाल ही नहीं उठता।ष डा. इलाही काशी के इमानिया अरबी कॉलेज और दरगाह फातमान में आयोजित ताजियती जलसे में पहुंचे थे। उन्होंने ईरान का समर्थन देने के लिए भारतीयों को धन्यवाद दिया। आगे उन्होंने कहा कि ईरान की स्थिति अब पहले से बेहतर हो रही है। ईरान के लोग हालात से लड़ते हुए भी खुश हैं। उन्होंने जिस जज्बे और हिम्मत का प्रदर्शन किया है, उसे पूरी दुनिया ने देखा है। ईरान के लोग आश्वस्त हैं कि शांति एक दिन जरूर स्थापित होगी, क्योंकि हर नागरिक अपने देश के साथ हर परिस्थिति में खड़ा है। डा. इलाही ने हॉर्मुज स्ट्रेट को लेकर कहा कि 28 फरवरी 2026 के पहले तक हॉर्मुज स्ट्रेट हजारों वर्षों से खुला था। दुनिया के सभी देश इसका लाभ उठा रहे थे और किसी देश की कोई शिकायत नहीं थी। 28 फरवरी के बाद जो तनाव पैदा हुआ, उसके बारे में सभी को पता करना चाहिए कि यह संकट किसने और क्यों पैदा किया। ईरान ने कोई परेशानी नहीं पैदा की। ईरान सभी की सुरक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है। स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज मध्य पूर्व के साथ-साथ पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण जलडमरू है। उन्होंने कहा कि ईरान के लोग आर्थिक प्रतिबंधों का सामना करते हुए मानसिक रूप से पहले से तैयार हैं और आने वाले दस वर्षों के लिए अपनी मानसिक स्थिति को और मजबूत कर चुके हैं। काशी के बारे में डा. इलाही ने कहा कि काशी सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि आध्यात्मिकता, एकता और दर्शन का केंद्र है। हमारे यहां से भी बच्चे काशी हिदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में पढ़ने आते रहे हैं। भारत और ईरान का संबंध कोई नया नहीं, बल्कि हजारों वर्ष पुराना है।ष उन्होंने आगे कहा कि ईरान के लोग बहुत जल्द शांतिपूर्ण स्थिति की उम्मीद कर रहे हैं। वे अपनी स्वतंत्रता, अपनी भूमि और अपने देश के लिए खुद को बलिदान करने के लिए भी पूरी तरह तैयार हैं।

### 20 करोड़ से अधिक का हाइड्रोपोनिक गांजा पकड़ा गया, दो तस्कर गिरफ्तार

**वाराणसी।** लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शनिवार को राजस्व खुफिया निद. ेशालय (डीआरआई) और कस्टम विभाग की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया। इनके पास से करीब 20 किलो हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 20 करोड़ रुपये बताई जा रही है। दोनों आरोपियों की पहचान मध्य प्रदेश के उज्जैन निवासी शहनाज और यूसुफ के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स -215 से बैंकॉक से शाम करीब 5 बजे वाराणसी पहुंचे इन दोनों यात्रियों के सामान की जांच के दौरान संदिग्ध गति. विधियां दिखाई दीं। यात्रियों के चेहरे पर बेचैनी देखी गई।

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :38°C
न्यूनतम:22°C

लखनऊ, सोमवार 25 मई 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 198 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2083 7 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बिजली आपूर्ति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: योगी पेज 2



एमआई को हरा शान से प्ले ऑफ में पहुंची आरआर खेल टाइम्स



मीडिया: हमको आईना दिखाना है, दिखा देते हैं सम्पादकीय



ईरान का अमेरिका को यूरेनियम सौंपने से इन्कार पेज 12

# विदेश मंत्री जयशंकर की डोनाल्ड ट्रम्प को दो टूक

## कहा: अमेरिका अपने हितों से प्रेरित, तो भारत भी अपने राष्ट्रीय हितों से बंधा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को बेहद मजबूत तथा राष्ट्रीय हितों से प्रेरित बताते हुए कहा है कि दोनों देश आतंकवाद जैसी समान चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

इसके साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के इजरायल, ईरान और खाड़ी देशों के साथ भी अच्छे और मजबूत संबंध हैं तथा इस चुनौतीपूर्ण स्थिति में वह संतुलन बनाते हुए सभी के साथ संबंधों को महत्व देता है। श्री जयशंकर ने साफ शब्दों में कहा कि ऊर्जा आपूर्ति के मामले में भारत सस्ते और भरोसेमंद ऊर्जा स्रोतों को प्राथमिकता देता है। भारत यात्रा पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ रविवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में श्री जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच राजनीतिक समझ के संदर्भ में एक रणनीतिक साझेदारी है, जो कई क्षेत्रों में राष्ट्रीय हितों की समानता पर आधारित है। लेकिन ट्रम्प प्रशासन ने अपनी विदेश नीति के दृष्टिकोण को 'अमेरिका फर्स्ट' के रूप में बहुत स्पष्टता से सामने रखा है। वहीं जहां तक भारत का संबंध है, हमारा दृष्टिकोण 'इंडिया फर्स्ट' का है। इसलिए हम दोनों स्पष्ट रूप से अपने-अपने राष्ट्रीय हितों से प्रेरित हैं।



- **दोनों देश आतंकवाद जैसी समान चुनौतियों का सामना कर रहे : एस. जयशंकर**
- **भारत के इजरायल, ईरान और खाड़ी देशों के साथ भी अच्छे और मजबूत संबंध**

### अमेरिका से 47 हजार अरब से अधिक का सामान खरीदेगा भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की भारत यात्रा को दुनिया की राजनीति में एक बहुत बड़ा कदम माना जा रहा है। दक्षिण एशिया मामलों के जानकार माइकल कुगेलमैन ने इस दौरे को बेहद खास बताया है। उन्होंने कहा कि रुबियो का क्वाड बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत आना यह साफ दिखाता है कि ट्रम्प सरकार इस संगठन को लेकर गंभीर है और इसे आगे बढ़ाना चाहती है। कुगेलमैन ने बातचीत में कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्तों के लिए यह एक बड़ा मौका है। बहुत दिनों के बाद मार्को रुबियो जैसा कोई बड़ा अमेरिकी अधिकारी भारत आया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस दौरे के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प खुद इस साल के अंत में होने वाली बड़ी बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत आ सकते हैं। कुगेलमैन के मुताबिक, मार्को रुबियो ने भारत को इस पूरे समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा और अमेरिका के साथ दोस्ती का सबसे मजबूत स्तंभ बताया है। अब देखना यह होगा कि आने वाले दिनों में अमेरिकी सरकार भारत को और ज्यादा मजबूत करने के लिए क्या नए कदम उठाती है। इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और अपनी टीम की तारीफ की।

### भारत के नए 'टॉप गन' तैयार, 48 हफ्ते का प्रशिक्षण पूरा

**बेंगलुरु।** रक्षा विमानन जगत की किसी रोमांचक कहानी जैसे माहौल के बीच भारत ने चुपचाप अपने अगली पीढ़ी के विशिष्ट परीक्षण पायलटों और फ्लाइट टेस्ट इंजीनियरों को तैयार कर लिया है। यही वे अधिकारी हैं जो भविष्य के लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों और एयरोस्पेस प्रणालियों के वास्तविक प्रदर्शन का आकलन करेंगे। बेंगलुरु स्थित एयर फोर्स टेस्ट पायलट स्कूल में भारतीय वायुसेना, थल सेना और नौसेना के 17 अधिकारियों ने 48 सप्ताह का अत्यंत कठिन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध संबंधों के शक में युवक ने की पिता और पत्नी की हत्या

**बुलन्दशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर जनपद में अवैध संबंधों के शक में एक युवक द्वारा अपने पिता और पत्नी को गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्यारे पुत्र को हिरासत में ले लेकर दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि रविवार अपराह्न साढ़े बारह बजे खुर्जा नगर क्षेत्र के गांव कलंदरगढ़ी निवासी मुबीन नामक व्यक्ति ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से अपनी पत्नी सना और पिता रियाजुद्दीन को गोली मार दी। पिता रियाजुद्दीन की दो गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पत्नी सना को पुलिस ने खुर्जा स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।

### चिलचिलाती धूप में पीआरडी जवान की मौत

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश में आसमान से बरसती आग और भीषण हीटवेव ने अब जान लेना शुरू कर दिया है। मुरादाबाद में रविवार को चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों के बीच ड्यूटी पर तैनात एक प्रांतीय रक्षा दल (पीआरडी) जवान की मौत हो गई। मुरादाबाद ब्लॉक निवासी 45 वर्षीय पीआरडी जवान किशन स्वरूप सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मधुबनी चौराहे पर सुबह 6 बजे से यातायात व्यवस्था संभाल रहे थे। दोपहर के समय प्रचंड गर्मी के कारण उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां ईएमओ डा. जुनैद खान के नेतृत्व में चिकित्सकों ने सीपीआर देकर उन्हें बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन जवान को बचाया नहीं जा सका।

### नोएडा में एक परिवार पर हमला महिला की मौत

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में नोएडा के फेस-वन थाना क्षेत्र के सेक्टर-5 में शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां छत पर सो रहे एक परिवार पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। हमले में परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें उपचार के दौरान एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान संजू देवी की मौत हो गई, जबकि सुरेंद्र शर्मा और उनकी दोनों बेटियों का इलाज जारी है। डाक्टरों के मुताबिक तीनों की हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है।

### आतंकी ठिकाने को किया नेस्तनाबूद, विस्फोटक बरामद

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने कश्मीर में बारामूला जिले में एक आतंकवादी ठिकाने को नष्ट कर वहां से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए हैं। सूत्रों ने बताया कि बारामूला पुलिस ने शनिवार को शहर के चंदूसा के निलसार कंडी इलाके में संयुक्त आतंकवाद-विरोधी अभियान में इस ठिकाने को नेस्तनाबूद कर दिया।

# अमेरिका में 15 हजार भारतीयों की छंटनी, नई जॉब नहीं मिलेगी

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका में** 15 हजार भारतीय टेक कर्मियों की नौकरी जाने के बाद उनके सामने संकट खड़ा हो गया है। अब उनपर डिपोर्टेशन का खतरा मंडरा रहा है। दरअसल, ये सभी एच-1बी वीजा पर अमेरिका गए थे, लेकिन छंटनी के बाद इनके पास नई नौकरी ढूंढ़ने व वीजा स्टेटस बचाने के लिए सीमित समय बचा है।

नियमों के तहत नौकरी जाने के बाद इन्हें 60 दिनों में नई नौकरी खोजनी होगी। इस दौरान नया एम्प्लायर या स्पॉन्सर नहीं मिला, तो अमेरिका छोड़ना पड़ेगा। बीते दिनों मेटा, अमेजन और ओरेकल जैसी बड़ी टेक कंपनियों में करीब 50 हजार लोगों की छंटनी और रिस्ट्रक्चरिंग हुई है। इनमें 15 हजार से ज्यादा भारतीय हैं। पहले नौकरी जाने पर टेक कर्मियों को जल्दी नया मौका मिलता था, पर अब इंटरव्यू लंबा खिंच रहा है। कंपनियां वीजा स्पॉन्सर करने से बच रही हैं और ट्रम्प की नई नीतियों के चलते उनके पास वीजा कोटा भी कम है। ट्रम्प प्रशासन की सख्त इमिग्रेशन नीति ने भी डर को बढ़ाया है। छोटी गलती, दस्तावेजों की कमी या वीजा नियमों में चूक भी खतरा बन रही है। अब नौकरी जाने पर उसी सेक्टर और उसी स्तर व सैलरी ब्रैकेट की नौकरी मिलनी चाहिए। यानी सॉफ्टवेयर इंजीनियर होटल में शेफ बनकर एच-1बी स्टेटस नहीं बचा सकता। अब कंपनी को भी ज्यादा दस्तावेज देने पड़ रहे हैं। उन्हें बताना पड़ रहा है कि इस पद के लिए अमेरिकी क्यों नहीं मिला। ट्रम्प प्रशासन ने ग्रीन कार्ड प्रक्रिया सख्त कर दी है। आवेदक को अपने देश जाकर आवेदन करना होगा। अभी अमेरिका में रहते हुए 'एडजस्टमेंट आफ स्टेटस' से ग्रीन कार्ड मिलता था। एच-1बी जैसे अस्थायी वीजा पर काम कर रहे भारतीयों पर बड़ा असर पड़ेगा। 5 साल में 49.97 लाख ग्रीन कार्ड जारी। इनमें 29.32 लाख अमेरिका में रहते हुए व 20.63 लाख होम कंट्री में रहते हुए आवेदन करने वालों को मिले। 2014 से 2023 के बीच कुल 7.26 लाख भारतीयों को ग्रीन कार्ड मिला। नई नीति में भारत जाकर कांसुलेट से प्रक्रिया करनी पड़ेगी।




- **एच-1बी वीजा पर भारतीय गए थे अमेरिका, ट्रम्प के सख्त नियम से बना डिपोर्ट होने का खतरा**

### भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी पर अमेरिकी विदेश मंत्री निराश

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणियों और भेदभाव के सवाल पर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान पूरे अमेरिकी समाज का प्रतिनिधित्व नहीं करते। नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में रुबियो से अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लवाद की घटनाओं पर सवाल पूछा गया था। इस पर उन्होंने कहा कि हर देश में कुछ बेवकूफ लोग होते हैं, जो ऑनलाइन या फिर सरेआम आपत्तिजनक बातें करते हैं, लेकिन इससे किसी देश की असली पहचान तय नहीं होती।

# बलूचिस्तान में रेलवे ट्रैक के पास आत्मघाती हमला, 24 की मौत

## 82 लोग घायल, जाफर एक्सप्रेस के कई डिब्बे पटरी से उतरे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा में रविवार को एक आत्मघाती हमले में 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि 82 घायल हैं। यह हादसा एक रेलवे ट्रैक के नजदीक हुआ, जिसके चपेट में जाफर एक्सप्रेस आ गई। ट्रेन क्वेटा कैंट की ओर जा रही थी। विस्फोट इतना जोरदार था कि ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए और इलाके में अफरा-तफरी मच गई। धमाके के बाद रेलवे ट्रैक के पास आग लग गई।

फायर ब्रिगेड, पुलिस, रेस्क्यू टीम और सुरक्षा बल तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव ऑपरेशन शुरू किया गया। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के असर से आसपास की इमारतों की खिड़कियों के शीशे भी टूट गए। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और धमाके की वजह का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। बलूचिस्तान सरकार के गृह मामलों के विशेष सहायक बाबर यूसुफजई ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है और सभी सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने लोगों से घटनास्थल के आसपास भीड़ न लगाने की अपील की। फिलहाल किसी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां इसे आतंकवादी हमला मानकर जांच कर रही हैं। जाफर एक्सप्रेस पाकिस्तान रेलवे की एक लंबी दूरी की प्रमुख पैसेंजर ट्रेन है। यह ट्रेन बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा को पाकिस्तान के बड़े शहरों से जोड़ती है। यह बलूचिस्तान समेत कई संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरती है।



- **धमाके के बाद रेलवे ट्रैक के पास लगी आग आसपास की इमारतों की खिड़कियों के शीशे भी टूटे**

# बंगाल के फालता में पहली बार जीती भाजपा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की फालता सीट पर रविवार को आए चुनावी नतीजे में भाजपा को जीत मिली। बीजेपी उम्मीदवार देबांग्शु पांडा ने 1 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत हासिल की।

उन्हें 1.49 लाख से ज्यादा वोट मिले। सीपीआईएम के उम्मीदवार शंभूनाथ कुर्मी 40 हजार वोट के साथ दूसरे नंबर पर रहे। वहीं चुनाव से पीछे हटने वाले टीएमसी के जहांगीर चौथे नंबर पर रहे। फालता में 74 साल के इतिहास में भाजपा ने पहली बार जीत हासिल की है। 1952 से 2006 तक यह कांग्रेस और सीपीआईएम का गढ़ था। 2011 के बाद लगातार तीन बार टीएमसी जीती थी। फालता में जीत के साथ भाजपा की बंगाल में कुल सीटें 208 हो गईं हैं।

- **सीपीआई-एम कैंडिडेट को एक लाख वोटों से हराया**

# कर्नाटक में नीट छात्रा ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के कलबुर्गी में 18 साल की नीट छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा की पहचान भाग्यश्री के रूप में हुई है। उसने नीट-पीजी की परीक्षा दी थी। पुलिस के मुताबिक, मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

छात्रा के पिता राजशेखर ने बताया कि परिवार में किसी तरह की परेशानी नहीं थी और बेटी पढ़ाई में काफी अच्छी थी। भाग्यश्री ने हाल ही में 12वीं परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक हासिल किए थे और नीट परीक्षा भी अच्छी गई थी। नीट-पीजी परीक्षा देश भर में 3 मई को आयोजित की गई थी। हालांकि, पेपर लीक के आरोपों के बाद 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने दोबारा परीक्षा 21 जून को कराने की घोषणा की है। परीक्षा रद्द होने के बाद पिछले 12 दिनों में 5 स्टूडेंट्स जान दे चुके हैं। इधर, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जब तक धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा नहीं होता और नीट जैसे पेपर लीक रोकने के लिए फूलप्रूफ सिस्टम नहीं बनता, हम चैन से नहीं बैठेंगे। 13 मई को गोवा के मडगांव में एक लड़के ने सुसाइड कर लिया था। उसने नीट परीक्षा दी थी। सुसाइड नोट में उसने लिखा था कि वह अब कॉम्पिटिशन एग्जाम में हिस्सा नहीं लेना चाहता।

- **12 दिनों में 5 छात्रों ने जान दी**
- **राहुल बोले- धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तक चैन से नहीं बैठेंगे**

# यूपी के छह शहरों में 48 डिग्री तापमान

**नई दिल्ली।** दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों में रविवार को भारत के 97 शहर शामिल हैं। एक प्राइवेट एजेंसी के मुताबिक टॉप 10 सबसे गर्म शहरों में यूपी के 6 शहर हैं, जहां दोपहर 2 बजे 48 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। इनमें प्रयागराज सबसे ऊपर रहा। यूपी, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, बिहार, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तराखंड, हरियाणा और महाराष्ट्र के 37 शहरों में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 26 और 27 मई को तापमान और बढ़ सकता है। इससे पहले शनिवार को महाराष्ट्र का ब्रह्मपुरी 47.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ लगातार दूसरे दिन देश में सबसे गर्म शहर रहा। मौसम विभाग ने तेलंगाना के हैदराबाद, रंगारेड्डी, करीमनगर, खम्मम, नलगोंडा, सूर्यपेट, मुलुगु, महबूबनगर में 26 मई तक हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। लोगों को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। उत्तराखंड के चमोली में बद्रीनाथ धाम के पास रविवार सुबह कंचन गंगा में ग्लेशियर टूट गया। कुबेर पर्वत की तरफ से अचानक सफेद धूल और बर्फ का बड़ा गुबार उठता दिखा। इसके बाद पत्थर और मलबा तेजी से नीचे आता नजर आया। घटना का वीडियो भी सामने आया है। राहत की बात यह रही कि मलबा सड़क या आबादी वाले हिस्से तक नहीं पहुंचा। प्रशासन के अनुसार, चारधाम यात्रा, बद्रीनाथ हाईवे और स्थानीय जनजीवन पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है।



- **विश्व के 100 सबसे गर्म शहरों में 97 भारत के**

# कॉकरोच जनता पार्टी के इंस्टाग्राम अकाउंट का कंट्रोल वापस मिला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने रविवार को दावा किया कि उनके इंस्टाग्राम अकाउंट का कंट्रोल वापस मिल गया है।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट कर लिखा कि हम वापस आ गए हैं, तुम भूल गए थे कि हम जिंदा रहने के लिए क्या कर सकते हैं। पोस्ट के साथ उन्होंने कॉकरोच की इमेज भी शेयर की। इससे पहले शनिवार को उन्होंने दावा किया था कि उनकी पार्टी और पर्सनल अकाउंट को हैक किया गया है। वहीं, दीपके ने रविवार को एक्स पर फॉलोअर्स डेटा शेयर कर बताया कि उनके 94 फीसदी से ज्यादा फॉलोअर्स भारत से हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू से सवाल किया कि भारतीय युवाओं को पाकिस्तानी क्यों कहा जा रहा है। दरअसल, रिजिजू ने एक्स पर बिना किसी का नाम लिखे पोस्ट कर लिखा था कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर पाकिस्तान और जॉर्ज सोरोस गिरोह से फॉलोअर्स जुटाते हैं, जबकि भारत में ही पर्याप्त युवा मौजूद हैं। भारत-विरोधी गिरोह से मदद लेने की कोई जरूरत नहीं है। इससे पहले शनिवार को अभिजीत ने बताया था कि उनकी पार्टी की वेबसाइट बंद कर दी गई है। दीपके ने दोपहर 1.14 बजे एक्स पर कहा था कि सरकार ने हमारी वेबसाइट बंद कर दी है। उस पर 10 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। 6 लाख लोगों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग वाली याचिका पर साइन किए थे। हालांकि यह वेबसाइट अभी बंद है। इसे खोलने पर 'दिस साइट कान्ट बी रीच्ड' का मैसेज फ्लैश हो रहा है। अकाउंट के हैक होने के बाद भी इंस्टाग्राम पर कॉकरोच जनता पार्टी के फॉलोअर्स लगातार बढ़े। रविवार दोपहर तक यह आंकड़ा 2.27 करोड़ पहुंच गया है। वहीं एक्स पर फाउंडर अभिजीत के ही अकेले 2.18 लाख से ज्यादा फॉलोअर हो गए हैं।




- **फाउंडर ने फॉलोअर्स का डेटा शेयर कर पूछा- इनमें 94 प्रतिशत भारतीय, रिजिजू इन्हें पाकिस्तानी क्यों बता रहे**

CMYK

# दो स्थानों पर हुई मारपीट में दम्पत्ति समेत तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं में दम्पत्ति समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव आजादपुर माफी निवासी सतवीर सिंह अपनी पत्नी बबीता के साथ खेत से काम करके घर वापस जा रहे थे। जैसे ही वे घर के सामने पहुंचे तभी गांव के ही शिव कुमार ने अपने पुत्रों सचिन व दुष्यंत के साथ

### पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके शुरू की कार्रवाई

मिलकर बबीता और सतवीर सिंह के साथ लाठी डंडो से मारपीट करके घायल कर दिया। वहीं झगड़े की दूसरी घटना थाना क्षेत्र के गांव कटाई में हुई। यहां पर फैयाज के साथ गांव निवासी गजनफर, अजहर, तारिक व शमीम ने रास्ते में रोककर मारपीट करके घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों घटनाओं की प्राथमिकी दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गंगा दशहरा आज, स्नान को उमड़ेंगे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए और हाइवे को जाम से मुक्त रखने के लिए पुलिस द्वारा हाइवे पर भारी

### पुलिस की रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

वाहनों का रुट डायवर्जन रविवार की शाम से प्रारम्भ हो गया। केवल रोडवेज बसें, कार श्रद्धालुओं के वाहनों को आने जाने की अनुमति रहेगी, जबकि सोमवार की शाम तक भारी वाहनों को बदले हुए मार्गों से चलाया जायेगा। वहीं श्रद्धालुओं




की काफी ज्यादा भीड़ उमड़ने के कारण ब्रजघाट और तिगरी दोनों ही स्थानों पर पुलिस और यातायात विभाग के जवान पर्याप्त मात्रा में तैनात रहेंगे। बता दें कि गंगा दहशरे का पौराणिक रूप से विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता है कि इसी दिन महात्मा भागीरथ अपनी तपस्या के बाद गंगा को धरती पर लेकर आये थे। इसीलिए गंगा दशहरे पर स्नान करने के लिए आसपास के जनपदों और राज्यों के श्रद्धालु पहुँचते हैं। गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए और हाइवे को जाम से मुक्त रखने के लिए पुलिस द्वारा हाइवे पर भारी वाहनों का रुट डायवर्जन रविवार की शाम से प्रारम्भ हो गया था, प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के आवागमन को सुलभ बनाने के लिए अतिरिक्त रोडवेज की बसें भी चलाई गईं हैं।

# हाइवे पर हादसे में व्यक्ति की मौत

## सड़क पार करते समय बाइक ने मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** हाईवे पर एक बाइक की टक्कर से पैदल सड़क पार कर रहे व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लिया तो वहीं घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार रविवार की शाम करीब 8:00 बजे मुरादाबाद दिशा की तरफ से एक बाइक सवार मोटरसाइकिल लेकर आ रहा था, उधर एक व्यक्ति दिल्ली दिशा से आई बस से उतरकर सड़क पार कर रहा था। तेज रफ्तार बाइक ने व्यक्ति को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि सड़क पार कर रहे व्यक्ति की मौके पर की मौत हो गई जबकि बाइक सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को कर के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं कुछ देर बाद मृतक की शिनाख्त नगर के एमडीए कॉलोनी निवासी नवनीत के रूप में हुई। बताते हैं कि एमडीए कॉलोनी में उनके मकान का निर्माण चल रहा था।

# अधिकारियों के आश्वासन पर माने किसान

## भाकियू संयुक्त मोर्चा ने लगाया औद्योगिक इकाईयों पर प्रदुषण फैलाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा द्वारा नाईपुरा में आयोजित महापंचायत में किसानों ने औद्योगिक इकाईयों द्वारा फैलाये जा रहे प्रदूषण से प्रदूषित हो चुके भूजल और पर्यावरण के प्रति चिंता व्यक्त की। किसानों ने शासन प्रशासन से प्रदूषण फैलाने वाली इकाईयों के विरूद्ध कारवाई की मांग की। महाप. ंचायत में उपजिलाधिकारी और अन्य अधिकारों के आश्वासन पर किसान संतुष्ट हुए और अपने घरों को रवाना हुए।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भाकियू ने नाईपुरा में पुल के नीचे पंचायत प्रारम्भ की। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि ,



औद्योगिक इकाईयों द्वारा फैलाये जा रहे प्रदूषण से भूजल और पर्यावरण बुरी तरह से प्रभावित है। जनमानस के साथ मवेशी, वनस्पति और मृदा भी हानिकारक प्रदूषण से प्रभावित है। प्रदूषित पानी पीने से लोग गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं। किसानों की समस्याओं को सुनते हुए मंडी धनौरा के उप-जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर पानी की समस्या को दूर कर दिया जाएगा एवं वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर लगातार मुहल्ला नाईपुरा-बुद्ध नगर में टैंकों के माध्यम से पानी की सप्लाई की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार ने मिट्टी की रिपोर्ट सार्वजनिक करके किसानों को समझाया।जिसके बाद किसान शांत हुए। सभा की अध्यक्षता ने गंगाराम सिंह ने कि एवं संचालन अल्पसंख्यल प्रदेशाध्यक्ष इकबाल सैफी ने किया इस मौके पर सुरेंद्र सिंह, जसवीर सिंह, सुधीर कुमार, अरुण सिद्धू, रामकृष्ण चौहान, चंद्रपाल सिंह, ओमपाल सिंह, ओम प्रकाश सिंह, डॉ.डीएस हर्ष, फुरकान अली, साबिर अली, चरण सिंह, सोमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# गन्ना सर्वे व भुगतान को लेकर भाकियू का हल्ला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भारतीय किसान यूनियन (असली) की मासिक पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जोरदार चर्चा हुई। पंचायत में गन्ना सर्वे, चीनी मिल भुगतान, डेयरी संचालकों की कार्यप्रणाली और बिजली व्यवस्था को लेकर किसानों ने नाराजगी जताई।

पंचायत को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष जगदीश सिंह यादव और मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने कहा कि कंजर बसेड़ा क्षेत्र में गन्ना वैरायटी 13231 को जबरन सामान्य प्रजाति में सर्वे करने का दबाव बनाया जा रहा है। इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि 05009 गन्ना वैरायटी का सर्वे अगेती प्रजाति में ही किया जाए और 05011 बताकर सर्वे करने की को.

## 15 जून तक बकाया न मिला तो होगा आंदोलन



शिश तुरंत बंद हो। किसान नेताओं ने वेव शुगर्स पर किसानों का गन्ना भुगतान लंबित रखने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 15 जून तक पूरा बकाया भुगतान नहीं हुआ तो संगठन बड़ा आंदोलन करेगा। साथ ही मांग की गई कि पिछले वर्षों में अतिरिक्त प्रभारियों द्वारा कराई गई बुवाई को सामान्य प्रजाति में दर्ज न किया जाए। उमंग डेयरी गजरौला पर भी किसानों ने नाराजगी जताई। आरोप लगाया गया कि डेयरी की ओर से दुग्ध वाहन मालिकों पर जबरन खल खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है, जिससे पशुपाल. कों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने इस व्यवस्था को तुरंत बंद करने की मांग की।पंचायत में जिला सहकारी बैंकों द्वारा तीन प्रतिशत ब्याज लेने के आदेश मिलने पर किसानों ने खुशी जताई। इस दौरान जिला प्रवक्ता नरेश सिंह कुआंखेड़ा, जसपाल उर्फ सोनू गिल, खचेडू सिंह, देशराज सिंह पालनपुर, सुरेंद्र सिंह, सुरेश यादव, अनवार अली, पुष्पेंद्र सिंह, राकेश भाटी, श्यामबली यादव, जन्म सिंह, गंगासरन सैनी, नरेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह और काविंदर सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# घर में घुसकर सो रहे होमगार्ड पर हमला

## बचाने आयी भाभी को भी किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** पुरानी रंजिश में घर में घुसकर युवक पर हमला कर उसे घायल कर दिया। जबकि उसे बचाने दौड़ी भाभी को भी दबंगों ने पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम फूलपुर निवासी सेवानिवृत्ति होमगार्ड महीपाल पुत्र बहोडी ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब 12 बजे वह अपने घर में सो रहा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही पान सिंह पुत्र गज्जन सिंह, विवेक पुत्र पान सिंह, सुमित पुत्र महेश, वीना पत्नी महेश तथा सोनम पत्नी महेश उसके घर में जबरन घुस आए। आरो.



पियों ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर लाठी-डंडों तथा लोहे के सरियों से हमला बोल दिया। शोर-शराबा सुनकर बचाने पहुंची उसकी भाभी वीरवती पत्नी बल्लू सिंह पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया। आरोप है कि वीरवती के हाथ और अंगूठे पर चाकू से वार किया गया, जिससे वह घायल हो गईं। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने को पुलिस को तहरीर दी है।

# नोएडा के मोहम्मद अली बने चैम्पियन

## नदीम को मिला मसल्समैन का खिताब



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सैकेंड महबूब क्लासिक मेंन फिजीक बॉडी बिल्डिंग एसोसिशन चौंपियन शिप 23 चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब नोएडा के मोहम्मद अली जबकि मसल्स मैन ऑफ अप इंटर स्टेट का खिताब मुरादाबाद के मोहम्मद नदीम ने अपने नाम कर लिया।

शनिवार की रात आईएम इंटर कॉलेज में यूपी फिटनेस बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अंतर्गत बॉडी बिल्डिंग चौंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें यूपी और उत्तराखंड के 100 एथलीट्स ने अलग अलग केटेगरी में भाग लिया। चैंपियनशिप का उद्घाटन सदर विधायक महबूब अली ने हरी झंडी दिखाकर किया। जिसमे चैंपियन ऑफ चैंपियनशिप का खिताब नोएडा के मोहम्मद अली ने अपने नाम कर लिया जिन्हें 21000 की धनराशि दी गई। जबकि मसल्स ऑफ अप इंटर स्टेट का खिताब मुरादाबाद के मोहम्मद नदीम के नाम रहा। जिन्हें 15000 की राशि दी गई। मेन फिजिक में उत्तराखंड के कल्पित विष्ट चौंपियन बने। उन्हें 11000 की पुरस्कार राशि दी गई। मोस्ट इम्प्रूव्ड चैंपियन का खिताब उत्तराखंड के नरेश ने हासिल किया। उन्हें 11000 की राशि दी गई। जबकि बेस्ट पोजर का खिताब नोएडा के सद्दाम के नाम रहा। जूनियर बॉडी बिल्डिंग में मेरठ के ललित प्रथम रहे और क्लासिक बॉडी बिल्डिंग में मोहम्मद अली प्रथम, नदीम दूसरे, नरेश तीसरे, सद्दाम चौथे जबकि मेरठ के दानिश खान पांचवें स्थान पर रहे। चैंपियन को 5 हजार राशि इनाम दी गई। फ्रेशर बॉडी बिल्डिंग में मुरादाबाद जाबिर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विधायक महबूब अली, परवेज अली ने विजयी खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर आयोजक हाजी इकरार अंसारी, महासचिव अल्ताफ अलताफ अहमद, डॉ.मजमून नबी आदि मौजूद रहे। निर्णयक मंडल में शिव राम थापा, रजिंदर प्रसाद, मोहम्मद सलीम, अलीमुद्दीन, शाहनवाज सिद्दीकी, दीपक कुमार मौजूद रहे।

# मुकदमा दर्ज कराने पर दी हत्या की धमकी

## कॉल रिकार्डिंग के आधार पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** मोबाइल से कॉल कर जान से मारने की धमकी देने वाले के खिलाफ पुलिस ने कॉल रिकार्डिंग के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र के गांव गालिबबाड़ा निवासी शिवम की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक वह एक्सप्रेसबेस कंपनी में मैनेजर थे। इसके बाद कंपनी अधिकारियों ने उनके स्थान पर अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव बुढ़ेरना निवासी युवक मंजीत को मैनेजर बना दिया था। ज्वाइनिंग के दौरान आदेश दिखाने को लेकर शिवम व मंजीत के बीच तकरार हो गई थी तथा देखते ही देखते नौबत मारपीट तक पहुंच गई थी। घटना के बाद पीड़ित शिवम ने नगर कोतवाली में तहरीर देते हुए आरोपी मंजीत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। आरोप है कि बीती 22 मई की दोपहर 12:37 बजे आरोपी मंजीत ने उन्हें कॉल किया और गालियां देनी शुरू कर दी। शिवम ने जब विरोध किया तो कहा कि मैं अब जिंदा नहीं छोडूंगा तुझे जान से मार दूंगा। पूरी कॉल रिकॉर्ड हो गई। धमकी के बाद शिवम कुमार सहम गया और तुरंत नगर कोतवाली पहुंचकर जान का खतरा जताते हुए पुलिस को तहरीर दे दी, सुबूत में कॉल रिकॉर्डिंग भी सुनाई। सीओ सिटी अभिषेक कुमार ने बताया कि मामला दोनों पक्षों के बीच मुक. दमेबाजी से जुड़ा है।

# भाकियू अम्बेडकर के कार्यकर्ताओं को किया अरेस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन देने की भनक लगते ही भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर राष्ट्रीय अध्यक्ष को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया।

रविवार को बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में यूनियन ने मुरादाबाद और अमरोहा के सरकारी व निजी अस्पतालों में चल रहे मौत के व्यापार का कच्चा चिट्ठा खोलने के लिए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को ज्ञापन सौंपना था। ज्ञापन में लगाये गये आरोप रोंगटे खड़े कर देने वाले थे। यूनियन का दावा है कि छोटे अस्पतालों में बड़े डॉक्टरों के नाम पर डिग्री टांगी जाती है। लेकिन असल में

## डिप्टी सीएम को ज्ञापन सौंपने जा रहे थे



ऑपरेशन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी वार्ड बॉय/स्वीपर कर रहे हैं। भाकियू ने मांग की है कि ओटी के दरवाजों पर पारदर्शी शीशा लगाया जाये ताकि जनता देख सके कि अंदर डॉक्टर है या कोई कसाई है। मुरादाबाद स्वास्थ्य विभाग में एक ही अधिकारी के 12 वर्षों से जमे होने पर सवाल उठाते हुए इसे स्थानांतरण नीति की हत्या बताया गया है। वहीं, कालाखेड़ा मिल में हुए करोड़ों के घोटाले और डॉक्टरों द्वारा जेनेरिक दवाओं के बजाये कमीशन वाली ब्रांडेड दवाओं के खेल पर भी तीखा प्रहार किया गया है। दस साल से जमे मठाधीश अधिकारियों का तत्काल तबादला किया जाये। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को ज्ञापन दिये जाने की भनक लगते ही तहसीलदार व कोतवाल राज. ेश कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ दिग्विजय भाटी के आवास पर पहुंच गये तथा उन्हें कार्यकर्ताओं के साथ हाउस अरेस्ट कर लिया। इस अवसर पर रिहान, गोलू, मोंटी गुर्जर, कपिल गुर्जर, सोनू गुर्जर, मेवाराम, रूम सिंह खड़गवंशी, मुखिया, शुभम सागर, नन्हे, सूरजपाल, जयकरन सिंह, जाफर रजा, कुलदीप भारती आदि मौजूद थे।

## खरबूजे को लेकर दो पक्षों में मारपीट, महिला घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के मुबारकपुर नूरी गांव में खरबूजे को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गईद्य जिसमें महिला घायल हो गई। पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है।गांव निवासी कौशर अली ने बताया कि रविवार दोपहर वह अपने बड़े भाई भूरा के साथ परिवार सहित बैठे हुए थे। इसी दौरान भूरा ने उनके बेटे अरशद से घर में रखे खरबूजे लाने के लिए कहा। आरोप है कि खरबूजा लेकर लौटते समय भूरा की पुत्रवधू शवनूर ने अरशद के साथ गाली-गलौज कर दी।अरशद द्वारा घर आकर जानकारी देने पर कौशर अली अपनी पत्नी शहनाज के साथ शिकायत करने पहुंचे। आरोप है कि वहां भूरा के पुत्र शाहरुख, पुत्रवधू शवनूर तथा देवर मुहम्मद हुसैन ने दोनों के साथ मारपीट कर दी। घटना में शहनाज घायल हो गई।पीड़ित दंपति ने थाने पहुंचकर आरोपितों के विरुद्ध गाली-गलौज और मारपीट की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कुत्तों के हमले में घायल नीलगाय का रेस्क्यू

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** बछरायूं क्षेत्र के गांव मलेशिया में रविवार सुबह आवारा कुत्तों के हमले में एक नीलगाय घायल हो गई। खेतों में काम कर रहे युवक अतुल कुमार और विशाल शर्मा ने साहस दिखाते हुए कुत्तों को भगाकर नीलगाय को बचाया। सूचना पर डायल 112 पुलिस और ग्राम प्रधान हरीश कुमार यादव मौके पर पहुंचे। बाद में वन विभाग की टीम ने घायल नीलगाय का रेस्क्यू कर उपचार के लिए अपने साथ ले गई। ग्रामीणों ने युवकों की तत्परता की सराहना की।

## डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम डीसीएम की टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अमरोहा के ओर्थो मेक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है।डिडौली गांव निवासी चन्द्रपाल सिंह सैनी व धर्मवीर सिंह सैनी नल मिस्त्री का कार्य करते हैं। बताया गया कि शनिवार देर शाम दोनों बाइक से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक पूरनपुर और डिडौली के बीच सत्संग भवन के पास पहुंची, तभी डिडौली की ओर जा रही एक डीसीएम वाहन की साइड लगने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में दोनों युवक घायल हो गए।घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर स्वजन मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को उपचार के लिए अमरोहा स्थित ओर्थो मेक्स अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है।

## बच्चों में जोश भरने को होगी दौड़ प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** क्षेत्र में बच्चों को खेलों के प्रति जागरूक करने और उनकी शारीरिक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से भगता भारत एनजीओ की ओर से रविवार सुबह दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन पूर्व सैनिक धर्मेंद्र सिंह ने कराया, जबकि पूर्व सैनिक सुभाष ने सहयोग किया। दौड़ में आसपास के कई बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मेडल मिलने पर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। पूर्व सैनिक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि बच्चों में शारीरिक और बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए यह पहल की गई है।

## इंतजार कांग्रेस सोशल मीडिया के प्रदेश सचिव मनोनित

**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया विभाग प्रदेश सचिव इंतजार मेहदी नकवी को दोबारा प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। इस मनोनयन पर रविवार को हर्ष व्यक्त करते हुए इंतजार मेहदी नकवी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि मुझ पर दोबारा भरोसा जताने के लिए मैं प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, सोशल मीडिया विभाग की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी सिंह और भाई जिशान हैदर सहित अपने सभी मित्रों व भाइयों का हृदय से धन्यवाद करता हूँ। उन्होंने संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही नकवी ने सोशल मीडिया विभाग के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जय कांग्रेस-विजय कांग्रेस के नारों के साथ खुशी का इजहार किया।

# पंचायत में नहीं सुलझा विवाहिता की मौत का मामला

## पुलिस ने पति को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव भूबरा में विवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला दो दिन तक पंचायतों में उलझा रहा, लेकिन समझौता नहीं होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

संभल जिले के बहजोई थाना क्षेत्र के गांव खेतापुर निवासी लालसिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी जशोदा की शादी पांच साल पहले गांव भूबरा निवासी प्रदीप के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज को लेकर जशोदा का उत्पीड़न किया जाता था। पीड़ित पिता के अनुसार, 18 मई को जशोदा बीमार थी। इसी दौरान घर आए रिश्तेदारों के कहने पर पति ने उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि बाद में विवाहिता को जहरीला पदार्थ दे दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच मृतका के बेटे के नाम पांच बीघा जमीन कराने को लेकर पंचायत चली, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। इसके बाद मृतका के पिता ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने पति प्रदीप समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। शनिवार को मुख्य आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# गर्मी के कारण जनजीवन बेहाल, पारा भी बढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** इन दिनों सूर्य की किरणों से धरती तप रही है और आसमान से आग बरस रही है। रविवार को अधिकतम तापमान 46.7 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 32.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### बाजारों में भी सुबह और शाम में ही रही भीड़

दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा, जबकि आवश्यक कार्य से बाहर निकलने वाले लोग सिर ढंककर और पानी की बोतल साथ लेकर चलते नजर आए।

रविवार को सुबह छह



बजे से ही सूर्य देव की किरणों ने धरती को तपाना शुरू कर दिया था, जैसे जैसे घड़ी की सुई घूमी त्यों त्यों गर्मी और धूप बढ़ती रही। बाजारों में सुबह के समय रौनक दिखी मगर दुपहर होते होते बाजारों में सन्नाटा पसर गया। दुकानदारों भी हाथ पर बैठे नजर आये। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा, जबकि आवश्यक कार्य से बाहर निकलने वाले लोग सिर ढंककर और पानी की बोतल साथ लेकर चलते नजर आए। गर्मी के कारण कोल्डड्रिंक, बादाम शेक और गन्ने के जूस की भी काफी बिक्री हुयी। बच्चों और महिलाओं ने आइसक्रीम खाकर गर्मी से राहत लेने का प्रयास किया। लोगों ने तरबूज और खरबूजे का भी खूब लुत्फ उठाया। लीची की भी खूब बिक्री हुई।

# न्याय के आगे झुका सत्ता का अहंकार

## महापौर ने वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज के बाद ललित तिवारी को दिलाई शपथ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बीते कई महीनों से चल रहा संवैधानिक और राजनीतिक संघर्ष आखिरकार उस निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया, जहां न्यायपालिका के कठोर हस्तक्षेप के आगे सत्ता का अहंकार झुकता दिखाई दिया।

लंबे विवाद, न्यायिक फटकार और मेयर के प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकार सीज किए जाने के बाद अंततः नगर निगम प्रशासन द्वारा फैजुल्लागंज वार्ड-73 से निर्वाचित घोषित पार्षद ललित किशोर तिवारी को विधिवत पार्षद पद की शपथ दिला दी गई। नगर निगम मुख्यालय में हुए शपथ ग्रहण के दौरान वातावरण पूरी तरह उत्साह, जोश और राजनीतिक संदेशों से परिपूर्ण दिखाई दिया। जैसे ही ललित किशोर तिवारी ने शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण की, उनके समर्थकों, अधिवक्ताओं और क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा जोरदार नारेबाजी शुरू हो गई। पूरे परिसर में हललित तिवारी सब पर भारीह के नारे गूंजते रहे, जिसने पूरे घटनाक्रम को और अधिक

**■ फैजुल्लागंज वार्ड 73 से ललित तिवारी हुए निर्वाचित पार्षद घोषित**

रोमांचक एवं प्रतीकात्मक बना दिया।इस पूरे प्रकरण ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि जब सामान्य नागरिक अथवा जनप्रति. निधि के लिए सभी प्रशासनिक मार्ग बंद हो जाते हैं, तब न्यायपालिका ही अंतिम आशा बनकर खड़ी होती है। न्यायालय की यही संवैधानिक शक्ति है कि सरकारों और सत्ता प्रतिष्ठानों को भी अंततः न्यायिक आदेशों का पालन करने के लिए बाध्य होना पड़ता है। राजनीतिक और विधिक हलकों में इस घटनाक्रम को लो. कतांत्रिक व्यवस्था में न्यायपालि. का की सर्वोच्चता के एक बड़े उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है। समर्थकों और अधिवक्ताओं का कहना है कि यह कार्य बहुत पहले ही संपन्न हो जाना चाहिए था, किंतु मेयर पक्ष की हठधर्मिता, राजनीतिक अहंकार और अनावश्यक टकराव की मानसि. कता के कारण मामला लगातार उलझता चला गया। स्थिति यहां तक पहुंच गई कि इलाहाबाद हाईकोर्ट को हस्तक्षेप करते हुए मेयर सुषमा खर्कवाल के प्रशास. निक एवं वित्तीय अधिकार सीज करने जैसे कठोर आदेश पारित करने पड़े। ललित किशोर तिवारी, जो अवध बार एसोसिएशन के महासचिव भी हैं, शपथ ग्रहण के बाद समर्थकों से घिरे दिखाई दिए।

## दारूल उलूम निजामिया फरंगी महल ने शुरू की ईद उल- अजहा पर हेल्प लाइन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** दारूल उलूम निजामिया फरंगी महल के अन्र्तगत हर साल की तरह इस साल भी ईद-उल-अज़्हा हेल्प लाइन की शुरूआत की गयी है।

इस हेल्प लाइन से लोग फोन और वेब साइट के जरिए 18 मई 2026 से 30 मई 2026 तक दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक कुर्बानी हज व उमरा और अन्य समस्याओं से सम्बंधित सवालात मालूम कर सकते हैं। जिनके जवाबात इमाम ईदगाह लखनऊ मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली नाज़िम दारूल उलूम निज़ामिया फरंगी महल की अध्यक्षता में उलमाक्राम का एक पैनल देता है। लोग अपने सवालात इन नम्बरों 9415023970, 9335929670, 7007705774, 9415102947, 9140427677 और वेब साइट www-farangimahal-in पर मालूम कर सकते है। आज पूछे गए सवालों में से कुछ निम्नलिखित हैं। जिसमें जनता इस तरह के सवाल पूछ सकती है जैसे क्या मैं अपने मरहूम वालिद के नाम से कुर्बानी करा सकता हूं,जी हां। ईसाल सवाब के लिए करा सकते है। एक बकरे के कान पैदाइशी बहुत छोटे हैं तो क्या उसकी कुर्बानी सही है ? जी हां! ऐसे बकरे की कुर्बानी सही है। 3 अरफा (9 जिलहिज्ज) के दिन रोजा रखने का क्या सवाब है, 3 हदीस शरीफ में आया है कि इस से एक साल के अगले पिछले गुनाह मुआफ हो जाते हैं आदि।

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद ने अघोषित बिजली कटौती पर सीएम को लिखा पत्र



**अमेठी।** सांसद किशोरी लाल शर्मा जी क्षेत्र की जनता की समस्याओं को लेकर सदैव गंभीर, संवेदनशील और सक्रिय रहते हैं। जनता के सुख-दुख में हर समय साथ खड़े रहन वाले सांसद ने एक बार फिर आमजन की आवाज बनते हुए मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिखकर अमेठी संसदीय क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती की गंभीर समस्या को प्रमुखता से उठाया है। कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में कई दिनों से विद्युत आपूर्ति लगातार बाधित चल रही है, जिससे नागरिकों को कठिनाइयां हो रही है।

### रात्रि में कटौती से जनता परेशान

**लखीमपुर खीरी ।** सीएम के आदेश को भी चुनौती दे रहा शारदानगर का विद्युत विभाग जनपद लखीमपुर के शारदा नगर के अंतर्गत पावर हाउस के फीडर क्षेत्र के ग्रामीणों का विद्युत कटौती से बुरा हाल हैं। जहां एक तरफ मुख्यमंत्री लगातार दावे कर रहे हैं कि प्रदेश में 22 घंटे बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगी वहीं लखीमपुर के जिम्मेदार मुख्यमंत्री के आदेश को भी दरकिनार कर रहे हैं।

### रोजगार और पेपर लीक पर चली मुहिम

**लखनऊ ।** शिक्षा, परीक्षा और रोजगार का सवाल आज नौजवानों के लिए गहरी पीड़ा, असुरक्षा और विक्षोभ का कारण बन चुका है। कम समय में हकाकरोच जनता पार्टीह जैसी ऑनलाइन प्लेटफार्म की लोक. प्रियता भी इसका प्रमाण है। इसी क्रम में आज रोजगार अधिकार अभियान की तरफ से रोजगार, शिक्षा-स्वास्थ्य, पेंशन और परीक्षा धांधली के सवाल पर एक्स पर अभियान चलाया ।

### पेपर लीक गैंग की अफवाहबाजी फेल

**लखनऊ ।** भर्ती परीक्षाओं को लेकर वर्षों तक सक्रिय रहे पेपर लीक और नकल माफियाओं के नेटवर्क पर योगी सरकार की सख्ती लगातार भारी पड़ रही है। आयोजित लेखपाल मुख्य परीक्षा-2025 में देखने को मिला, जहां सोशल मीडिया के जरिए पेपर लीक की अफवाह फैलाने की कोशिश हुई, लेकिन प्रशासन और आयोग की सतर्कता के आगे यह साजिश पूरी तरह नाकाम साबित हुई।

## बिजली के खंभे से गिरे प्राइवेट लाइनमैन की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** बिजली के खंभे पर चढ़कर तार जोड़ते समय गिरकर घायल हुए प्राइवेट लाइनमैन की रविवार को उपचार के दौरान पीजीआई लखनऊ में मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

परिजन और ग्रामीणों ने शव को मियां का पुरा चौराहे पर रखकर जाम लगा दिया है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। फूलपुर थाना क्षेत्र के गोसाईंपुर गांव निवासी शिव पूजन गौड़ (45) प्राइवेट लाइनमैन का कार्य करता था। वह 17 मई को छतौना गांव में बिजली के पोल पर चढ़कर तार जोड़ रहा था। इसी दौरान पोल टूटने से वह नीचे गिर पड़ा। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे पीजीआई लखनऊ में भर्ती कराया गया था। 24 मई को उपचार के दौरान उसकी सांसें थम गईं। मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। पीजीआई से शव लाकर परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मियांकापुरा चौराहे पर रख दिय। इससे सड़क पर आवागमन ठप हो गया और वाहनों की लंबी कतार लग गई। परिजन मुआवजे की मांग पर अड़े हैं। एसीपी हंडिया मौके पर पहुंचे। वह विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर रहे हैं।

## इंटर लॉकिंग निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग

**जगदीशपुर अमेठी।** सरकार द्वारा जहां मानक के अनुसार कार्य कराने के लिए आए दिन आला अफसरों को कडे निर्देश जारी करती रहती है तो वहीं जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते ग्राम प्रधान द्वारा कराये जा रहे इंटर लाकिंग कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग कर मानक की धज्जियां उडाई जा रही हैं। विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत पूरे गंगा मजरे देवकली में ग्राम प्रधान द्वारा कराया जा रहा इंटर लाकिंग कार्य जिसमे पीली ईंट व घटिया मसाले का प्रयोग कर गुणवत्ता को ताक पर रखकर निर्माण कार्य जारी है ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियो से मामले की जांच कराकर मानक के अनुसार कार्य कराने की मांग किया है।

## वर्मा ने कायदे मिल्लत का मिशन पेश किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** कायदे मिल्लत डा. जलील फरीदी के यौमे वफात के सिलसिले में गत दिनों आयोजित ताज़ियती व फिक्री बैठक की और अधिक जानकारी प्राप्त हुई है।



प्राप्त विवरण के अनुसार इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता मायाराम वर्मा अपने साथियों के साथ शामिल हुए और डा. जलील फरीदी को खिराजे अकीदत पेश किया। वक्ताओं ने कायदे मिल्लत की सामाजिक न्याय, सांप्रदायिक सौहार्द तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए दी गई सेवाओं को याद करते हुए वर्तमान परिस्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मायाराम वर्मा ने कहा कि डा. जलील फरीदी ने हमेशा सामा. जिक न्याय और वंचित तबकों की आवाज़ को मज़बूती प्रदान की। उन्होंने कहा कि आज भी उनके विचार नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीतिक माहौल में धार्मिक भावनाओं का उपयोग कर सत्ता बनाए रखने की कोशिशें लो. कतंत्र के लिए चिंताजनक संकेत हैं। उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय की ताकतों से जनता को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन राजनीतिक दांव-पेंच और भ्रामक प्रचार के माध्यम से चुनावी परिणामों को प्रभावित किया गया, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है। मायाराम वर्मा ने अपने संबोधन में लोगों से अपील की कि वे कायदे मिल्लत डा. जलील फरीदी द्वारा बताए गए सामाजिक न्याय, एकता और लोकतांत्रिक जागरूकता के मार्ग पर चलकर प्रदेश में सकारात्मक परिवर्तन के लिए संघर्ष करें। इस अवसर पर वी.पी. कुरील सहित विभिन्न सामाजिक और राष्ट्रीय हस्तियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा डा. जलील फरीदी की सामाजिक एवं राष्ट्रीय सेवाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के अलावा अन्य समुदायों के लोगों ने भी बड़ी संख्या में भाग लेकर सामाजिक सौहार्द और एकता का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि कायदे मिल्लत डा. जलील फरीदी के यौमे वफात पर आयोजित इस कार्यक्रम को सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय एकता के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## बाल विवाह रोकने में पुलिस-प्रशासन नाकाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सूबे में बाल विवाह के बढ़ते मामलों पर गहरी नाराजगी जताई है। इसके लिए सीधे तौर पर पुलिस-प्रशासन को विफल बताया है।



**■ हाईकोर्ट ने सूबे में बाल विवाह के बढ़ते मामलों पर गहरी नाराजगी जताई और पुलिस-प्रशासन को विफल बताया**

कोर्ट ने कहा कि सूबे में बाल विवाह जैसी कुप्रथाएं दिन-ब-दिन बढ़ रही हैं। क्योंकि, इसे रोकने के लिए पुलिस की ओर से कोई सक्रियता नहीं दिख रही है। इस टिप्पणी संग न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता, न्यायमूर्ति अजय कुमार द्वितीय की खंडपीठ ने देवरिया के महुआडीहा थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय पीड़िता के अपहरण और जबरन शादी करने के आरोप को लेकर दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। साथ ही जांच अधिकारी को मामले की जांच बाल विवाह निषेध अधिनियम के कड़े प्रावधानों के तहत निष्पक्ष रूप से करने के आदेश दिए हैं। मौजूदा मामले में याचियों ने दलील दी कि निकाह मुस्लिम रीति-रिवाज और लड़की की मर्जी से हुआ है। हालांकि, कोर्ट ने आरोपों को बेहद गंभीर मानते हुए याचिका खारिज कर दी। कहा कि रीति-रिवाज की आड़ में किसी को कानून के उल्लंघन का अनुमति नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने बाल विवाह के बढ़ते मामलों पर लगाम लगाने के लिए डीजीपी को विस्तृत दिशानिर्देश जारी करने का आदेश दिया है। कहा है कि सभी पुलिस कमिश्नर, एसएसपी और एसपी को सख्त निर्देश दिया जाए कि जैसे ही पुलिस को किसी भी स्रोत (शिकायत, जांच या स्वतः संज्ञान) से बाल विवाह की जानकारी मिले, बिना किसी देरी के अधिनियम की धारा-10 और 11 के तहत शामिल सभी लोगों के खिलाफ संज्ञेय अपराध का मामला दर्ज किया जाए। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस बात पर कड़ा असंतोष व्यक्त किया कि आज तक पुलिस की ओर से स्वतः संज्ञान लेकर इस कानून के तहत कार्रवाई करने का एक भी मामला सामने नहीं आया है।

## गांव में घुसे तेंदुए का रेस्क्यू, वन दरोगा समेत पांच घायल

**बहराइच।** मोतीपुर थाना क्षेत्र स्थित मौजीपुरवा गांव में रविवार सुबह एक तेंदुए के घुस आने से अफरा-तफरी मच गई। करीब दो घंटे तक गांव की गलियों, खेतों और घरों के आसपास घूमते रहे तेंदुए ने वन विभाग के एक दरोगा समेत पांच लोगों को घायल कर दिया। बाद में वन विभाग की टीम ने डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद तेंदुए को ट्रैंकुलाइज कर काबू में लिया। मौजीपुरवा गांव में ग्रामीणों ने एक तेंदुए को गांव की गलियों में घूमते देखा। तेंदुए के गांव में घुसने की खबर फैलते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई। जान बचाने के लिए लोग इधर-उधर भागने लगे, जबकि कई लोगों ने खुद को घरों में बंद कर लिया।

## उत्तर रेलवे अस्पताल में पहली बार सफल घुटना प्रत्यारोपण



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल चिकित्सालय में डाक्टरों की टीम ने एक मरीज के घुटनों का सफल आपरेशन कर नई जिंदगी दी है।जानकारी के लिए बता दें कि इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी मरीज का घुटना प्रत्यारोपण का सफल आपरेशन मंडल चिकित्सालय में रेलवे डाक्टरों द्वारा किया गया है। इस उपलब्धि का पूरा श्रेय वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी एवं आर्थो सर्जन डा. अशोक कुमार यादव, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डा. राजकुमार यादव और उनकी पूरी टीम को जाता है। इस ऐतिहासिक सफलता पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. संगीता सागर ने भी डाक्टरों और ओटी टीम को बधाई दी।

## शो पीस बनी निर्माणधीन टंकी, अफसर बेखबर

**जगदीशपुर अमेठी।** सरकार जहां जल जीवन मिशन योजना में लाखों रुपया पानी की तरह बहा रही है। तों वहीं जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते वर्षों से निर्माणधीन टंकी शो पीस बन कर रह गई है।



विकास खण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत परवेजपुर में निर्माणधीन जल जीवन मिशन की टंकी वर्षों से पड़ी शो पीस बन कर रह गई है।यदा कदा काम लगाने के बाद कोई वहां झांकने तक नहीं आता हाल ही में आई आंधी तूफान में कलपुर्जे ढीलें होकर नीचे गिरनें की आशंका बनी हुई है। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते जनता को स्वच्छ जल मिलना टेड़ी खीर बनता जा रहा है।इस योजना के तहत सरकार द्वारा पैसा पानी की तरह बहाने के बाद भी कोई प्रगति न होकर केवल कागजी पूर्ति करके पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है यदि उच्च अधिकारियों ने गौर नहीं किया तो यह योजना हवा हवाई होकर सरकार के अरमानों पर पानी फिर सकता है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी ने बताया कि मामले की जांच करके लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की ऑनलाइन बैठक हुई

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश की केंद्रीय कार्यकारिणी के पदाधिका. रियों एवं जनपद शाखायों तथा संयुक्त परिषद से संबद्ध संगठनों के पदाधिकारीयों की एक आवश्यक बैठक आज 23 मई 2026 को ऑनलाइन संपन्न हुई।

बैठक का आयोजन राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष निरंजन कुमार श्रीवास्तव ने किया तथा संचालन संयुक्त परिषद की महामंत्री अरुणा शुक्ला ने कियास ऑनलाइन बैठक में प्रतिभाग करने वाले सभी पदाधिकारियों नें कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं एवं संयुक्त परिषद के अधिवेशन पर विस्तृत विचार विमर्श हुआस राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने अवगत कराया कि संयुक्त परिषद का अधिवेशन जुलाई 2026 को दूसरे सप्ताह में लखनऊ में कराया जाएगा।ऑनलाइन बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष निरंजन कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष शिवाकांत द्विवेदी, प्रीति पांडे, टी एन चौरसिया, रमेश राय, अखिलेश सिंह, नन्हे सिंह, शीला गौतम, कुसुम लता यादव, आई डी पांडे,, नितीन गोस्वामी, समेत कार्यकारिनी के पदाधिकारियों एवं सम्बद्ध संगठनों के पदाधिका. रियों ने विचार व्यक्त किये ।



### राजकीय कॉलेजों के प्रवक्ताओं का तबादला

**प्रयागराज।** शासन ने प्रयागराज के राजकीय कॉलेजों से कई प्रवक्ताओं के तबादले कर दिए हैं। डा.विपिन कुमार को राजकीय महाविद्यालय नैनी से हटाकर उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज में सांख्यिकी शोध अधिकारी के पद पर संबद्ध किया गया है। डा.जदवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय धनूपुर से राजकीय महाविद्यालय बहुआ फतेहपुर देहात, डा.अभिलाष सिंह यादव को धनूपुर से राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महोबा व डा.राम कुमार सिंह को राजकीय महाविद्यालय नैनी से राजकीय महाविद्यालय तिगोड़ा डुमरियागंज सिद्धार्थनगर स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा कई प्रवक्ताओं को दूसरे जिलों से प्रयागराज भेजा गया है। इनमें डा.आनंद कुमार, उदय प्रताप सिंह, डा.अरविंद कुमार व डा. निकुंज चौधरी को राजकीय महाविद्यालय नैनी, डा. गंगाराम को राजकीय महाविद्यालय फूलपुर और शिवधर सिंह को राजकीय महाविद्यालय सैदाबाद भेजा गया है।

### वाहन चोर गिरोह के सरगना समेत चार दबोचे

प्रयागराज। पुलिस टीम ने बच्चा यादव गैंग के सरगना व उसके तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अलग-अलग राज्यों की सात लग्जरी गाड़ियों को भी बरामद किया है। नवाबगंज थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज अवस्थी ने बताया कि क्षेत्र में वांछित अभियुक्तों की तलाश के दौरान सूचना मिली कि बनई का पूरा थाना नवाबगंज निवासी कृष्ण कुमार उर्फ बच्चा यादव आपराधिक गिरोह का संचालन कर रहा है। गैंग में अभि पासी उर्फ बच्चा पासी, शनि कुमार सरोज उर्फ रितिक निवासी प्रतापगढ़ और उमेश चंद्र गुप्ता उर्फ बिल्लू शामिल हैं।

## रस्सी भूटान से गुरुद्वारा आलमबाग पहुंचे पंज पावन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** रस्सी भूटान इलाका लखनऊ में पिछले कई वर्षों से सिन्धी समाज द्वारा गुरुद्वारा दरबार से सेवा चल रही थी , पर पिछले कुछ वर्षों से सारे ट्रस्टी मैम्बर के बाहर शहरों में चले जाने के कारण कई साल से बिल्डिंग का जीर्णोद्धार न होने व श्री गुरु ग्रंथ साहिब की भी सेवा न होने का पता चलने पर केन्द्रीय सिंह सभा लखनऊ के अध्यक्ष व शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सलाहकार निर्मल सिंह द्वारा स. मनमीत सिंह व यूथ खालसा ऐसो. सिएशन के सदस्यों के साथ मिल कर परिवार ट्रस्टी परिवार से बात कर रस्सी भूटान जा कर पांचों प्यारो की अगुवाई में नगर कीर्तन कर पांच पावन स्वरूप गुरुद्वारा आलमबाग लाये गये ।



पावन स्वरूप बहुत ही गंभीर हालात में रखे गये गये थे , प्रकाश स्थान पर न ही दरवाज़े और पर्दे न साफ सफाई, न ही रूमाल साहिब । निर्मल सिंह ने बताया कि यह पावन स्वरूप रखे नहीं जा सकते हैं क्यूं कि बहुत सारे दीमक के कीड़े सारे ही स्वरूप में लगे है , आलमबाग गुरुद्वारा साहिब में सेवा सभांल करने के बाद कल प्रातः स. मनमीत सिंह के नेतृत्व में यह पावन स्वरूप दिल्ली कमेटी के अधीन हगुरुद्वारा मजनू का टीलाह में अग्निभेट के लिये ले जाया जायेगा । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रशान्त भाटिया ने इस कृत्य की घोर निन्दा करते हुए कहा कि जंहा पर भी इस तरह से पावन स्वरूप हो और सेवा न की जा रही हो संगत से निवेदन की नज़दीक के गुरुद्वारे साहिब में जानकारी दें व ऐसे लोगों पर कानूनी कार्यवाही करते हुये पावन स्वरूपों की सेवा की जा सके । मीडिया प्रभारी हरजीत सिंह ने बताया सेवा में मुख्य रूप से यूपी सिक्ख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के महासचिव सुरेन्द्र पाल सिंह बक्शी, जत्थेदार जसबीर सिंह, सेवादार दिलीप, गुरदीप सिंह भाटिया , जसविन्दर सिंह , राजू केबिल , भूपिन्दर सिंह पिन्दा , हरजीत सिंह व अन्य संगत कीर्तन, फूलों की वर्षा करते हुए रस्सी भूटान से गुरुद्वारा आलमबाग साहिब पहुंचे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# छत पर सो रहे परिवार पर चाकू से हमला

■ पत्नी की मौत; पति और दो बेटियां घायल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** हरौला गांव में एक युवक ने शनिवार देर रात प्रेमिका के परिवार पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इसमें एक महिला की मौके पर मौत हो गई। उसकी दो बेटियां और पति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है।

पुलिस के मुताबिक, बिहार के छपरा निवासी सुरेंद्र शर्मा परिवार सहित हरौला गांव के बी ब्लॉक में किराए पर रहते हैं। परिवार में पत्नी संजू देवी, बेटियां ज्योति और जूली सहित कुल पांच लोग हैं। उनके घर के पास ही बरेली निवासी हरे राम यादव किराए पर रहकर एसी सर्विसिंग की दुकान चलाता है। बताया जा रहा है कि हरेराम का सुरेंद्र शर्मा की बेटी ज्योति से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक ने कुछ समय पहले ज्योति के परिवार के सामने शादी का प्रस्ताव भी रखा, लेकिन परि. जनों ने इस रिश्ते से इनकार कर दिया। शनिवार रात परिवार के चारों सदस्य मकान की पहली मंजिल की छत पर सो रहे थे। देर रात हरे राम वहां पहुंचा और सो रहे परिवार पर अचानक चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में 40 वर्षीय संजू देवी के शरीर पर कई वार किए गए। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान ज्योति के सीने पर भी चाकू लगा और उसकी बहन जूली के पैर में गंभीर चोट आई। पिता सुरेंद्र शर्मा भी हमले में घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। दोनों बेटियों की हालत गंभीर है। ज्योति आईसीयू में है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम और फॉरेंसिक विभाग मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़े होने की बात सामने आई है। शादी से इनकार करने पर युवक ने वारदात की। आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी अक्सर इलाके में आता-जाता था और परिवार पर शादी के लिए दबाव बना रहा था। फिलहाल पुलिस हत्या और हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

**मारपीट कर शादी तुड़वा चुका:** स्थानीय लोगों के मुताबिक आरोपी हरे नाम लंबे समय से ज्योति पर शादी का दबाव बना रहा था। बताया जा रहा है कि ज्योति की पहले कहीं और शादी तय हो गई थी, लेकिन आरोपी ने उस रिश्ते को तुड़वा दिया। पड़ोसियों का कहना है कि हरे नाम अक्सर ज्योति से झगड़ा और मारपीट करता था। कई बार परिवार ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना। लोगों का दावा है कि आरोपी का व्यवहार काफी आक्रामक था और वह आए दिन विवाद करता रहता था। परिवार ने उससे दूरी बनाने की कोशिश की, जिसके बाद से वह और अधिक नाराज रहने लगा।

**वारदात से पहले कमरा बदला, सामान भी हटाया:** आसपास के लोगों ने पुलिस को बताया कि आरोपी पहले उसी मकान के बगल में रहता था, जहां वर्तमान में पीड़ित परिवार रह रहा है। कुछ समय पहले उसने अचानक अपना कमरा बदल लिया। उसने कमरे से अपना अधिकतर सामान भी हटा लिया। इससे आशंका जताई जा रही है कि वह पहले से घटना की तैयारी कर रहा था। पड़ोसियों के मुता. बिक, घटना वाली रात भी वह इलाके में घूमता दिखाई दिया। पुलिस अब इस पहलू को भी जांच में शामिल कर रही है कि आरोपी ने पहले से हमले की साजिश तो नहीं रची।

**इमारत में हंगामा, हथियार लहराए:** प्रत्यक्षदर्शियों के मुता. बिक वारदात से पहले आरोपी ने इमारत (बिल्डिंग) में काफी देर तक हंगामा किया। वह हाथ में धारदार हथियार (बांका) लेकर इधर-उधर घूम रहा था और जोर-जोर से चिल्ला रहा था। कई लोगों ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं था। इसके कुछ देर बाद वह सीधे उस छत पर पहुंच गया, जहां पीड़ित परिवार सो रहा था। पड़ोस में रहने वाले अधिवक्ता विकास कुमार का कहना है कि आरोपी ने संजू देवी की गला रेतकर हत्या की। घटना के बाद पूरी बिल्डिंग में अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में अपने घरों से बाहर निकल आए।

**दो सौ परिवारों में दहशत:** जिस चार मंजिला मकान में यह वारदात हुई, उसमें करीब दो सौ परिवार रहते हैं। घटना के बाद पूरी बिल्डिंग में डर और दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। वह पहले शराब तस्करी समेत अन्य मामलों में जेल जा चुका है। पीड़ित सुरेंद्र शर्मा पेशे से कारपेंटर हैं। हमले में घायल ज्योति एक निजी कंपनी में सिलाई का काम करती है। फिलहाल ज्योति, उसकी बहन जूली और पिता सुरेंद्र का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# यूपीएससी : स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर आकर फंसे अभ्यर्थी

■ 34 केंद्रों पर हुई परीक्षा, साढ़े पांच हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** यूपीएससी प्रीलिम्स में अभ्यर्थी जब करंट अफेयर्स के सवालों को हल करने में जुटे तो स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से जुड़े सवाल पर आकर अटक गए। उनका कहना है कि प्रश्न समझ में आ गया लेकिन उसके कई विकल्प उत्तर से मेल खा रहे थे। इस वजह से इसे हल करने में थोड़ी दिक्कत हुई। जिले में रविवार को 34 केंद्रों पर हुई परीक्षा की पहली पाली में 15,922 में से 10,378 ने परीक्षा दी। 5544 ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली में 10260 परीक्षार्थी शामिल हुए। 5662 परीक्षा ने छोड़ दी। कठिन सवालों के साथ गर्मी ने भी कड़ी परीक्षा ली। परीक्षा में करंट अफेयर्स और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम से जुड़े सवालों का भी खास असर दिखा। जीरो एफआईआर, अहमदाबाद प्लेन क्रैश से जुड़े सवाल भी पूछे गए।

पहली पाली की परीक्षा खत्म होने के बाद अभ्यर्थियों ने बताया कि इस बार सवालों का स्तर मॉडरेट से कठिन रहा। कई छात्रों को सवालों के बदले हुए पैटर्न ने ज्यादा परेशान किया। कुछ सवाल आसान थे। अभ्यर्थियों ने औसतन 60 से 80 सवालों के जवाब दिए। परीक्षा देकर बाहर निकलीं राखी ने बताया कि फैक्चुअल सवालों की संख्या काफी अधिक थी। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल रिलेशन से जुड़े प्रश्नों का वेटेज ज्यादा देखने को मिला।

परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही अभ्यर्थियों की भीड़ रही। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षार्थियों को केंद्रों में प्रवेश दिया गया। परीक्षा समाप्त होने के बाद बाहर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि करंट अफेयर्स, पर्यावरण, अर्थव्यवस्था, इतिहास, भूगोल और भारतीय राजनीति से जुड़े कई प्रश्न पूछे गए। परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थियों के बीच प्रश्नपत्र और संभावित कटऑफ को लेकर चर्चा होती रही।

## बदमाशों ने अधिवक्ता का मोबाइल लूटा

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर-113 थाना क्षेत्र के सेक्टर 74-75 चौराहे पर शनिवार सुबह बाइक सवार बदमाशों ने एक अधिवक्ता से सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए। सेक्टर-61 स्थित शताब्दी विहार निवासी हिमांशु ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर 74-75 चौराहे के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आए दो बदमाशों ने उनके गले में पड़ी 30 ग्राम की सोने की चेन पर झपट्टा मार दिया। घटना के बाद आरोपी थाने की ओर मुड़ते हुए फरार हो गए।

## एक नजर

### साजन भाटी हत्याकांड में दो और आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** साकीपुर गांव नाली के पानी की निकासी को लेकर हुई साजन भाटी की हत्या के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में अबतक कुल 8 लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।सूरजपुर पुलिस ने बताया कि पांच व छह मई की रात साकीपुर में नाली के पानी की निकासी एवं कूडा डालने को लेकर विवाद में साजन भाटी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

मृतक चाचा ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से फरार चल रहे आरोपी गौरव उर्फ भोला व मनीष उर्फ मन्नू पुत्रगण रिषीपाल को ईएनटी की तरफ जाने वाले बंद रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी विवेचना के दौरान प्रकाश में आये थे। पुलिस इनकी लंबे समय से तलाश कर रही थी, इनकी गिरफ्तारी को लेकर कई जगहों पर छापेमारी भी की गई। वहीं, इस हत्याकांड में पूर्व में छह आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है।

### 1904 फ्लैट वाली सोसाइटी में कंट्रोल रूम नहीं, एजेंसी के हाथ खाली

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** मेंटेनेंस देने के बाद भी सोसाइटी में सभी व्यवस्थाएं ध्वस्त हो चुकी हैं। लावारिस कुत्तों से निवासी परेशान हैं। सुरक्षाकर्मियों की कमी के कारण चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। ये बातें रविवार को सेक्टर ओमिक्रॉन-1 स्थित सुपरटेक जार सोसाइटी के निवासियों ने कहीं। उन्होंने कहा कि मेंटेनेंस चार्ज वसूले जाने के बावजूद सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। खराब लिफ्ट की वजह से बुजुर्गों और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है।

निवासियों ने बताया कि हाउसकीपिंग स्टाफ के पास उपकरण तक नहीं होते हैं। कई बार शिकायत करने के बाद समस्या का समाधान होता है। उन्होंने बताया कि मेंटेनेंस एजेंसी लंबे समय से काम कर रही है लेकिन उसके बाद कोई रिजर्व फंड तक नहीं है। यदि सोसाइटी में कोई बड़ी समस्या सामने आती है तो काम कैसे होंगे। उन्होंने बताया कि सिपेज की समस्या से निवासी जूझ रहे हैं। बेसमेंट की स्थिति बेदह खराब है। 1904 फ्लैट की सोसाइटी में कोई भी कंट्रोल रूम तक नहीं है। निवासियों ने कहा कि मेंटेनेंस एजेंसी को तत्काल हटाया जाना चाहिए।

### पोस्टमार्टम में स्पष्ट नहीं हुए बच्चे की मौत के कारण, बिसरा सुरक्षित

**यमुना सिटी (शाह टाइम्स)।** जेवर थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय छात्र की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस को अभी कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी छात्र की मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं और बिसरा सुरक्षित करके लैब में जांच के लिए भेज दिया गया है। गांव बनवारी बांस निवासी रवि भूषण उर्फ बंटी का 15 वर्षीय बेटा गोपाल 21 मई को घर के बाहर से संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गया था। जिसके बाद परिवार ने थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 22 मई की रात को 11 बजे उसका शव बगल के गांव रोही के खाली मकान में पड़ा मिला था। जिसके बाद परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। मृतक गोपाल का शव काफी बुरे हाल में था और उसके निजी अंगों से भी छेड़छाड की गई थी। जिसके बाद परिवार ने नृशंस हत्या के आरोप लगाए थे। पुलिस की फील्ड यूनिट और फारेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए थे। रविवार को मेडिकल टीम ने पुलिस को पोस्टमार्टम की रिपोर्ट भेजी, जिसमें मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। छात्र की मौत की सूचना मिलने पर गौतमबुद्धनगर सांसद डॉ. महेश शर्मा व जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह रविवार को पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने परिवार से मिलकर उन्हें आश्वासन दिया है कि इस मामले में जा भी आरोपी होगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब तक पहुंचना आसान होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में बोड़ाकी के पास विकसित किए जा रहे मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक हब तक सड़क के रास्ते पहुंचना सुगम होगा। इसके लिए प्राधिकरण 60 मीटर चौड़ी पेरिफेरल सड़क का निर्माण कार्य करा रहा है। अब तक 50 फीसदी काम हो चुका है। दो हिस्से में हो रहे इस काम को अगले एक साल पूरा करने का लक्ष्य है। परियोजन विभाग के अधिकारी के मुताबिक पेरिफेरल सड़क बनने से ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक हब 105 और 130 मीटर चौड़ी सड़क से सीधे जुड़ जाएंगे। दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (डीएमआईसी) की सबसे अहम परियोजना मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब के लिए क्षेत्र के पल्ला गांव में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के माध्यम से 105 मीटर चौड़ी मुख्य सड़क से जोड़ने का काम किया जा रहा है। दो किलोमीटर से अधिक लंबी इस पेरिफेरल सड़क का निर्माण कार्य दो हिस्सों पल्ला आरओबी से थापखेड़ा गोलचक्कर और थापखेड़ा से आगे 105 मीटर सड़क को जुनपत गांव के पास जोड़ने का काम किया जा रहा है। वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव ने बताया कि जुनपत और थापखेड़ा के बीच 846 मीटर लंबी सड़क का 50 फीसदी काम अब तक पूरा हो चुका है। बाकी काम को भी जल्द पूरा करने का लक्ष्य है। भविष्य में यह सेक्टर दादरी जीटी रोड और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सीधे जुड़ जाएगा। बता दें कि 105 और 130 मीटर चौड़ी सड़क प्राधिकरण दफ्तर के समीप जैतपुर -वैशपुर गोलचक्कर पर एक दूसरे से जुड़ती हैं। ग्रेटर नोएडा ईस्ट और वेस्ट को जोड़ने वाली 130 मीटर चौड़ी सड़क अभी चार मूर्ति चौक से सिरसा गोलचक्कर तक बनी है।

## अकाउंटेंट से मारपीट, कनपटी पर रिवॉल्वर लगाने का आरोप

**नोएडा।** मिगसन अल्टीमो सोसाइटी के अकाउंटेंट के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस को दी तहरीर में जितेन्द्र कुमार साह ने बताया कि वह ओमिक्रॉन-3 स्थित मिगसन अल्टीमो सोसाइटी में अकाउंटेंट हैं।

21 मई की रात वो अपनी ड्यूटी पर मौजूद थे। इसी दौरान फ्लैट में रहने वाला संगीत भाटी जबरन कार्यालय में घुस आया। आरोपी ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करने लगा। जब उन्होंने बचाव करने का प्रयास किया तो संगीत भाटी ने अपनी कमर से रिवॉल्वर निकाल. कर उनकी कनपटी पर लगा दी। वहीं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

# ग्रेनो को एयरपोर्ट से जोड़ने वाली सड़क दुरुस्त होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा एयरपोर्ट को ग्रेटर नोएडा से जोड़ने वाली सड़क के साथ यमुना सिटी में प्रमुख तथा आंतरिक सड़कों से लेकर सीवर और पार्कों तक की मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त होंगी। इसके लिए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने निविदा जारी की है। इन कार्यों को इसी साल पूरा किया जाना है। यीडा के अधिकारी ने बताया कि यमुना सिटी की मुख्य 60 मीटर चौड़ी सड़क वर्षों से अधूरी पड़ी है। यह 40 किलोमीटर लंबी सड़क ग्रेनो को यमुना सिटी और सीधे नोएडा एयरपोर्ट से जोड़ती है। फिलहाल यह दो टुकड़ों में अधूरी पड़ी है। अब यीडा ने यमुना एक्सप्रेसवे के साथ 32.16 किलोमीटर से 33 किलोमीटर तक 60 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण के लिए कंपनी के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए पूर्व में ही भूमि अधिग्रहण हो चुका हैं।

**सड़क कनेक्टिविटी:** इस सड़क के पूरा होने के बाद ग्रेनो से एयरपोर्ट तक की सीधी कनेक्टिविटी हो जाएगी। बता दें कि यह सड़क यमुना सिटी के मुख्य सेक्टरों और गांवों को भी आपस में जोड़ रही है। साथ ही इसके बनने से यमुना एक्सप्रेसवे पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। फिहहाल यह सड़क पूरी न होने के कारण लोगों को एक्सप्रेसवे पर टोल देना पड़ रहा है।

**अन्य विकास कार्य:** इसके अलावा सेक्टर-17ए में 60 मीटर सर्विस रोड और 45 मीटर चौड़ी सड़क के शेष कार्यों को पूरा करने और पांच वर्षों तक इनके रखरखाव को लेकर भी निविदा निकाली गई हैं। एयरपोर्ट शुरू होने के बाद शहर में औद्योगिक गतिविधियां तेजी से बढ़ेगी, ऐसे में प्रमुख व आंतरिक सड़कों को भूमि अधिग्रहीत कर तेजी से पूरा करने की कवायद चल रही है। वर्तमान में शहर में 30 से ज्यादा कंपनियों में उत्पादन शुरू हो चुका है। वहीं, 136 कंपनियों को भूमि का आवंटन किया जा चुका है। इस वर्ष के अंततक शहर में करीब 200 से अधिक इकाइयों में उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य है।

**अन्य विकास कार्यों का विवरण:** सेक्टर-17 के पॉकेट सी में सड़क व सीवर का काम लंबे समय से अटका पड़ा था, इसे भी अब पूरा कराया जाएगा। इसके अलावा औद्योगिक सेक्टर 29 में कई आंतरिक विकास कार्यों भी होंगे। जगनपुर और छपरगढ़ के पास 30 मीटर चौड़ी सड़क के किनारे आरसीसी नाले के निर्माण का कार्य किया जाएगा।

## दस घंटे तक बिजली कटौती से लोग बेहाल

**नोएडा।** भीषण गर्मी में शहर के लोगों को छह से सात घंटे तक बिजली कटौती झेलनी पड़ रही हैं। बत्ती गुल होने पर लोगों का हाल बेहाल है और घरों की छत पर रात बितानी पड़ रही। आरोप है कि कंट्रोल रूम में शिकायत करने के बाद भी आपूर्ति दुरुस्त नहीं हो रही। शहर में कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां पर घंटों तक बिजली की कटौती हो रही है। सेक्टर-77 और सेक्टर-78 में रातभर बिजली ट्रिप होती रही। हाजीपुर में शुक्रवार रात बाधित हुई बिजली शनिवार शाम तक सुचारू हो सकी। घंटों बिजली प्रभावित रहने के कारण लोगों का घर के अंदर रुकना मुश्किल हो गया। इतनी देर बिजली गुल होने से घरों के इन्वर्टर ठप हो गए। आपूर्ति सुचारू होने पर लोगों ने घर में वापसी की।

# चोरी के तार व बाइक के साथ एक गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जारचा कोतवाली क्षेत्र के समाना नहर के समीप जांच के दौरान पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी किया कॉपर का तार, बाइक और तमंचा बरामद किया है।

प्रभारी निदेशक कैलाश नाथ ने बताया कि जांच के दौरान ऊंचा अमीरपुर गांव निवासी दुष्यंत बाइक पर सवार होकर जा रहा था। पास आते ही पुलिस ने रोक लिया। जब बाइक पर रखे कट्टे में 25 किलो कॉपर के तार के बारे में पूछताछ की तो वह जवाब नहीं दे सका।

तलाशी लेने पर उसके पास से तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 15 नवंबर 2025 को एनटीपीसी स्थित किर्लोस्कर कंपनी से कॉपर का तार चोरी किया था।

तार को ठिकाने लगाने के लिए ले जा रहा था। आरोपी पर पहले भी अलग-अलग थानों में सात आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# बाइक से गंगा स्नान करने जा रहे युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली से हरिद्वार गंगा स्नान करने बाइक से जा रहे महिला समेत तीन लोग शनिवार देर रात नोएडा में एलिवेटेड रोड पर हादसे का शिकार हो गए। बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई, जबकि महिला समेत दो लोग घायल हो गए।

**पुलिस की जानकारी:** पुलिस के मुताबिक, दिल्ली के बदरपुर निवासी लोकेश, फरीदाबाद के दयाल नगर निवासी अमित कुमार और पिंकी शर्मा दिल्ली की एक फैक्टरी में नौकरी करते हैं। तीनों ने शनिवार शाम हरिद्वार में गंगा स्नान की योजना बनाई। तीनों एक बाइक पर सवार होकर दिल्ली से हरिद्वार के लिए चल दिए। बाइक को लोकेश चला रहा था, जबकि पिंकी और अमित पीछे बैठे थे। शनिवार रात करीब एक बजे तीनों नोएडा पहुंचे। सेक्टर-18 से एलिवेटेड रोड पर चढ़े। जैसे ही तीनों सेक्टर-24 थाना क्षेत्र स्थित एनटीपीसी कार्यालय के निकट पहुंचे तो बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने लोकेश को मृत घोषित कर दिया। दोनों घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर परिजन भी पहुंच गए।

# टेंपो का इंतजार कर रहे युवक को बस ने कुचला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख कोतवाली क्षेत्र में टेंपो का इंतजार कर रहे युवक की रोडवेज बस की टक्कर से मौत हो गई। पीड़ित स्वजन की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रोडवेज चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

यह घटना 19 मई की रात करीब 8:45 बजे की बताई गई है। बुलंदशहर के बरौली गांव निवासी अशोक कुमार श्रीनाथ पार्किंग के सामने जय अंबे ढाबा के पास सड़क के किनारे टेंपो का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान बुलंदशहर-गाजियाबाद मार्ग पर बुलंदशहर की ओर से आई रोडवेज बस ने तेजी और लापरवाही से चलाते हुए अशोक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, चालक को बस मौके पर छोड़कर भाग निकला। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन अशोक को अस्पताल पहुंचाया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भाई सुशील कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी चालक पर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक मुनेंद्र सिंह ने बताया मामला संज्ञान में है। बस कब्जे में ले ली गई थी। घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी का प्रयास किया जाएगा।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# बहुमंजिला मकान ध्वस्त करने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के परिसर में खाली पड़ी जमीन पर किए जा रहे बहुमंजिला भवन के निर्माण को प्राधिकरण ध्वस्त करेगा। जिलाधिकारी से कार्रवाई के लिए पुलिस बल की मांग की गई है। प्राधिकरण की एसीईओ ने इस संबंध में शनिवार को पत्र लिखा है।

बीते 7 मई को प्राधिकरण दफ्तर में जनसुनवाई के दौरान उच्चाधिकारियों को लिखित शिकायत मिली थी कि कुछ भूमाफिया ग्राम सूरजपुर के खसरा संख्या/गाटा संख्या-609 पर बहुमंजिला भवन बनाकर फ्लैट बेच रहे हैं।

इसके बाद परियोजना विभाग के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि अवैध निर्माण प्राधिकरण की अधिसूचित/अधिग्रहित और कब्जा प्राप्त जमीन पर किया जा रहा है। जिस स्थान पर अवैध निर्माण किया जा रहा है, वह जिला उपभोक्ता विवाद परितोष आयोग के परिसर में स्थित है। परियोजना विभाग ने अवैध निर्माण करने वाले आरोपियों को पत्र लिखकर स्वीकृत मानचित्र डिजाइन की प्रति प्रेषित करने के लिए कहा,लेकिन उनका कोई जवाब नहीं आया।

# त्योहार में शांति बनाए रखने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ लगातार पीस कमेटी (शांति समिति) की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। बैठकों में लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधियों से दूर रहने की अपील की गई।



गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा शैलेन्द्र कुमार सिंह ने एसीपी-3 सेंट्रल नोएडा राजीव कुमार गुप्ता के साथ थाना सूरजपुर कार्यालय में धर्मगुरुओं और क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक की।

बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से आगामी त्योहार को शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति धार्मिक भावनाएं भड़काने, दुष्प्रचार फैलाने या सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों ने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने और आपसी सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया। साथ ही कहा गया कि यदि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

बैठक में पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से त्योहार के दौरान पुलिस का सहयोग करने की भी अपील की गई।

# मेड़ विवाद में चली गोलियां



■ चार घायल, गांव में तनाव का माहौल, फोर्स तैनात





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के गांव जाम खजूर में खेत की महज एक मेड़ को लेकर पिछले 10 साल से सुलग रही विवाद की आग अचानक भड़क उठी। दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी देखते ही देखते खूनी संघर्ष और ताबड़तोड़ फायरिंग में तब्दील हो गई। इस हिंसक झड़प और गोलीबा. री में एक ही परिवार के चार सगे भाई गंभीर रूप से लहूलुहान हो गए, जिनमें से दो को गोलियों के छर्रे लगे हैं।

सरेआम हुई इस फायरिंग से पूरे गांव में दहशत और तनाव का माहौल है। हालात को बेकाबू होता देख सीओ और कई थानों की फोर्स ने मौके पर पहुंचकर गांव को छावनी में तब्दील कर दिया है और 7 आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जाम खजूर गांव में दो पक्षों के बीच खेत की मेड़ काटने और कब्जे को लेकर पिछले लगभग 10 सालों से पुराना विवाद चल रहा था। ग्रामीणों के मुताबिक, इस जमीन को लेकर दोनों पक्षों में पहले भी कई बार नोकझोंक हो चुकी थी। रविवार को खेतों पर काम करते समय दोनों पक्ष एक बार फिर आमने-सामने आ गए। शुरू में दोनों के बीच तीखी कहासुनी हुई, लेकिन जल्द ही गालियां और धमकियां लाठी-डंडों में बदल गईं।

### कई राउंड फायरिंग से गूंजा गांव, चार सगे भाई लहूलुहान

विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष ने अवैध हथियारों से सरेआम फायरिंग शुरू कर दी। गांव में कई राउंड गोलियां चलने से मौके पर भगदड़ मच गई। इस खूनी संघर्ष और फायरिंग में दूसरे पक्ष के जिलानी खान के चार बेटे- आरिफ, शारिक, वामिक और शारिफ गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पुष्टि हुई है कि इनमें से दो भाइयों को फायरिंग के दौरान गोलियों के छर्रे लगे हैं, जबकि अन्य दो को लाठी-डंडों की मारपीट में गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को खून से लथपथ हालत में तत्काल अस्पताल भेजा गया।

### गांव में तनाव, सीओ भारी फोर्स के साथ पहुंचे, सात पर एफआईआर

गोलीबारी की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सीओ अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना बहेड़ी और देवरनियां पुलिस का भारी अमला मौके पर पहुंचा और गांव को सुरक्षा घेरे में ले लिया। सीओ ने फायरिंग की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में कर लिया है और संवेदनशील माहौल को देखते हुए गांव में पुलिस पिकेट तैनात कर दी गई है।

इस हिंसक घटना पर पुलिस ने सख्त एक्शन लेते हुए आरोपी पक्ष के शबाब, शहदाब पुत्रगण अशफाक खान, शब्बू, शादाब पुत्रगण यासीन खान, अतीक खान, फरदीन पुत्रगण महबूब खान और शराफत खान पुत्र लियाकत खान के खिलाफ हत्या के प्रयास और बलवा सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है और बाकियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# बरेली में शादी समारोह में बवाल, दूल्हा और बरातियों को पुलिस थाने लाई

■ खाने को लेकर शुरू हुआ विवाद, दुल्हन पक्ष ने दहेज मांगने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र के एक बरातघर में शनिवार रात उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब पीलीभीत जिले से आई बरात में खाने को लेकर विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ा कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और बरातियों के साथ मारपीट होने लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस दूल्हे और उसके परिजनों को थाने ले आई।

जानकारी के मुताबिक देवरनियां थाना क्षेत्र के रिछा निवासी युवती का निकाह पीलीभीत जिले के बिलसंडा निवासी युवक से तय हुआ था। दूल्हा बहराइच जिले में सरकारी शिक्षक बताया जा रहा है। शादी समारोह पीलीभीत रोड स्थित एक बरातघर में आयोजित किया गया था, जहां दुल्हन पक्ष की ओर से भव्य इंतजाम किए गए थे।

बताया जाता है कि रात में भोजन के दौरान दूल्हे ने खाने की गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जताई और खराब खाना परोसे जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। उसके समर्थन में कई बराती भी खड़े हो गए। विवाद बढ़ने पर बरात वापस ले जाने की स्थिति बन गई।

आरोप है कि इसके बाद दुल्हन पक्ष के लोगों ने बरातघर का गेट बंद कर दिया और हंगामा कर रहे बरातियों के साथ मारपीट की। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पीआरवी 112 और थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दूल्हे समेत कुछ लोगों को थाने ले गई।

दुल्हन पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर दूल्हा पक्ष पर दहेज मांगने और गुंडागर्दी करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शादी में करीब 30 लाख रुपये खर्च किए गए और स्विफ्ट डिजायर कार भी दी गई, लेकिन इसके बावजूद दूल्हा पक्ष स्कॉर्पियो गाड़ी की मांग कर रहा था।

रुहेलखंड चौकी प्रभारी नितिन राणा ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों से जानकारी ली। थाना प्रभारी विज. ेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच समझौते की कोशिश चल रही है। समझौता न होने पर पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी।

## एक नजर

### स्वास्थ्य केन्द्र की खिड़की की सरिया काटकर कंप्यूटर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव कुंडरा कोठी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की खिड़की में लगी सरिया काटकर चोर कंप्यूटर और उसका सामान चोरी कर ले गए। घटना की रिपोर्ट लैब टेक्नीशियन द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ दर्ज कराई गई है।

स्वास्थ केन्द्र के लैब टेक्नीशियन शिवम द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक वह जब 22 मई को केंद्र पर गया तो केन्द्र की खिड़की की सरिया कटी हुई थी, जब उसने अन्दर जाकर देखा तो वहां रखा कंप्यूटर, कीबोर्ड, सीपीयू, समर सेवल की केविल के साथ ही सारा रिकॉर्ड फटा हुआ था।

लैब टेक्नीशियन शिवम ने इस मामले की थाना नवाबगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी का आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के आरोप में तीन पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव में कंप्यूटर कोचिंग जा रही किशोरी का पीछा करने और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री वायरल करने के आरोप में पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि शनिवार शाम करीब पांच बजे उसकी नाबालिग पुत्री कंप्यूटर कोचिंग के लिए जा रही थी। इसी दौरान गांव के ही शैलेष, अनुराग और मोनू उसकी पुत्री का पीछा करते हुए काफी दूर तक गए। आरोप है कि युवकों ने अशोभनीय गीत लगाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल कर दिया।पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीनों नामजद आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कारोबार की रंजिश में युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

कनपटी में लगी गोली, छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में शनिवार रात कारोबार की रंजिश में एक युवक को गोली मार दी गई। गोली युवक की कनपटी में लगी है, जिससे उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने घायल युवक की मां की तहरीर पर छह आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कैंट इंस्पेक्टर संजय धीर ने बताया कि 25 वर्षीय जयवीर कश्यप शनिवार रात गांव के प्राथमिक स्कूल के पास गंभीर हालत में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे अस्पताल लेकर गए। घायल की मां ओम कुमारी ने सरवन, प्रेमपाल, सुनील उर्फ बब्लू, अंशु, दीपक और पंकज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

तहरीर के अनुसार जयवीर शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे खाना खाने के बाद टहलने निकला था। जब वह गांव के प्राइमरी स्कूल के पीछे खेत की ओर पहुंचा, तभी आरोपियों ने उसे घेर लिया। आरोप है कि सरवन ने तमंचे से उसकी कनपटी पर गोली मार दी। गोली लगते ही जयवीर जमीन पर गिर पड़ा। गोली चलने की आवाज सुनकर ग्रामीण और परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो चुके थे। घायल को इलाज के लिए कई अस्पतालों में ले जाया गया, मगर हालत गंभीर होने पर उसे एक निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस जांच में सामने आया है कि घायल जयवीर और उसके चचेरे भाई राजकरण का आरोपियों के साथ क्रॉकरी और टेंट का साझा कारोबार था। कारोबार में विवाद के बाद साझेदारी टूट गई थी। ग्राहकों को लेकर दोनों पक्षों में पहले भी कई बार विवाद और मारपीट हो चुकी है। दोनों पक्षों के खिलाफ पूर्व से कई मुकदमे भी दर्ज बताए जा रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उपनि. रीक्षक राकेश कुमार को विवेचना सौंपी गई है।

### सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी ने रिश्ते को किया शर्मसार भांजी से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

रिवॉल्वर दिखाकर कार में किया दुष्कर्म, शादी न करने पर परिवार को जान से मारने की दी धमकी

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। सेना से सेवानिवृत्त एक व्यक्ति पर अपनी रिश्ते की भांजी के साथ दुष्कर्म करने, अश्लील फोटो खींचने और परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पुलिस ने छात्रा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पीड़िता सीडीएस की तैयारी कर रही है। उसने पुलिस को बताया कि आरोपी उसका दूर के रिश्ते का मामा है और सेना से सेवानिवृत्त होने के कारण उसने एनसीसी और सेना भर्ती से जुड़ी जानकारी लेने के लिए उससे संपर्क किया था। आरोपी ने मदद का भरोसा देकर उसे अपने घर बुलाया। आरोप है कि सितंबर 2025 में जब छात्रा उसके घर गई तो उसने उसके साथ छेड़छाड़ की। डर और बदनामी के कारण छात्रा ने उस समय किसी को कुछ नहीं बताया।

पीड़िता के अनुसार दिसंबर में विद्यालय की ओर से लगाए गए कैंप के दौरान आरोपी उसे कैंप के बाहर बुलाकर कार में ले गया। वहां उसने रिवॉल्वर दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और कार में ही दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसके अश्लील फोटो भी खींच लिए। इसके बाद जनवरी में पीलीभीत बाइपास पर फिर कार रोककर उसके साथ दुष्कर्म किया गया।

छात्रा ने बताया कि 21 मई को आरोपी उसके घर पहुंचा और परिवार पर उसी से शादी कराने का दबाव बनाने लगा। उसने धमकी दी कि यदि छात्रा की शादी कहीं और तय की गई तो पूरे परिवार को खत्म कर देगा।

इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि शुरुआत में छात्रा और उसके परिजन केवल आरोपी से पीछा छुड़ाना चाहते थे। इसी वजह से दोनों पक्षों को थाने बुलाकर समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन आरोपी थाने में भी छात्रा को धमकाने लगा। इसके बाद छात्रा ने महिला दरोगा को पूरी घटना बताई। मामला खुलते ही आरोपी वहां से खिसकने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

एएसपी शिवम आशुतोष ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि वह सेना से रिटायर होने के बाद निजी नौकरी कर रहा है, और पीड़िता की पढ़ाई में आर्थिक मदद करता था। इसी दौरान उसकी नीयत खराब हो गई। पुलिस ने आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# युवक की सड़क हादसे में मौत, भाई अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** परसाखेड़ा रेड लाइट के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मीरगंज निवासी बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं शव को पोस्टमार्टम के बाद रविवार सुबह परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया।

मीरगंज क्षेत्र के ग्राम ठिरिया खुर्द निवासी सुभाष गंग. वार पुत्र ओमप्रकाश अपने छोटे भाई अवधेश गंगवार के साथ किसी रिश्तेदारी में जा रहे थे। बताया जाता है कि परसाखेड़ा रेड लाइट पर लाल बत्ती होने के कारण दोनों बाइक रोककर खड़े हो गए।

उनके पीछे एक टेंपो खड़ा था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार कार ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो अनियंत्रित होकर बाइक सवारों के ऊपर पलट गया।

हादसे में सुभाष गंगवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छोटे भाई अवधेश गंगवार गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके हाथ और पैर में फ्रैक्चर बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया और मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रात्रि में पोस्टमार्टम के बाद रविवार सुबह शव घर पहुंचा, जहां गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया।बताया गया कि मृतक सुभाष गंगवार की पत्नी का पहले ही निधन हो चुका था।

उनके परिवार में एक पुत्र शिवम गंगवार है जिसकी करीब एक माह पूर्व ही शादी हुई थी। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट का आरोप

■ पति, ससुर, ननद व बहनोई समेत सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने, मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम जौनेर निवासी रेखा देवी पुत्री जीवन लाल ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब एक वर्ष पूर्व थाना मीरगंज क्षेत्र के ग्राम नगरिया कल्यानपुर निवासी गौरव श्रीवास्तव पुत्र श्रीराम श्रीवास्तव के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से पति गौरव श्रीवास्तव, ससुर श्रीराम श्रीवास्तव, ननद ऊषा पत्नी विपिन, ननद छोटी पत्नी धर्मेंद्र, बहनोई धर्मेंद्र, बहनोई विपिन तथा देवर कौशल श्रीवास्तव अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे।विवाहिता का आरोप है कि विरोध करने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट की और गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। किसी तरह उसने मायके वालों को फोन कर घटना की जानकारी दी। आरोप है कि 21 मई की शाम करीब 5:30 बजे जब मायके पक्ष के लोग ससुराल पहुंचे तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी।कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बरेली से दिल्ली-जेवर की उड़ान को मिली मंजूरी, जुलाई से शुरू होगी हवाई सेवा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** दिल्ली और जेवर एयरपोर्ट के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे यात्रियों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। जुलाई से बरेली एयरपोर्ट से दिल्ली और जेवर के लिए नियमित विमान सेवा शुरू होगी। इंडिगो एयरलाइंस एक जुलाई से दिल्ली और दो जुलाई से जेवर एयरपोर्ट के लिए उड़ान संचालन शुरू करेगी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से अनुमति मिलने के बाद कंपनी ने उड़ानों का शेड्यूल भी जारी कर दिया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों के मुताबिक, बरेली से दिल्ली के लिए 78 सीटर एटीआर विमान प्रतिदिन अपराह्न तीन बजे उड़ान भरेगा और शाम 4:05 बजे दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचेगा। वहीं दिल्ली से बरेली के लिए विमान दोपहर 1:35 बजे रवाना होगा और 2:35 बजे बरेली पहुंचेगा। इसके अलावा दो जुलाई से बरेली से जेवर एयरपोर्ट के लिए भी उड़ान सेवा शुरू होगी। बरेली से विमान दोपहर 12:05 बजे रवाना होकर एक बजे जेवर पहुंचेगा। वहीं जेवर से बरेली के लिए उड़ान सुबह 10:30 बजे चलेगी और 11:20 बजे बरेली एयरपोर्ट पहुंचेगी। नई हवाई सेवा शुरू होने से बरेली मंडल के यात्रियों, व्यापारियों और उद्यमियों को बड़ा लाभ मिलेगा। बरेली एयरपोर्ट के निदेशक अवधेश अग्रवाल ने बताया कि डीजीसीए से अनुमति मिलने के बाद उड़ान संचालन का कार्यक्रम तय कर दिया गया है।

# तीन माह बाद शुरू हुआ ट्रांसफार्मरों में केविल जोड़ने का कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** तीन माह से सफेद हाथी बनकर खड़े अतिरिक्त दर्जन भर ट्रांसफार्मरों पर आज ठेकेदार ने केविल डालने का काम शुरू करा दिया। काम शुरू होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली तथा शाह टाइम्स की खबर का धन्यवाद भी किया।

बताते चलें कि शीशगढ़ कस्बे में ओवरलोडिंग, बिजली आपूर्ति की गंभीर समस्या का समाधान कराने के उद्देश्य से चेयरमैन नीलोफर ने अपने अथक प्रयासों से शीशगढ़ कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में दर्जन भर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्वीकृत कराए थे। ट्रांसफार्मर अपने निर्धारित स्थानों पर लगा दिए गए थे। तीन माह से ट्रांसफर्मर सफेद हाथी साबित हो रहे थे। ठेकेदार की लापरवाही से ट्रांसफार्मरों पर केविल डालने का कार्य तीन माह से लटका पड़ा था। दैनिक शाह टाइम्स ने इस खबर को प्रमुखता से छापा था। खबर का असर हुआ। अधिशासी अभियंता चमन प्रकाश ने ठेकेदार को फटकार लगाई और आज ठेकेदार ने लेवर लगाकर कार्य शुरू करा दिया।

शाह टाइम्स की खबर का हुआ असर



शीशगढ़ में लगे सभी अतिरिक्त ट्रांसफार्मरों पर केविल डालने का कार्य आज शुरू करा दिया गया है। ठेकेदार को जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश जारी किए गए है। उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति मिले यही हमारा प्रयास है।

**चमन प्रकाश, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड बहेड़ी**

कस्बे की जनता को बेहतर बिजली आपूर्ति मिले इसी उद्देश्य से हमने पूरे कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में दर्जन भर अतिरिक्त ट्रांसफर स्वीकृत कराकर लगवाए गए हैं। अब केविल डालने का कार्य शुरू हो गया है। कस्बे के लोगों को अब बेहतर बिजली आपूर्ति मिलेगी अभी जर्जर केविल को बदलने का कार्य भी कराया जाएगा।

**नीलोफर, चेयरमैन नगर पंचायत, शीशगढ़**

# फर्जी दस्तावेजों से कार लोन दिलाने वाला गिरोह पकड़ा, पिता-पुत्र गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ चार लग्जरी कारें बरामद, बैंक कर्मचारी की मिलीभगत भी आई सामने

**बरेली।** बारादरी थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंकों से कार लोन लेने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चार लग्जरी कारें, फर्जी आय प्रमाणपत्र और निवास प्रमाणपत्र बरामद किए हैं। मामले में एक बैंक कर्मचारी की भूमिका भी सामने आई है, जिसकी जांच की जा रही है।

थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि 99 बीघा मैदान क्षेत्र में फर्जी लोन से निकाली गई गाड़ियों को बेचने की तैयारी की जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने मौके से मोहम्मद शामी उर्फ शेरा और उसके बेटे मोहम्मद सैराब को गिरफ्तार कर लिया।

मौके से चार महंगी कारें बरामद हुईं। पूछताछ में आरोपी सैराब ने बताया कि वह अपने पिता और बैंक कर्मचारी रविंद्र कुमार निश्छल के साथ मिलकर फर्जीवाड़ा करता था। गिरोह फर्जी आय प्रमाणपत्र और निवास प्रमाणपत्र तैयार कर बैंकों से कार लोन पास कराता था। इसके बाद गाड़ियों को दूसरे राज्यों में बेच दिया जाता था।

पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने अब तक सात गाड़ियां फर्जी तरीके से लोन पर निकलवाई थीं। इनमें से कई वाहन दूसरे राज्यों में बेचे जा चुके हैं। मामले में बैंक कर्मचारी रविंद्र कुमार निश्छल की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है। पुलिस उसकी संलिप्तता की जांच कर रही है और जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस का कहना है कि इस फर्जीवाड़े से बैंकों को लाखों रुपये का नुकसान पहुंचा है। गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश भी की जा रही है।

# झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार की पत्नी की द्वितीय दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** संतोष कुमार गंगवार के भारत सेवा ट्रस्ट स्थित आवास पर उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय सौभाग्यवती गंग. वार की द्वितीय पुण्यतिथि पर आत्मा की शांति के लिए हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासन-प्रशासन, भाजपा संगठन के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने शामिल होकर स्वर्गीय सौभाग्यवती गंगवार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



कार्यक्रम में प्रदेश के वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, जनप्रतिनिधियों सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इसके अलावा मेरठ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. त्रिवेणी दत्त,जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा,जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह वीरू, रवि रस्तोगी, देवेश गंगवार एडवोकेट, अनिल कुमार सक्सेना एडवोकेट, ललित अवस्थी, उदयभान कटियार, पवन शर्मा, राजकुमार शर्मा, सतीश रस्तोगी, अनिल गुप्ता समेत बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।शांति यज्ञ में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, पुत्र अपूर्व गंगवार, पुत्री जिला सहकारी बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार, दामाद सुबोध सचान तथा परिवार के अन्य निकट संबंधियों ने सहभागिता कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# गंगास्नान मेले से पहले रामगंगा घाटों पर चला सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** जेठ दशहरा के अवसर पर क्षेत्र के गोरा लोकनाथपुर में लगने वाले गंगास्नान मेले की तैयारियां रविवार को पूरी कर ली गईं। मेला कमेटी ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर आवश्यक इंतजाम किए हैं। वहीं, गंगा स्नान मेले को देखते हुए युवाओं ने रामगंगा घाटों पर सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।



मेला कमेटी के सदस्य विनोद शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोकने के लिए घाटों पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। श्रद्धालुओं के लिए रामगंगा किनारे करीब आधा दर्जन हैंडपंप लगाए गए हैं, जिससे पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। वहीं, रामग. ंगा किनारे रेत में अस्थायी दुकानें भी सज गई हैं।हालांकि श्रद्धालुओं को इस बार घाटों तक पहुंचने के लिए धूल भरे रास्ते से गुजरना पड़ेगा। बताया गया कि गत वर्ष आई बाढ़ में गोरा और पुल के बीच सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। पीडब्ल्यूडी ने कटे हिस्सों में मिट्टी डलवा दी है, लेकिन सड़क की मरम्मत अब तक नहीं हो सकी है।

वाहनों के निकलने से मिट्टी उड़ने के कारण धूल की समस्या बनी हुई है। सड़क खराब होने से मेले के दौरान जाम की स्थिति बनने की आशंका भी जताई जा रही है।

उधर, जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी विशाल गंगवार के नेतृत्व में क्षेत्र के युवाओं ने रविवार को रामगंगा घाटों पर सफाई अभियान चलाया। युवाओं ने घाटों पर जमा जलकुंभी, नदी में पड़ी मूर्तियां, फोटो और प्लास्टिक की थैलियां निक. ालकर गड्ढा खोदकर उनका निस्तारण किया।

समाजसेवी विशाल गंगवार ने श्रद्धालुओं से अपील की कि स्नान के बाद हवन की राख, पॉलीथिन और टूटी मूर्तियां नदी में न डालें।सफाई अभियान में सुमित, कुलदीप, सुशील, टिंकू, अंतरिक्ष, अतुल, आकाश, अमन, जयवीर, प्रभात, शिवम, विजय, सारंग और प्रवीण समेत कई युवा शामिल रहे।

# सोशल मीडिया पर अब अफवाहों की नहीं चलेगी मनमानी

■ बरेली जोन के इन्फ्रलुएंसर्स संग पुलिस की बड़ी बैठक, साइबर सुरक्षा पर जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** रील्स, वायरल पोस्ट और फॉलोअर्स की तेजी से बदलती डिजिटल दुनिया में अब सोशल मीडिया को कानून-व्यवस्था और जनजागरूकता का मजबूत माध्यम बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। रविवार को बरेली पुलिस लाइन स्थित रविन्द्रालय में आयोजित कनेक्ट बरेली जोन इन्फ्लुएंसर्स मीट यूपी-2026 में पुलिस अधिकारियों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने मिलकर जिम्मेदार डिजिटल नागरिकता का संदेश दिया।



सम्मेलन में बरेली जोन के नौ जिलों से पहुंचे 100 से अधिक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, कंटेंट क्रिएटर्स और डिजिटल वॉलंटियर्स ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में साफ तौर पर कहा गया कि सोशल मीडिया अब केवल मनो. रंजन का मंच नहीं रह गया है, बल्कि यह जनमत निर्माण, जागरूकता और कानून-व्यवस्था बनाए रखने का प्रभावी हथियार बन चुका है। एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने कहा कि एक वायरल पोस्ट समाज में शांति भी ला सकती है और तनाव भी फैला सकती है। इसलिए सोशल मीडिया पर सक्रिय युवाओं की जिम्मेदारी बेहद अहम हो जाती है। उन्होंने कहा कि डिजिटल वॉलंटियर्स कार्यक्रम अफवाहों पर रोक लगाने और सही सूचनाओं को तेजी से लोगों तक पहुंच. ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि फेक न्यूज और भ्रामक सूचनाएं समाज में अव्यवस्था पैदा कर सकती हैं। उन्होंने इन्फ्लुएंसर्स से अपील की कि किसी भी पोस्ट या वीडियो को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच अवश्य करें।



सम्मेलन में साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन फ्रॉड, महिला सुरक्षा और ट्रैफिक जागरूकता जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। पीलीभीत के एएसपी विक्रम दहिया ने साइबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी के नए तरीकों की जानकारी दी। संभल के एएसपी मनोज रावत ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन पर जोर दिया।

एएसपी शिवम आशुतोष और एएसपी डॉ. नताशा गोयल ने डिजिटल कंटेंट से जुड़े कानूनी पहलुओं और आईटी एक्ट की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी धर्म, वर्ग या समुदाय की भावनाओं को आहत करने वाला कंटेंट कानूनी कार्रवाई का कारण बन सकता है।

महिला सुरक्षा पर एएसपी सोनाली मिश्रा ने कहा कि सोशल मीडिया महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बन सकता है। उन्होंने वुमन पावर हेल्पलाइन 1090 सहित विभिन्न सुरक्षा सेवाओं की जानकारी भी दी। सम्मेलन में बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, संभल और बिजनौर से आए इन्फ्लुएंसर्स ने डिजिटल जागरूकता अभियान में सक्रिय सहयोग देने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम का संचालन सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर वरुण वशिष्ठ ने किया।

# 40 हजार की मादक सामग्री के साथ कुंवरगांव पुलिस ने एक युवक दबोचा

■ डोडा छिलका और चाकू के साथ मादक सामग्री भी हुई बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** थाना कुंवरगांव पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 5 किलो 350 ग्राम डोडा छिलका तथा एक चाकू बरामद किया है। बरामद डोडा छिलका की अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 40 हजार रुपये बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार 23 मई 2026 की रात कुंवरगांव-आंवला रोड स्थित सिगोई मोड़ के पास बने यात्री शेड से शाकिब उर्फ चीता पुत्र शाकिर निवासी थाना के पीछे कस्बा अलीगंज जनपद बरेली को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की उम्र करीब 22 वर्ष बताई गई है।

इस संबंध में थाना कुंवरगांव में मुकदमा संख्या 77/26 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट एवं 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल वीरेश कुमार तथा कांस्टेबल गौरव शर्मा शामिल रहे।

# इंसानियत शर्मसार: पशु प्रेमियों में आक्रोश

■ बाइक से बांधकर कुत्ते को बेरहमी से घसीटा, वीडियो वायरल
■ आरोपियों की पहचान के बावजूद पुलिस मौन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** जनपद में बेजुबान जानवरों के खिलाफ क्रूरता के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला थाना अलापुर क्षेत्र से सामने आया है, जहां कुछ दबंगों ने मानवता को शर्मसार करते हुए एक बेजुबान मादा कुत्ते को मोटरसाइकिल के पीछे रस्सी से बांधकर बेरहमी से सड़क पर घसीटा। इस रूह कंपा देने वाली घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर पशु प्रेमियों और आम जनता में भारी आक्रोश है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वायरल वीडियो थाना अलापुर क्षेत्र के ग्राम इकरी का बताया जा रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दो युवक मोटरसाइकिल पर सवार हैं और उन्होंने एक बेजुबान मादा कुत्ते को क्रूरतापूर्वक गाड़ी के पीछे बांध रखा है। वे मोटरसाइकिल को तेज रफ्तार में दौड़ा रहे हैं, जिसके कारण कुत्ता सड़क पर बुरी तरह घसीटता हुआ जा रहा है। वीडियो के आधार पर स्थानीय लोगों ने आरोपियों की पहचान ग्राम इकरी निवासी शहजादे के भाइयों के रूप में की है। बेजुबान जानवर दर्द से चीखता रहा, लेकिन बाइक सवारों का दिल नहीं पघला।

इस वीभत्स घटना के बाद जिले की कानून व्यवस्था और पशु संरक्षण दावों की पोल खुल गई है। हैरान करने वाली बात यह है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्वयं जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की उपाध्यक्ष हैं। इसके बावजूद, पुलिस और प्रशासन इस तरह की घटनाओं को रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों और पशु कार्यकर्ताओं का आरोप है कि रसूखदारों के दबाव या प्रशासनिक शिथिलता के कारण दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिले में आए दिन पशुओं पर हो रहे अत्याचारों से साफ है कि समिति सिर्फ कागजों पर ही सीमित रह गई है।

## एक नजर

# पीटीआर में अब लेपर्ड सफारी की तैयारी, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** देशभर में अपने टाइगर के लिए प्रसिद्ध पीलीभीत टाइगर रिजर्व अब जल्द लेपर्ड सफारी की पर्यटकों के लिए शुरूआत करने जा रहा है लेपर्ड सफारी की तैयारी के लिए अधिकारियों ने रविवार को प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। पीटीआर के फील्ड डायरेक्टर पीपी सिंह ने



प्रस्तावित तेंदुआ सफारी स्थल का निरीक्षण करते हुए पानी की उपलब्धता की समीक्षा की, शिकार की उपलब्धता का आकलन किया और भूमि अभिलेखों, प्रवेश द्वार के स्थान और आगामी अवसंरचना विकास पर मंथन किया। लेपर्ड सफारी प्रस्तावित स्थल का क्षेत्रफल 1716 हेक्टेयर है। निरीक्षण के दौरान शाहजहांपुर और पीलीभीत दोनों की टीमें मौजूद थीं।

# बिजली संकट पर सपा नेता आदर्श पाण्डेय का सरकार पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

> बोले- भाषण नहीं, स्थायी समाधान चाहिए

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी के जिला सचिव आदर्श पाण्डेय ने प्रदेश में व्याप्त बिजली संकट, पानी की समस्या और भीषण गर्मी को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने श्शुभ प्रभात साथियोंश के संबोधन के साथ सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि घंटों की कटौती ने आम लोगों, मरीजों, बच्चों, किसानों और व्यापारियों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। आदर्श पाण्डेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता आज भीषण बिजली संकट से जूझ रही है। घंटों की अघोषित कटौती से जनजीवन प्रभावित है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन जमीनी हकीकत में बिजली व्यवस्था लगातार बदहाल होती जा रही है। न पर्याप्त नई व्यवस्था बनी, न जनता को राहत मिली। पाण्डेय ने दावा किया कि ऊपर से शिकायत करने वालों को डराने और दबाने की खबरें भी सामने आ रही हैं। आदर्श पाण्डेय ने जनता से अपील की कि वे अपना गुस्सा छोटे कर्मचारियों या लाइनमैन पर न निकालें। उन्होंने कहा कि लाइनमैन और फील्ड स्टाफ भी सीमित संसाधनों और भारी दबाव में काम कर रहे हैं। जनता सवाल उन लोगों से पूछे जो सत्ता में बैठकर व्यवस्था संभालने का दावा करते हैं। सपा नेता ने कहा, ष्अब समय आ गया है कि जनता को भाषण नहीं, स्थायी समाधान मिले।ष उन्होंने गर्मी के साथ पानी की समस्या का भी जिक्र किया और कहा कि बिजली न होने से पानी की सप्लाई भी ठप हो जाती है।

# सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय, पीलीभीत के जैव रसायन विभाग द्वारा 24 मई 2026 रविवार को "ब्रिजिंग मॉलीक्यूल्स टू मेडिसिन" विषय पर एक दिवसीय सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (सीएमई सह बायोकेमिस्ट्री मॉडल एग्जीबिशन) का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एसोसिएशन ऑफ क्लिनिकल केमिस्ट्री एंड लैब मेडिसिन प्रैक्टिशनर्स (एसीसीएलएमपी) के तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश पुरी, रामा मेडिकल कॉलेज, हापुड़ रहे। उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, आधुनिक व्यवस्थाओं एवं संकाय सदस्यों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पीलीभीत मेडिकल कॉलेज तेजी से उत्कृष्ट चिकित्सा शिक्षा के केंद्र के रूप में उभर रहा है।

विशिष्ट अतिथि डॉ. किरण भट्ट, एचआईएमएस, देहरादून ने संस्थान की भव्यता एवं शैक्षणिक वातावरण की प्रशंसा करते हुए इसकी तुलना ताजमहल से की। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का शैक्षणिक एवं अधोसंरचनात्मक विकास अत्यंत प्रभावशाली है। कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों के वरिष्ठ प्राध्यापक, विशेषज्ञ एवं संकाय सदस्यों ने सहभागिता की।

इस अवसर पर डॉ. कल्पना सिंह (केजीएमयू, लखनऊ), डॉ. रीना रानी (आरएमएलआईएमएस, लखनऊ), डॉ. प्रतिभा गवेल (होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल, वाराणसी), डॉ. पी. उषा किरण (टीएमएमसी एंड आरसी, मुरादाबाद), डॉ. मनोज गुप्ता (एसआरएमएस- आईएमएस, बरेली), डॉ. किरण भट्ट (एचआईएमएस, देहरादून), डॉ. तारिक महमूद (एरा मेडिकल कॉलेज, लखनऊ) एवं डॉ. अरविंद एम (आईसीयू प्रभारी, एएसएमसी पीलीभीत) सहित अनेक विशेषज्ञों ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए।

सीएमई के दौरान आधुनिक प्रयोगशाला तकनीकों, कार्डियक एवं ऑन्को-बायोमार्कर्स, जीवनशैली जनित रोगों, क्वालिटी इंडिकेटर्स, जीन एडिटिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित डायग्नोस्टिक्स, एबीजी एवं इलेक्ट्रोलाइट्स की क्लिनिकल व्याख्या जैसे समसामयिक एवं महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत अकादमिक चर्चा हुई।

कार्यक्रम की आयोजन सचिव एवं जैव रसायन विभागाध्यक्ष डॉ. शिखा सक्सेना ने बताया कि इस सीएमई का उद्देश्य आधुनिक प्रयोगशाला विज्ञान एवं क्लिनिकल चिकित्सा के मध्य समन्वय स्थापित करना तथा विद्यार्थियों एवं चिकित्सकों को नवीनतम वैज्ञानिक प्रगति से अवगत कराना था।

आर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. प्रेमचंद श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी विशेषज्ञों, प्रतिभागियों, संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों, मीडिया प्रतिनिधियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षाकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर डॉ. गिरीश कुमार अनेजा, डॉ. अरुण सिंह, डॉ. जगदंबा शरण, डॉ. श्रेयशी वक्श, डॉ. मुकेश पांडेय, डॉ. ज्योति त्रिवेदी, डॉ. प्रदीप शेखावत, डॉ. पवन जोशी, डॉ. सौरभ राय सहित अनेक चिकित्सक एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. जारा एवं डॉ. हुमा खान द्वारा अत्यंत प्रभावशाली एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया गया।

# भाकियू राष्ट्रीयतावादी संगठन के बैनर तले बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** भाकियू राष्ट्रीयतावादी संगठन का विस्तार जोरों से हो रहा है। संगठन की नीतियों से प्रभावित होकर लोग इसमें जुड़ रहे। घुघंचाई में सत्यप्रकाश कश्यप उर्फ नत्थू लाल की अध्यक्षता में भाकियू राष्ट्रीयतावादी संगठन की पंचायत का आयोजन किया गया।जिसमें सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर अपने विचार व्यक्त किये।

संगठन के जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र दद्दा ने बताया कि यह कोई राजनी. तिक संगठन नहीं है जिसमें कि मुंहदेखी बात की जाये। यह किसानों का संगठन है, जिसमें मजदूर, असहाय, गरीबों, पीड़ितों की मदद की जातीहै। जिलाध्यक्ष ने बताया कि हम लगातार लोगों की मदद करते चले आ रहे।हमने हमेशा अन्याय के खिलाफ ही जंग लड़ी है और प्रशासन के भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्यवाई भी करवाई है। जिला महामंत्री जाहिदनूर सिद्दकी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुये बताया कि अब प्रशासनिक महकमे में भ्रष्टाचार चरमसीमा पर पहुंच चुका है। बिना पैसों के कोई भी अधिकारी काम नहीं करना चाहता है।पीड़ितों से ही कार्यवाई करने के नाम पर पैसा ऐंठ लिया जाता है और बाद में उनको ही धमकाकर उन्हीं पर कार्यवाई कर दी जाती है। जिला कोषाध्यक्ष अशोक मिश्रा ने भी अपने विचारों पर प्रशासन को अड़े हाथों लिया बताया कि किसान ही देश की रीढ़ की हड्डी है और उसी के साथ शोषण किया जा रहा है। पंचायत में पहुंचे काफी लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। पंचायत में मुख्य रुप जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र दद्दा, जिला महामंत्री जाहिदनूर सिद्दकी, जिला कोषाध्यक्ष अशोक मिश्रा, युवा जिलाध्यक्ष ठा. पंकज सिंह, मो.अहमद मंडल अध्यक्ष, अखिलेश स्वर्णकार, संत. राम, गौरव अवस्थी, गुरु प्रसाद पाल, नत्थू लाल, वेदप्रकाश भारती, संजय बाजपेई, कमलेश, जीशान, नितिन बाजपेई, मुश्ताक अली, कपिल शर्मा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग को लेकर महिलाओं ने डीएम से की फरीयाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

> कोर्ट में विचाराधीन है मामला उसके बाद भी दबंगों ने कर रखा कब्जा

**कुंवर गांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम दुगरैय्या निवासी दो महिलाओं ने अपनी पैतृक जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़ित महिलाओं ने आरोप लगाया है कि विपक्षी पक्ष द्वारा उनकी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया है और विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

शिकायती पत्र में श्रीमती प्रीति पत्नी राकेश एवं श्रीमती सुनीता पत्नी लेखराज ने बताया कि उनके पति के हिस्से की जमीन गाटा संख्या 429/01 में से एक चौथाई हिस्से पर विपक्षियों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। मामले को लेकर न्यायालय में वर्ष 2020 से वाद विचाराधीन है

महिलाओं का आरोप है कि न्यायालय में मामला लंबित होने के बावजूद विपक्षी पक्ष जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहा है तथा भूमि पर गोबर, समरसेबल, चारा मशीन आदि रखकर अतिक्रमण किया जा रहा है।जगह पर ट्रेक्टर ट्राली द्वारा मिट्टी डालवाई जा रही है विरोध करने पर दबंगों द्वारा झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी जाती है।

पीड़ित महिलाओं ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर जमीन पर कब्जा दिलाने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है। वहीं थानाध्यक्ष कुंवर गांव को विवादित स्थल की जांच कर आख्या देने के लिए कहा गया । महिलाओं का यह भी आरोप है कि वह दो दिन से थाने के चक्कर लगा रही हैं लेकिन पुलिस उनकी मदद नहीं कर रही है ।

# अधिकारियों की खुले में कुर्बानी न करने की अपील

■ साफ-सफाई विशेष ध्यान रखने की कही बात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) के त्योहार को क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और आपसी सौहार्द के साथ संपन्न कराने के लिए पूरनपुर कोतवाली परिसर में एक महत्वपूर्ण पीस मीटिंग का आयोजन किया गया।



बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने की। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों और धर्मगुरुओं से संवाद कर त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की।

बैठक के दौरान स्थानीय नागरिको ने नगर पालिका देहात क्षेत्र क्षेत्र की जनसमस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने विशेष रूप से ब्लॉक रोड की जर्जर स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया और त्योहार के मद्देनजर उक्त मार्ग सहित पूरे नगर में मुकम्मल साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। धार्मिक मामलों और त्योहार की संवेदनशीलता पर बात करते हुए हाफिज नूर अहमद अजहरी ने कुर्बानी के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने समुदाय के लोगों से अपील करते हुए कहा कि, शासन और मजहबी गाइडलाइंस के अनुसार किसी भी हाल में कुर्बानी खुले में न की जाए।

उन्होंने प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करने और अवशेषों को सुरक्षित तरीके से निस्तारित करने पर जोर दिया क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया और कोतवाल पवन कुमार पांडे ने सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाते हुए कहा कि त्योहार के दौरान हुड़दंग करने वालों और सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। पुलिस बल क्षेत्र में लगातार गश्त करेगा।


बैठक में मुख्य रूप से हाफिज असलम नूरी, हाफिज अरशद खान, हाजी रियाजत नूर खान, सैफ रजा मोन्टू, तकी खान, जावेद खान, अमानत खां,नूरुल खा ताज मोहम्मद और हाजी फैयाज अहमद सहित भारी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग और जिम्मेदार नागरिक मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में प्रशासन को शांति व्यवस्था बनाए रखने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# Protmix Foods पोषण युक्त एवं हाई-प्रोटीन खाद्य उत्पादों को दे रही बढ़ावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** Protmix Foo के स्वास्थ्य एवं पोषण आधारित खाद्य उत्पादों के क्षेत्र में कार्य कर रही है। कंपनी का उद्देश्य लोगों को ऐसे खाद्य विकल्प उपलब्ध कराना है जो दैनिक पोषण आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दें।

कंपनी द्वारा विभिन्न प्रकार के हाई-प्रोटीन एवं पोषण युक्त उत्पाद विकसित किए गए हैं, जिनमें High Protein Wheat Flour, Jowar High Protein Gluten Free Flour, High Protein Dosa/Idli Premix, Chilla Premix तथा Dehydrated Sprouts Mix प्रमुख हैं। कंपनी का कहना है कि ये उत्पाद दैनिक आहार में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाने तथा संतु. लित पोषण उपलब्ध कराने में सहायक हो सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, प्रोटीन युक्त आहार लंबे समय तक पेट भरा रखने, ऊर्जा बनाए रखने तथा संतुलित भोजन को बढ़ावा देने में सहायक माना जाता है। साथ ही संतुलित प्रोटीन एवं फाइबर युक्त भोजन स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और ब्लड शुगर मैनेजमेंट में सहयोगी भूमिका निभा सकता है। हालांकि यह किसी प्रकार का चिकित्सीय उपचार नहीं है।




कंपनी के अनुसार, Protmix Food के सभी उत्पाद NABL मान्यता प्राप्त (NABL Accredited) प्रयोगशालाओं में परीक्षणित (Lab Tested) हैं। उत्पादों की गुणवत्ता, पोषण मानकों एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए लैब परीक्षण कराए गए हैं।

Protmix Foods की आधिकारिक वेबसाइट www.protmix.com पर उत्पादों से संबंधित जानकारी उपलब्ध है। इसके साथ ही वेबसाइट पर Protein Calculator सुविधा भी दी गई है, जिसके माध्यम से लोग अपनी दैनिक प्रोटीन आवश्यकता का अनुमान लगा सकते हैं तथा अपने पोषण स्तर का आकलन कर सकते हैं। कंपनी का लक्ष्य पीलीभीत से शुरू होकर अधिक लोगों तक स्वास्थ्य एवं पोषण आधारित खाद्य उत्पाद पहुंचाना तथा बेहतर पोषण जागरूकता को बढ़ावा देना है।

# बदायूं में खुला :किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी 'का एक्सक्लूसिव शोरूम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** देश के प्रतिष्ठित आभूषण ब्रांड 'किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी' ने बदायूं में अपने 29वें एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य शुभारंभ किया है। इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरी कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोल तथा सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। नए शोरूम के उद्घाटन के उपलक्ष्य में कंपनी ग्राहकों के लिए बेहद आकर्षक ऑफर्स लेकर आई है। इसके तहत ग्राहक डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 75 प्रतिशत तक की छूट तथा विशेष 'मंगल्यम कलेक्शन' की गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 50 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, लॉन्चिंग के पहले दिन नेचुरल डायमंड ज्वेलरी की खरीद पर ग्राहकों को 5 प्रतिशत की अतिरिक्त विशेष छूट भी दी गई।

हरी कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया ने कहा उत्तर प्रदेश हमारे लिए एक बेहद महत्वपूर्ण और संभावनाओं से भरपूर बाजार है। यहां के उपभोक्ताओं की बदलती पसंद और बढ़ती आकांक्षाएं विकास के नए अवसर प्रदान कर रही हैं। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के सीईओ पराग शाह ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा हमें बेहद खुशी है कि हम शहर के ग्राहकों के लिए एक ऐसा शोरूम लेकर आए हैं, जहां उन्हें भरोसेमंद कारीगरी, आधुनिक डिजाइन्स और प्रीमियम ज्वेलरी शॉपिंग का एक शानदार और पारदर्शी अनुभव मिलेगा।

# नाबालिग किशोरी को दूसरे समुदाय का युवक लेकर हुआ फरार, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी को गांव के ही दूसरे समुदाय का युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी के पिता ने घटना की रिपोर्ट दो सहेलियों समेत चार के खिलाफ दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी को गांव का ही दूसरे समुदाय का अरमान भगा ले गया। बताया जाता है कि किशोरी को भगा ले जाने में गांव के सलमान के साथ ही किशोरी की सहेलियों इरम और रजिया ने फोन से बात कराने में मदद की थी। मामला दो समुदाय का होने के चलते गांव में खासा आक्रोश पनप रहा है। किशोरी के पिता ने घटना कि नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस किशोरी की बरामदगी में लगी है।

# एआरटीओ ने ओवरलोड वाहन किए सीज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** ओवरलोडिंग के विरुद्ध विशेष संयुक्त प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान में परिवहन विभाग, पुलिस विभाग एवं खनन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सघन चेकिंग कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान सितारगंज मार्ग पर उत्तराखंड की ओर से आने वाले तीन माल वाहनों को निरुद्ध किया गया। जांच में उक्त वाहन निर्धारित क्षमता से क्रमशः 10 टन, 18 टन एवं 22 टन अधिक भार वहन करते पाए गए। उक्त वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए लगभग 1,75,000 हजार रूपए प्रशमन शुल्क अधिरोपित एवं वसूल किया गया। यह कार्रवाई थाना अध्यक्ष अमरिया एवं एआरटीओ पीलीभीत के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुई। इसके अतिरिक्त बीसलपुर क्षेत्र में भी चे. कंग अभियान चलाते हुए दो ओवरलोड वाहनों को निरुद्ध किया गया तथा एक वाहन के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। जांच के दौरान इन वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक माल का परिवहन पाया गया। आज की गई संयुक्त प्रवर्तन कार्रवाई में कुल पांच ओवरलोड वाहनों को सीज करते हुए लगभग 2,47,000 हजार प्रशमन शुल्क अधिरोपित किया गया। संबंधित विभागों द्वारा स्पष्ट किया गया कि ओवरलोडिंग के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी, जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके तथा सड़क क्षति एवं दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

विशेष अभियान के क्रम में रविवार को पुलिस प्रशासन एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त चे. कंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान उप जिलाधिकारी अमरिया मयंक गोस्वामी, क्षेत्राधिकारी जहानाबाद नताशा गोयल, एआरटीओ वीरेंद्र सिंह एवं यात्रीकर अधिकारी बर्डीस चतुर्वेदी द्वारा सितारगंज मार्ग से जनपद में प्रवेश करने वाले माल वाहनों की सघन जांच की गई। चे. कंग के दौरान तीन मालवाहन निर्धारित क्षमता से अधिक गिट्टी व रेता का परिवहन करते पाए गए। इस पर संबंधित वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्रवर्तन कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान एक वाहन का चालान करते हुए मौके पर ही प्रशमन शुल्क वसूल किया गया, जबकि दो अन्य वाहनों को क्रमशः थाना अमरिया एवं तहसील अमरिया में निरुद्ध कराया गया। अभियान के दौरान अधिकारियों द्वारा वाहन चालकों एवं वाहन स्वामियों को कड़ी चेतावनी दी गई कि वे अपने वाहनों में किसी भी प्रकार का ओवरलोड परिवहन न करें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमित रूप से चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत यदि कोई वाहन ओवरलोडिंग करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# बरेली के 23 केंद्रों पर यूपीएससी परीक्षा, गहरे सवालों में उलझे अभ्यर्थी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा रविवार को जिले के 23 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित हुई। परीक्षा में कुल 9161 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। सुबह की पाली समाप्त होने के बाद केंद्रों से बाहर निकले अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को अपोकृत कठिन और विश्लेषणात्मक बताया। अभ्यर्थियों के अनुसार इस बार अधिकांश प्रश्न सीधे पूछने के बजाय गहराई से पूछे गए थे, जिससे सही उत्तर चुनने में काफी समय लगा। परीक्षार्थियों ने बताया कि इतिहास, राजनीति, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था से जुड़े सवालों में अवधारणात्मक समझ की जांच की गई। वहीं करंट अफेयर्स के प्रश्न केवल घटनाओं तक सीमित न रहकर उनके प्रभाव और पृष्ठभूमि से जुड़े हुए थे। कई अभ्यर्थियों ने कहा कि प्रश्नपत्र में तथ्यों के साथ विश्लेषणात्मक क्षमता पर अधिक जोर देखने को मिला। परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही अभ्यर्थियों की भीड़ रही। प्रशासन की ओर से सुरक्षा और निगरानी के व्यापक इंतजाम किए गए थे। केंद्रों पर प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई। परीक्षा के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की भी तैनाती रही।

# भारतीय जनता पार्टी की शक्ति केंद्र बैठक हुई संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** भारतीय जनता पार्टी सहसवान नगर मंडल के विभिन्न शक्ति केंद्र पर संगठनात्मक बैठक में शक्ति केंद्र प्रभारी बूथ अध्यक्ष स्तरीय कार्यो की बिंदु बार चर्चा की गयी। मोहल्ला नसरुल्लागंज में शक्ति केंद्र प्रभारी सौरभ सक्सेना के आवास पर एवं मोहल्ला चौधरी में डॉक्टर प्रवीण माहेश्वरी के आवास पर मीटिंग का आयोजन हुआ इस मौके पर दीक्षा महेश्वरी अमरीश वर्मा आदर्श सक्सेना हिमांशु महेश्वरी डॉक्टर प्रवीण महेश्वरी अबीर सक्सेना दीपक माहेश्वरी सौरभ सक्सेना देवेंद्र प्रजापति अमित वाल्मीकि नीरज कलीम नदीम नरेश रुद्रांश आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, चार मेमनों समेत लाखों का सामान जला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उसावां।** थाना क्षेत्र के ग्राम मरौरी में एक घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की चपेट में आने से चार भेड़ के बच्चे और लाखों रुपये का दैनिक उपयोगी सामान जलकर राख हो गया।सूचना मिलने पर पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में सहयोग किया।पीड़ित परिवारों ने बताया कि घर में संजू पुत्र परमेश्व. री और परमेश्वरी पुत्र झम्मनलाल रहते थे। आग लगने से उनका लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।थानाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में मदद की। संबंधित अधिकारियों को घटना की सूचना दे दी गई है। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

# राहुल गांधी मानसिक दिवालियेपन के शिकारः पाठक

## नरेन्द्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता, प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने को कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि अमरोहा जिले को कानून एवं विकास की दृष्टि से प्रदेश में नम्बर वन जिला बनाने को उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते कहा कि प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने के लिए अभी से जी जान से जुट जायें।

- **दो दिवसीय दौरे पर अमरोहा पहुंचे डिप्टी सीएम,**
- **कलक्ट्रेट में आज करेंगे विकास कार्यों की समीक्षा**




जिले के दो दिवसीय दौरे पर डिप्टी सीएम आज सांय पार्टी के जिला कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते कहा कि सरकार जो भी उपलब्धियां हैं उन्हें वह जनता के बीच लेकर जाएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। देश का हर नागरिक उन्हें अभिभावक के रूप में स्वीकार कर चुका है। गरीब कल्याणयोजनाओं के अन्तर्गत 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने में सफलता पायी है। इंफ्राटेक्चर से लेकर अंतरिक्ष विज्ञान व कृषि विज्ञान में हर क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। राहुल गांधी के इटली मैलोडी टाफी के टविट पर डिप्टी सीएम श्री पाठक ने कटाक्ष करते कहा कि राहुल गांधी दिवालियेपन का शिकार हैं उन्हें अब विपक्ष ही नहीं बल्कि उनके पार्टी के नेता भी गंभीरता से नहीं लेते। आज प्रति व्यक्ति की आय बढ़ी है। भारत विकास के मामले में लगातार आगे बढ़ रहा है। 11वें नम्बर से अब हम तीसरे और चौथे नम्बर पर आ गये हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 2027 में एक बार फिर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनानी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर घर जाकर पार्टी की नीतियों का बखान करने व बूथ स्तर से पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष उदय गिरि गोस्वामी, पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल, जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर, शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो, विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी, राजीव तरारा, चेयरमेन धनौरा प्रवीण अग्रवाल, गुरेन्द्र ढिल्लो, राजपाल सैनी आदि मौजूद रहे।

# पांच लाख न मिलने पर विवाहिता का उत्पीड़न

## अस्पताल से दवाई के पर्चे व रिपोर्ट लेकर भागा पति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पांच लाख रुपये की डिमांड पूरी न होने पर ससुरालियों द्वारा विवाहिता का मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। हालत बिगड़ने पर ससुराल पक्ष ने इलाज कराने से इनकार कर दिया। मामले में पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव टांडा कोटी निवासी ओमप्रकाश ने अपनी बेटी रूबी की शादी फरवरी 2016 में अमरोहा के मोहल्ला प्रताप नगर निवासी रवि के साथ की थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति, सास-ससुर और ननद दहेज में पांच लाख रुपये लाने का दबाव बनाने लगे। मांग पूरी न होने पर रूबी के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार किया जाता था। पिता का कहना है कि बेटी ने परिवार बचाने और रिश्ते को निभाने के लिए करीब दस साल तक हर उत्पीड़न सहा, लेकिन ससुराल वालों का रवैया नहीं बदला। आरोप है कि 30 अप्रैल 2026 को रूबी ने फोन कर अपनी तबीयत खराब होने की जानकारी दी। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग ससुराल पहुंचे तो उसकी हालत बेहद नाजुक मिली।

- **पति समेत चार ससुरालियों पर मुकदमा**

परिजनों के मुताबिक जब उन्होंने अस्पताल ले जाने की बात कही तो ससुराल पक्ष ने इलाज कराने से साफ मना कर दिया। इसके बाद मायके वाले उसे डिडौली क्षेत्र स्थित हाईवे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज कराने लगे। आरोप है कि इसी दौरान पति रवि अस्पताल से दवाइयों के पर्चे और मेडिकल रिपोर्ट लेकर फरार हो गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने भी सास, ससुर और ननद ने अभद्र व्यवहार किया और अस्पताल से चले गए। पीड़िता के पिता की तहरीर पर नगर कोतवाली पुलिस ने पति रवि, सास-ससुर और ननद के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि पीड़िता के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को ज्ञापन सौंपकर ब्राह्मण समाज के उत्थान के लिए योजनाएं संचालित करने का आह्वान किया।

- **ब्राह्मण समाज ने डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन**



सौंपे गए ज्ञापन में जनपद अमरोहा की नगर पालिका परिषद गजरौला में किसी प्रमुख पार्क का सौंदर्यीकरण करते हुए भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित कर भगवान परशुराम चौक का निर्माण करवाने, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं कर्मकांड संबंधी गतिविधियों हेतु तिगरी धाम क्षेत्र में भगवान परशुराम धर्मशाला का निर्माण करवाने, राज्य सरकार द्वारा जनपद के महापुरुष एवं बलिदानी वीर सैनिक मंगल पांडेय के सम्मान में जिले में किसी नवनिर्मित नई सड़क अथवा पुल का नामकरण किये जाने, आर्थिक रूप से कमजोर ब्राह्मण बच्चों को आरटीई के अंतर्गत शिक्षा में प्राथमिकता प्रदान करने, आर्थिक रूप से कमजोर ब्राह्मण छात्र-छात्राओं हेतु छात्रवृत्ति योजनाएँ संचालित करने, आर्थिक रूप से कमजोर ब्राह्मण परिवारों की कन्याओं के विवाह संस्कार हेतु आर्थिक सहायता योजना लागू कराने की मांग की। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करके सहयोग करने के प्रति आश्वस्त किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष डॉ.राजीव शुक्ल, मनु शर्मा, संजीव शर्मा, डॉ.रविन्द्र शुक्ल, देवेंद्र पाल शर्मा, योगेंद्र प्रसाद शर्मा, कपिल शर्मा, जागेश शर्मा, संजय शर्मा, नीरज शर्मा, नरेंद्र शर्मा, पवन शर्मा, अंकुर शर्मा, आदि मौजूद रहे।

# नमाज पढ़कर लौट रहे दो भाईयों को पीटा

## तीन आरोपियों पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जुमे की नमाज पढ़कर घर लौट रहे दो भाइयों को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते फरार हो गए। तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

देहात थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर कचिया निवासी शाने आलम द्वारा दर्ज कराई गई। एफआईआर के मुताबिक शुक्रवार को दोपहर लगभग दो बजे जब वह अपने भाई कमरे के साथ मस्जिद में जुमा की नमाज अदा कर घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते इबले हसन की दुकान के सामने गांव के ही रहने वाले यासीन उसके बेटे अनस, जुबैर ने गलियां देनी शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी डंडों से पिटाई की, हमले में दोनों भाई गंभीर घायल हों गए। चीख पुकार सुनकर गांव के लोगों को इकट्ठा देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते फरार हो गए। सीओ अवधमान सिंह भदौरिया ने मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ।रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली मुरादाबाद जिले के अगवानपुर गांव निवासी इकबाल अली का पुत्र इरशाद अली रविवार सुबह बाइक से डिडौली की ओर आ रहा था। बताया जा रहा है कि जैसे ही वह डिडौली सर्विस रोड पर पहुंचा, तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया।गनीमत रही कि इरशाद ने हेलमेट पहन रखा थाद्य जिससे बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोया में भर्ती कराया।घटना की जानकारी मिलते ही स्वजन भी अस्पताल पहुंच गए। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बेहतर इलाज के लिए मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# घर से अचानक लापता हुई किशोरी

## पिता ने युवक के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** क्षेत्र से एक 15 वर्षीय किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। बेटी के अचानक गायब होने से परिवार में हड़कंप मचा हुआ है। पिता ने एक युवक पर किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

पीड़ित पिता के अनुसार 22 मई की सुबह करीब आठ बजे उनकी बेटी घर से बिना कुछ बताए कहीं चली गई। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारी में तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसी दौरान परिवार को जानकारी मिली कि क्षेत्र का एक युवक उनकी बेटी को अपने साथ ले गया है। बेटी की तलाश में भटक रहे पिता ने आखिरकार नौगावां सादात थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी और किशोरी की सकुशल बरामदगी की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। किशोरी की तलाश के लिए टीम लगाई गई है और जल्द ही उसे बरामद कर लिया जाएगा।

## पुलिस ने सात चोरों को गिरफ्तार कर चोरी गया सामान किया बरामद

# कताई मिल से 15 लाख की चोरी का खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** थाना क्षेत्र में बंद पड़ी एक सहकारी कताई मिल में हुई चोरी का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 15 लाख 20 हजार रुपये कीमत का चोरी किया गया माल और वारदात में इस्तेमाल किए गए दो वाहन भी बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों के पास से भारी मात्रा में लोहे, एल्युमिनियम और तांबे का सामान, मशीनों के पुर्जे, बिजली के उपकरण, लोहे की प्लेटें, मोटर, पुलियां, गरारी और अन्य औद्योगिक सामग्री बरामद हुई है। यह सभी सामान बंद पड़ी मिल से चुराया गया था।



अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदोरिया ने बताया कि 23 मई को उत्तर प्रदेश सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड, कानपुर के विधि एवं अनुपालन अधिकारी अभिषेक मिश्र ने नौगावां सादात थाने में तहरीर दी थी। उन्होंने बंद पड़ी कताई मिल से लगातार चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए 24 मई को इन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया।पूछताछ के दौरान मुख्य आरोपी रिहान उर्फ सोनू ने पुलिस को बताया कि कताई मिल लंबे समय से बंद थी और वहां करोड़ों रुपये की पुरानी मशीनें मौजूद थीं। आरोप है कि मिल की देखरेख करने वाले धर्मेंद्र शुक्ला ने अपने परिचितों के साथ मिलकर मशीनों के हिस्सों को धीरे-धीरे चोरी कराने की साजिश रची। आरोपी रात के समय मिल में घुसकर मशीनों के पुर्जे और धातु का सामान चुराकर अलग-अलग स्थानों पर छिपा देते थे। पुलिस के अनुसार, करीब 30 कुंतल माल इकट्ठा होने के बाद आरोपी उसे बेचने ले जा रहे थे, तभी उन्हें पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में कामरान, रिहान उर्फ सोनू, सालिम, कामिल, शहादत, सलमान और धर्मेंद्र शुक्ला शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से लगभग 29 कुंतल लोहे का सामान, 50 किलो एल्युमिनियम और 50 किलो तांबा बरामद किया है। चोरी में इस्तेमाल एक बजाज मैक्सिमा थ्री-व्हीलर और एक ई-रिक्शा भी जब्त किया गया है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार किए गए कुछ आरोपियों के खिलाफ पहले से भी विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

# भाजपा राज में महंगाई व भ्रष्टाचार चरम परः महबूब

## बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने में जुटें सपाई, 2027 में बनेगी सपा की सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा द्वारा गरीबों व मजदूरों के हित में चलाई गई कई योजनाएं बंद कर दी गई हैं। प्रदेश में भ्रष्टाचार, महंगाई और पेपर लीक जैसी घटनाओं से जनता परेशान है।

रविवार को स्टेशन रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में विधानसभा क्षेत्र के बूथ प्रभारियों की बैठक लेकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर मजबूत पकड़ ही चुनावी जीत की कुंजी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मतदाता सूची पर विशेष ध्यान देने और 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के नाम वोटर लिस्ट में जुवाने की अपील की। साथ ही कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाकर लोगों को जोड़ने का काम करना होगा। उन्होंने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि गरीबों और मजदूरों के हित में चलाई गई कई योजनाएं बंद कर दी गई हैं। प्रदेश में भ्रष्टाचार, महंगाई और पेपर लीक जैसी घटनाओं से जनता परेशान है। ऐसे में कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर समाजवादी विचारधारा को मजबूत करना होगा। बैठक में मस्तराम यादव, शशिकांत गोयल, वीरभान सिंह यादव, नसीम खां, इकरार अंसारी, सत्तार प्रधान, इकबाल खां, मनोज पंवार, नफीस चौधरी, राजकुमार याद, अंजार हुसैन समेत बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता शामिल रहे।



# सेकेट्री से मारपीट में तीन लोगों पर मुकदमा

## मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** मोहल्ला कटरा स्थित जामा मस्जिद में सिक्रिटी से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला कटरा निवासी मौ. यासीन पुत्र मौ. यामीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह जामा मस्जिद की प्रबंध समिति के बोर्ड द्वारा सिक्रिटी पद पर नियुक्त है। आरोप है कि गुरुवार दोपहर करीब दो बजे नमाज के तुरंत बाद मस्जिद परिसर में जाकिर, याम पुत्रगण नन्हे निवासी मोहल्ला कटरा और सोनू पुत्र शमीम निवासी कटरा ने उस पर पैसों को लेकर झूठे आरोप लगाने शुरू कर दिए। पीड़ित का कहना है कि जब उसने आरोपों का विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने घटना की वीडियो होने का भी दावा किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# ऋषिकेश में डूबे कैफ का शव बरामद

## चार दिन पहले सेल्फी लेते गंगा में डूबे थे दो दोस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** चार दिन पहले ऋषिकेश में गंगा में डूबे एक युवक का शव एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर दिया। बेटे का शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि दूसरे युवक का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है।



- **शव मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम**

शहर के मोहल्ला शाह फरीद (अटारी वाले) निवासी किसान अली अब्बास का सबसे छोटा बेटा मोहम्मद फैजान इसी साल मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर चुका था। वहीं उसका दोस्त मोहम्मद कैफ स्थानीय शिक्षण संस्थान से बीटेक प्रथम सेमेस्टर का छात्र था। गुरुवार को दोनों अपने दोस्तों जीशान और मोहम्मद के साथ उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित जोगी रमपुरा में आयोजित उर्स में शामिल होने गए थे। बताया गया कि उर्स में शामिल होने के बाद चारों दोस्त बाइक से ऋषिकेश घूमने निकल गए। शाम करीब सात बजे लक्ष्मण झूला पर फोटो खींचते समय अचानक मोहम्मद कैफ का पैर फिसल गया और वह गंगा नदी में जा गिरा। दोस्त को डूबता देख मोहम्मद फैजान ने बिना अपनी जान की परवाह किए उसे बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी। लेकिन गंगा का तेज बहाव दोनों युवकों को बहाकर ले गया। हादसा होते ही साथ मौजूद दोस्तों ने शोर मचाया, जिसके बाद वहां मौजूद गोताखोर तुरंत नदी में कूद पड़े। काफी देर तक तलाश के बावजूद दोनों युवकों का कोई पता नहीं चल सका। सूचना मिलते ही अमरोहा में दोनों परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिजन रातोंरात ऋषिकेश के लिए रवाना हो गए। रविवार सुबह एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन ने बड़े स्तर पर रेस्क्यू अभियान चलाया। घंटों की तलाश के बाद मोहम्मद कैफ का शव घटना स्थल से करीब सात किलोमीटर दूर बरामद कर लिया गया। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और माहौल गमगीन हो उठा। वहीं मोहम्मद फैजान का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। प्रशासन की टीमें लगातार गंगा किनारे सर्च अभियान चलाए हुए हैं। मोहल्ले में भी इस हादसे के बाद मातम पसरा हुआ है। जिसने भी दोनों दोस्तों की गहरी दोस्ती और हादसे की कहानी सुनी, उसकी आंखें नम हो गईं।

# बीलना में छत के कुंडे से झूलता मिला विवाहिता का शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** क्षेत्र के गांव बीलना में रविवार सुबह एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। 22 वर्षीय गुलसिताब का शव ससुराल के बरामदे में दुपट्टे के सहारे पंखे के कुंडे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही मायके पक्ष में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पति और सास को हिरासत में ले लिया है।

- **हत्या का आरोप लगाते मायके वालों ने काटा हंगामा, पति व सास हिरासत में**

बिजनौर जिले के शिवाला कलां थाना क्षेत्र के गांव इस्माईलपुर निवासी अब्दुल वहीद ने अपनी बेटी गुलसिताब की शादी पिछले साल एक फरवरी को गांव बीलना निवासी साहिल के साथ की थी। शादी को अभी डेढ़ साल भी पूरा नहीं हुआ था। मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से ही साहिल बेरोजगार था और इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। कई बार नाराज होकर गुलसिताब मायके चली गई, लेकिन रिश्ते को बचाने की उम्मीद में वापस ससुराल लौट आती थी। बताया गया कि दोनों परिवारों के बीच बढ़ते विवाद को सुलझाने के लिए बिरादरी की पंचायतें भी हुईं, लेकिन हालात नहीं बदले। रविवार सुबह करीब साढ़े सात बजे गुलसिताब की मौत की खबर मायके पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष ने पहले गुलसिताब की हत्या की और फिर मामले को आत्महत्या दिखाने के लिए शव को फंदे पर लटका दिया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए, जबकि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पति साहिल और सास अफसाना को हिरासत में ले लिया। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि मृतका के भाई इरफान की तहरीर पर पति साहिल, सास अफसाना, देवर अब्दुल्ला और ममेरे ससुर अफसर के खिलाफ दहेज हत्या समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# MI को हरा शान से प्ले ऑफ में पहुंची RR

## सीजन की टॉप-4 टीमें तय, मुंबई 30 रन से हारी, आर्चर का हरफन मौला खेल



**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल में रविवार को खेले गए पहले मुक. ाबले में राजस्थान रायल्स ने मुंबई इंडियंस को 30 रन से हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। वानखेड़े स्टेडियम में टास हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 205 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 175 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ आईपीएल 2026 की टॉप-4 टीमें तय हो गई हैं।

रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात टाइटंस, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान ने प्लेऑफ में जगह बनाई है। 26 मई को क्वालिफायर-1 में बेंगलुरु और गुजरात आमने-सामने होंगे, जबकि 27 मई को एलिमिनेटर में हैदराबाद और राजस्थान की भिड़ंत होगी। मुंबई की शुरुआत बेहद खराब रही। रोहित शर्मा खाता खोले बिना आउट हुए, जबकि पावरप्ले में ही मुंबई ने 4 विकेट गंवा दिए। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने 60 रन और हार्दिक पंड्या ने 34 रन बनाकर वापसी की कोशिश की, लेकिन लगातार गिरते विकेटों ने टीम को मैच से दूर कर दिया। राजस्थान के लिए जोफ्रा आर्चर ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। नांद्रे बर्गर, ब्रिजेश शर्मा और यश पुंजा को 2-2 विकेट मिले। राजस्थान के लिए ध्रुव जुरेल ने 38 रन, जोफ्रा आर्चर ने 15 गेंदों में 32 और दासुन शनाका ने 29 रन की पारी खेली। आखिर में रवींद्र जडेजा और नांद्रे बर्गर ने तेजी से रन जोड़कर स्कोर 200 के पार पहुंचाया। मुंबई की ओर से दीपक चाहर और शार्दूल ठाकुर ने 2-2 विकेट लिए। विल जैक्स, अल्लाह गजनफर और कार्बिन बाश को 1-1 सफलता मिली। ब्रिजेश शर्मा ने मुंबई को नौवां झटका देते हुए मैच पूरी तरह राजस्थान की मुठी में कर दिया। उन्होंने दीपक चाहर को एलबीडब्ल्यू आउट किया। लो फुल-टॉस पर चहर बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद सीधे फ्ंट पैड पर लगी। उन्होंने रिव्यू जरूर लिया, लेकिन बाल ट्रैकिंग में तीनों रेड दिखे और फैसला बरकरार रहा। चहर 5 गेंदों में 8 रन बनाकर आउट हुए। नांद्रे बर्गर ने सूर्यकुमार यादव को अपनी ही बाल पर कैच कर पवेलियन भेजा। सूर्यकुमार बड़े शाट के लिए शफल हुए, लेकिन गेंद बल्ले पर सही नहीं आई और सीधा बर्गर के हाथों में चली गई। सूर्या 42 गेंदों में 60 रन बनाकर आउट हुए। पुंजा ने बाश को आउट किया। यश पुंजा ने कार्बिन बाश को आउट कर मुंबई को बड़ा झटका दिया। बाश ने स्लाग स्वीप खेला, लेकिन गेंद को ऊंचाई नहीं दे सके। डीप मिड विकेट पर फरेरा ने आगे दौड़ते हुए शानदार कैच पकड़ा। बाश सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हुए। आर्चर ने धीमी शार्ट गेंद से हार्दिक पंड्या को आउट किया। हार्दिक पुल शाट खेलना चाहते थे, लेकिन गेंद बल्ले पर सही तरीके से नहीं आई और लान्ग-आन की ओर हवा में चली गई। वहां नांद्रे बर्गर ने दबाव में कैच पकड़ा। हार्दिक 15 गेंदों में 34 रन बनाकर आउट हुए। यश राज पुंजा ने विल जैक्स विकेट लेकर मैच का रुख और मजबूत कर दिया। उन्होंने जैक्स को स्लोअर, टर्न लेती गेंद पर फंसाया।

# गुलवीर ने 5000 मीटर रेस में नए रिकॉर्ड के साथ जीता रजत

**लॉस एंजिल्स, वार्ता।** भारत के लंबी दूरी के स्टार गुलवीर सिंह ने रविवार को लॉस एंजिल्स में मशहूर साउंड रनिंग ट्रैक फेस्ट में पुरुाषों की 5000 मीटर रेस में रजत पदक जीतकर ग्लोबल एथलेटिक्स स्टेज पर अपनी शानदार बढ़त जारी रखी, और इस दौरान अपना नया राट्रीय रिकॉर्ड बनाया। आज यहां 5000 मी. और 10,000 मी- दोनों में मौजूदा एशियन चैंपियन ने शानदार 13:03-93 का समय निकाला,

जो दो साल पहले जापान में बनाए गए उनके पिछले नेशनल रिकॉर्ड 13:11-82 से लगभग आठ सेकंड बेहतर था। इस प्रदर्शन ने गुलवीर को भारत के सबसे बेहतरीन कंटेंपररी डिस्टेंस रनर और इंटरनेशनल सर्किट पर देश के सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वालों में से एक के तौर पर और पक्का कर दिया। एडवांस ट्रेनिंग के लिए अमेरिका के कोलोराडो स्प्रिंग्स में रहने वाले गुलवीर पहले भारतीय एथलीट हैं जिन्होंने 3000 मी से लेकर 25 किमी- रेस तक के ट्रैक और रोड इवेंट्स में एक साथ कई नेशनल रिकॉर्ड बनाए हैं। रविवार का रजत पदक इस सीजन में गुलवीर का चौथी बड़ी स्पर्धा है। उन्होंने फरवरी में अमेरिका के विस्टन-सलेम में साउंड रनिंग इनवाइट में 5000 मी- शॉर्ट ट्रैक रेस में तीसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद उन्होंने मार्च में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जब वे 60 मिनट से कम समय में हाफ मैराथन पूरी करने वाले पहले भारतीय बने, और न्यूयॉर्क में एनवाईसी हाफ मैराथन 2026 में तीसरा स्थान हासिल किया।

### खेल विशेष

## फ्रेंच ओपन शुरू होते ही खिलाड़ियों का विरोध प्रदर्शन रूक जाएगा

**पेरिस, वार्ता।** उम्मीद है कि दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी रविवार को जब रौलां गैरो में फ्रेंच ओपन शुरू होगा, तो अपनी सभी सामान्य मीडिया प्रतिबद्धताओं को पूरा करेंगे। शीर्ष 10 खिलाड़ियों में से कई ने शुक्रवार को टूर्नामेंट से पहले के मीडिया दिवस के दौरान अपनी उपस्थिति को 15 मिनट तक सीमित रखा। 15 मिनट की यह सीमा उस 15 प्रतिशत राजस्व का प्रतीक थी, जिसे - औसतन - ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट पुरस्कार राशि के रूप में आवंटित करते हैं। खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों ने बीबीसी स्पोर्ट को बताया है कि उनका इरादा कभी भी पूरे टूर्नामेंट के दौरान विरोध प्रदर्शन करने का नहीं था, और शुक्रवार को फ्रेंच टेनिस फेडरेशन (एफएफटी) के साथ हुई बैठक में भविय में सहयोग के वादे से उन्हें प्रोत्साहन मिला।

## विक्टोरिया म्बोको को हराकर एम्मा नवारो ने जीता 15 महीनों में पहला खिताब

**स्ट्रासबर्ग (फ्रांस), वार्ता।** अमेरिका की एमा नवारो ने स्ट्रासबर्ग ओपन टेनिस के फाइनल में कनाडा की किशोरी विक्टोरिया म्बोको को 6-0, 5-7, 6-2 से हराकर 15 महीनों में अपना पहला खिताब जीता। शनिवार को खेले गए मुकाबले में 25 वर्षीय अमेरिका की स्टार नवारो ने अपनी साथी नॉर्थ अमेरि. कन खिलाड़ी को चौंका दिया, सर्व और रिटर्न पर लगभग बिना किसी गलती के परफॉर्मेंस देकर उन्हें शुरुआती सेट में जीत दिला दी। जहां उन्हें 5-4 पर एक चैंपियनशिप पॉइंट भी बचाना पड़ा। लेकिन नवारो ने शांत रहकर डिसाइडर में जीत हासिल की। स्ट्रासबर्ग में जीत नवारो का कुल मिलाकर तीसरा डब्ल्यूटीए खिताब था, इससे पहले उन्होंने फरवरी 2025 में मेक्सिको के मेरिडा और जनवरी 2024 में ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट में टाइटल जीते थे।

## पीएम वास्तव में हमारे पैरा-एथलीटों के 'परम मित्र' हैं: मांडविया

**गांधीनगर, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने आज साई एनसीओई गांधीनगर में कई नई खेल बुनियादी ढांचा सुविधाओं का उद्घाटन किया। इसके साथ ही, उन्होंने पूरे देश में विश्व स्तरीय उच्च-प्रदर्शन वाले खेल इकोसिस्टम के निर्माण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया। मंत्री ने केंद्र में नवनिर्मित पैरा एथलीट छात्रावास, केंद्रीय भोजन कक्ष (डाइनिंग हॉल), शक्ति एवं कंडीशनिंग हॉल, बहुउद्देशीय प्रशिक्षण हॉल और ध्यान पार्क का उद्घाटन किया। इन सुविधाओं को प्रशिक्षण, रिकवरी, पोषण, खेल विज्ञान और मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एकीकृत सहायता प्रदान करके एथलीटों की तैयारी को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है।

# क्रिकेट की अनसुनी कहानियों को सामने लाएगी मिडविकेट स्टोरीज

**मुंबई, वार्ता।** तीन वर्ष्ों की कल्पना, यात्रा, बातचीत और कहानी कहने की प्रक्रिया के बाद 'मिडविकेट स्टोरीज' (एमडब्ल्यूएस) का आधिकारिक शुभारंभ रविवार को मुंबई के आईटीसी मराठा होटल में किया गया। यह एक अनोखा वैश्विक क्रिकेट स्टोरीटेलिग प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य क्रिकेट के महान खिलाड़ियों की अनसुनी कहानियां, ड्रेसिंग रूम की यादें, प्रतिद्वंद्विता और दोस्ती को दुनिया के सामने लाना है।

इस पहल की शुरुआत 2022 में संस्थापक निशांत दयाल और जया प्रसाद ने की थी। उनका उद्देश्य क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ियों को एक मंच पर लाकर ऐसी बातचीत प्रस्तुत करना था, जो क्रिकेट प्रेमियों ने पहले कभी नहीं सुनी हो। पिछले तीन वर्ष्ों में मिडविकेट स्टोरीज ने सात शहरों, चार देशों और तीन महाद्वीपों की यात्रा करते हुए सात एपिसोड में 11 क्रिकेट दिग्गजों को शामिल किया है।

अब तक के एपिसोड: सिडनी : सुनील गावस्कर और एलन बॉर्डर दुबई : सुनील गावस्कर और विवियन रिचर्ड्स मुंबई : हरभजन सिंह और क्रिस गेल बेंगलुरु : सुनील गावस्कर और ज्योफ्री बॉयकॉट लंदन : सुनील गावस्कर और इयान बॉथम चेन्नई : नवजोत सिंह सिद्धू और सनथ जयसूर्या एडिलेड : जहीर खान और मैथ्यू हेडन पहला एपिसोड, जिसमें सुनील गावस्कर और एलन बॉर्डर शामिल थे, 2022 आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप के दौरान सिडनी में 150 आमंत्रित मेहमानों की उपस्थिति में फिल्माया गया था। रविवार को मुंबई में क्रिकेट दिग्गज और प्रमुख सलाहकार सुनील गावस्कर की मौजूदगी में मिडविकेट स्टोरीज का आधिकारिक लॉन्च और पहले एपिसोड का अनावरण किया गया। इस अवसर पर संस्थापक निशांत दयाल और जया प्रसाद भी उपस्थित थे। इसी दौरान हरभजन सिंह और मैथ्यू हेडन के साथ आठवें एपिसोड की रिकॉर्डिंग भी की गई। यह एपिसोड क्रिकेट की सबसे यादगार प्रतिद्वंद्विताओं में से एक के दोस्ती में बदलने की कहानी को दर्शाएगा। एमडब्ल्यूएस केवल क्रिकेट कहानियों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका एक सामाजिक उद्देश्य भी है।

# पंत की कप्तानी पर होगा विचार: मूडी

■ प्रेस कांफ्रेंस में मूडी ने कहा कि कप्तानी के नजरिए से देखें तो पंत के लिए यह चुनौतीपूर्ण रहा



**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) आईपीएल 2026 की तालिका में नीचे से दूसरे स्थान पर रहने के बाद टीम की लीडरशिप में बदलाव पर विचार कर सकती है।

टीम 2025 में भी सातवें स्थान पर रही थी। एलएसजी के ग्लोबल डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट टॉम मूडी ने सीजन खत्म होने के बाद कहा कि टीम को कप्तानी के पहलू पर गंभीरता से विचार करना होगा। ऋषभ पंत की कप्तानी में एलएसजी ने 28 मैच में सिर्फ 10 जीत दर्ज कीं और 18 मुकाबले गंवाए। पंजाब किंग्स से हार के बाद प्रेस कांफ्रेंस में मूडी ने कहा कि कप्तानी के नजरिए से देखें तो पंत के लिए यह चुनौतीपूर्ण रहा है और नतीजे भी यही दिखाते हैं। आपको यह भी सोचना पड़ता है कि क्या कप्तानी का दबाव उनकी बल्लेबाजी में भी दिखाई दे रहा है। मुझे पता है कि यह सीजन हमारे लिए मुश्किल रहा, लेकिन हम इस पर समय लेकर सोचेंगे। हर चीज पर विचार करेंगे। लेकिन यह साफ है कि हम अपनी उम्मीदों या अपने तय मानकों तक नहीं पहुंच पाए। फ्रेंचाइजी की लीडरशिप को लेकर हम भविय के बारे में गंभीरता से विचार करेंगे। हर विभाग की तरह, जब आप किसी सीजन की समीक्षा करते हैं, तो कई फ़ैसले लेने पड़ते हैं। और फिलहाल ऐसा लग रहा है कि हमें रीसेट पर विचार करना होगा। पंत ने 2018 में 684 रन 173-60 के स्ट्राइक रेट से और 2019 में 488 रन 162-66 के स्ट्राइक रेट से बनाकर आईपीएल में धमाकेदार पहचान बनाई थी। लेकिन एलएसजी के लिए पिछले दो सीजन में उनका प्रदर्शन साधारण रहा है।

उन्होंने दो सीजन में 581 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 135-74 रहा है। इन दोनों सीजन में उनका औसत और स्ट्राइक रेट उनके करियर आंकड़ों से नीचे रहा। सीजन के दौरान पंत ने ड्रेसिंग रूम में बहुत सारे सोचने वाले और फैसले लेने वाले लोग होने की बात भी कही थी। मूडी की यह टिप्पणी उस बयान के बाद आई है, जिसमें हेड कोच जस्टिन लैंगर ने भी पिछले मैच के बाद पंत के प्रदर्शन पर निराशा जताई थी। मूडी ने कहा कि मुझे लगता है कि इस निराशाजनक सीजन के लिए हम सभी जिम्मेदार हैं। यह किसी एक खिलाड़ी पर उंगली उठाने का समय नहीं है।

# पता था मुझे क्या करना है, मैं अच्छी मानसिक स्थिति में था: श्रेयस अय्यर

■ अय्यर ने शब्दों के साथ-साथ भावनाएं भी खुलकर जाहिर कीं

■ कप्तान अय्यर ने इस सीजन की लगातार बहतर बल्लेबाजी की



**लखनऊ, वार्ता।** यह कहना मुश्किल है कि श्रेयस अय्यर ने खुद को ऐसा बनाया है या यह स्वाभाविक रूप से उनके व्यक्तित्व का हिस्सा है, लेकिन वह मैदान पर बेहद शांत और भावनाओं पर काबू रखने वाले खिलाड़ी और कप्तान नजर आते हैं। दबाव वाले माहौल में यह एक बड़ी खूबी मानी जाती है।

अपना पहला आईपीएल शतक लगाने और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) की प्लेऑफ की उम्मीद जिंदा रखने के बाद अय्यर ने शब्दों के साथ-साथ भावनाएं भी खुलकर जाहिर कीं। उन्होंने कहा कि वह बेहद खुश और रोमांचित हैं। प्रभसिमरन सिंह के साथ उनकी साझेदारी को उन्होंने अहम बताया और कहा कि अच्छी साझेदारी के लिए दो लोगों की जरूरत होती है। हालांकि इस बार उनकी भावनाएं सिर्फ शब्दों तक सीमित नहीं रहीं। यह उस वक्रत साफ दिखा जब उन्होंने दो ओवर बाकी रहते विजई छक्का लगाया, जिसने उनका शतक भी पूरा किया। इस जीत के बाद पंजाब की उम्मीदें मुंबई इंडियंस के राजस्थान रॉयल्स को हराने पर टिक गईं, लेकिन जीत का अंतर इतना बड़ा था कि अगर आरआर हारती है तो कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए उन्हें नेट रन रेट में पीछे छोड़ना मुश्किल होगा।

लगातार छह जीत के बाद छह हार झेल चुकी पंजाब के लिए यह पल बेहद खास था और अय्यर ने आखिरकार अपनी भावनाएं जाहिर होने दीं। अय्यर मैच के बाद कहा कि यह एक अविश्वसनीय एहसास है। जब आप मैच खत्म करते हुए शतक बनाते हैं तो काफी अच्छा महसूस होता है। मुझे लगता है हर बल्लेबाज इसका सपना देखता है। आज उन दिनों में से एक था जब मैं अंदर से बेहद अच्छा महसूस कर रहा था। मैं शानदार मानसिक स्थिति में था। मुझे पता था कि मुझे क्या चाहिए।

# भारत अपने घर में खिताब वापस जीतने का लक्ष्य लेकर उतरेगा

**मडगांव, वार्ता।** सोमवार से जब गोवा के मडगांव में सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू होगा, तो भारत का लक्ष्य रिकॉर्ड बनाते हुए छठी बार खिताब जीतना होगा। फीफा रैंकिंग में 69वें स्थान पर मौजूद भारतीय महिला फुटबॉल टीम 25 मई को मालदीव के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

फाइनल मैच 6 जून को खेला जाएगा। इस फुटबॉल टूर्नामेंट के सभी मैच मडगांव के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारत में सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 के मैचों की लाइव स्ट्रीमिग उपलब्ध होगी। टूर्नामेंट के फॉर्मेट के अनुसार, छह टीमों को दो बराबर ग्रुप में बांटा गया है। सिगल-लेग्ड राउंड रॉबिन मैचों के बाद, हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 के ग्रुप ठ में भारत के साथ मौजूदा चैंपियन और दुनिया की 112वें नंबर की टीम बंगलादेश और 167वें नंबर की टीम मालदीव को रखा गया है। ग्रुप ए में नेपाल (87वें स्थान पर), श्रीलंका (162वें स्थान पर) और भूटान (164वें स्थान पर) शामिल हैं। साल 2010 में शुरू हुई सैफ महिला चैंपियनशिप का यह आठवां संस्करण है। 2010, 2012, 2014, 2016 और 2019 में चैंपियन रही भारत ने इस क्षेत्रीय प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाए रखा था।

## आईएसएसएफ विश्व कप में मन व स्वप्रिल कुसाले करेंगे भारतीय टीम की अगुवाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले की अगुवाई में 35 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम 24 से 30 मई तक जर्मनी के म्यूनिख में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप 2026 में प्रतिस्पर्धा करेंगी। म्यूनिख निशानेबाजी स्पर्धा राइफल और पिस्टल शूटर्स के लिए इस साल का दूसरा आईएसएसएफ विश्व कप है।भारत ने पिछले महीने स्पेन के ग्रेनाडा में हुए पहले विश्व कप में मुकेश नेलावल्ली और पलक गुलिया ने 10मी एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि, पेरिस 2024 मेडलिस्ट मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले के शामिल होने से म्यूनिख लेग से पहले इंडियन टीम मजबूत हुई है।

# केन की हैट्रिक से बायर्न ने जीता जर्मन कप

■ एक और कप जीत की तलाश में उतरे स्टटगार्ट ने मैच की शुरुआत जोरदार तरीके से की



**बर्लिन, वार्ता।** हैरी केन ने दूसरे हाफ में हैट्रिक जमाई, जिससे बायर्न म्यूनिख ने शनिवार को बर्लिन में हुए फाइनल में वीएफबी स्टटगार्ट को 3-0 से हराकर डीएबी-पोकल (जर्मन कप) जीतने का अपना लंबा इंतजार खत्म कर दिया। एक और कप जीत की तलाश में उतरे स्टटगार्ट ने मैच की शुरुआत जोरदार तरीके से की और पहले हाफ के ज्यादातर समय तक बायर्न को बैकफुट पर रखा।

मैच शुरू होने के दो मिनट के भीतर ही डेनिज उंडाव ने सिर से गेंद को सीधे जोनास अर्बिग की ओर उछाला, इसके कुछ देर बाद, बायर्न के एक ढीले पास का फायदा उठाते हुए एंजेलो स्टिलर ने दूर से शॉट लगाया, लेकिन वह चूक गए। मैक्सिमिलियन मिटेलस्टेड्ट ने बाईं ओर से दो बार खतरा पैदा किया-पहले उन्होंने गेंद को साइड-नेटिंग से टकराया, और फिर अर्बिग को मजबूर किया कि वे एक जोरदार लो-ड्राइव शॉट को पोस्ट के बाहर रोकें। बायर्न की टीम-जिसमें मैनुअल न्यूयर की जगह अर्बिग को शुरुआती एकादश में शामिल किया गया था-गेंद पर लंबे समय तक कब्जा रखने के बावजूद खेल में अपेक्षित लय हासिल करने के लिए संघा्र करती दिखी।

बायर्न को मिले शुरुआती स्पट मौकों में से एक पर केन ने सिर से गेंद को गोल के ऊपर से निकाल दिया, जबकि आधे घंटे का खेल पूरा होने के बाद लुइस डियाज ने अलेक्जेंडर न्यूबेल की ओर शॉट लगाया। मध्यांतर से ठीक पहले न्यूबेल की परीक्षा और भी गंभीरता से हुई, जब उन्होंने लगभग 20 मीटर की दूरी से जो. सिप स्टैनिसिक द्वारा लगाए गए एक जोरदार शॉट को रोकने के लिए शानदार प्रतिक्रिया दी। मध्यांतर के बाद स्टटगार्ट का खेल और भी आक्रामक हो गया, लेकिन 55वें मिनट में मैच का रुख पूरी तरह बदल गया। माइकल ओलिसे पर हुए एक फाउल के बाद बायर्न ने तेजी से खेल दोबारा शुरू किया, ओलिसे दाईं ओर से आगे बढ़े और केन के लिए एक क्रॉस दिया। केन ने पेनल्टी-एरिया के भीतर खाली जगह तलाशी और सिर से गेंद को गोल में पहुंचा दिया। इसके बाद मैच को कुछ मिनटों के लिए रोकना पड़ा, क्योंकि ओलंपियास्टेडियन के दोनों छोरों पर दर्शकों ने आतिशबा. जी शुरू कर दी थी।

# अर्शदीप में कुछ महीने पहले जैसी धार नहीं दिख रही: रायुडू



**नई दिल्ली, वार्ता।** अर्शदीप सिंह का आईपीएल 2026 अब तक साधारण रहा है। पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) जब जीत रही थी, तब भी वह अपनी सर्वश्रेठ लय में नहीं दिखे और जब टीम लगातार हार रही थी, तब भी हालात अलग नहीं थे। शनिवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ पंजाब ने आखिरकार छह मैचों की हार का सिलसिला तोड़ा, लेकिन अर्शदीप फिर महंगे साबित हुए। अंबाती रायुडू ने उनकी लेंथ को समस्या बताया, जबकि मार्क बाउचर ने थकान को खराब प्रदर्शन को वजह माना। एलएसजी ने शनिवार को 9.80 की रन रेट से बल्लेबाजी की।

वहीं अर्शदीप ने 17.33 की इकॉनमी से रन दिए और उन्हें आखिरी ओवर भी नहीं मिला। रायुडू ने ईएसपीएन क्रिकइंफो टाइमआउट शो में कहा कि मुझे लगता है कि उनकी लेंथ सबसे बड़ी समस्या है। वह ऐसे गेंदबाज नहीं हैं जिन्हें बहुत ज्यादा शॉर्ट गेंदें फेंकनी चाहिए। डेथ ओवरों में भी उन्हें यॉर्कर डालनी चाहिए। नई गेंद से भी जब उन्होंने फुल गेंदें डालीं। पहली गेंद को छोड़ दें, जो कवर के जरिए चौके के लिए गई, तो उनकी फुल लेंथ गेंदों पर उतने रन नहीं पड़े जितने शॉर्ट ऑफ लेंथ या शॉर्ट गेंदों पर पड़े। उन्हें इस बात का ध्यान रखना होगा, क्योंकि फिलहाल उनकी शॉर्ट गेंद में पहले जैसी धार नहीं दिख रही। शायद शरीर थका हुआ है या कुछ महीने पहले जैसी ऊर्जा नहीं बची।

लेकिन इसकी भरपाई उन्हें फुल गेंदबाजी करके करनी होगी। दिलचस्प बात यह है कि आईपीएल 2025 की तुलना में इस सीजन अर्शदीप को फुल या गुड लेंथ गेंदों पर कम सफलता मिली है।

# जयशंकर की साफगोई

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्क रूबियो इस समय भारत की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। ऐसा कम ही होता है कि अमेरिकी विदेश मंत्री एक देश में इतनी लंबी यात्रा करे। इससे पता चलता है कि भारत-अमेरिका में रिश्ते सही दिशा की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। हालांकि बीच-बीच में ऐसी खबरें आती हैं जिससे यह संशय पैदा होता है कि कहीं रिश्तों में गड़बड़ है, लेकिन रविवार को जिस तरह अमेरिकी विदेश मंत्री और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उससे साफ है कि दोनों ही देश अपने-अपने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर धीरे-धीरे ही सही लेकिन सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। सम्मेलन में एस. जयशंकर ने खुलकर भारत के हितों की रक्षा की और कहा कि जिस तरह ट्रम्प प्रशासन अपनी नीति के दृष्टिकोण को अमेरिका फर्स्ट के रूप में बहुत स्पष्टता से सामने रखता है, तो ठीक इसी तर्ज पर भारत भी इंडिया फर्स्ट की तर्ज पर अपने दृष्टिकोण को प्रमुखता के साथ दुनिया के सामने रखता है। जयशंकर ने माना कि दोनों ही देश स्पष्ट रूप से अपने-अपने राष्ट्रीय हितों से प्रेरित हैं। जयशंकर का कहना यह बिल्कुल सही है कि जिस तरह अमेरिका, इस्राईल, ईरान और खाड़ी देशों के साथ भारत ने अच्छे संबंध बनाए हैं, ऐसा कम ही देश कर पाते हैं, लेकिन उन्होंने माना कि इन देशों में हमारे वास्तविक हित जुड़े होने से भारत के लिए चुनौती भी बनी हुई कि इन संबंधों को कैसे बनाए रखा जाए और अपनी हिस्सेदारी की रक्षा कैसे की जाए। जयशंकर ने होर्मुज स्टेट से ऊर्जा आपूर्ति में आ रही बाधा के संबंध में भी खुलकर अपने विचार रखे और कहा कि भारत चाहता है कि होर्मुज स्टेट सभी के लिए समान रूप से खुले, क्योंकि उनकी नजर में इससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा की कीमतें नियंत्रण में रहेंगी। वह तेल को लेकर भी काफी मुखर दिखाई दिए और भारत के रुख को सामने रखते हुए कहा कि भारत चाहता है कि गैस व तेल को लेकर वह किसी एक देश पर निर्भर न रहे, बल्कि उसके पास विभिन्न स्रोत हों। ताकि भारत के लोगों को दिक्कत न हो। वहीं अमेरिकी विदेश मंत्री मार्क रूबियो ने भी भारत के प्रति उठाए गए अमेरिकी कदमों का पूरी तरह बचाव किया। अमेरिकी विदेश मंत्री ने एक्स पर अमेरिकी राजदूत व अपनी टीम की जहां तारीफ की वहीं बताया कि उनकी टीम की मेहनत के चलते भारत अगले पांच साल में 48 हजार अरब रुपये का सामान खरीदने के लिए तैयार हो गया है। जाहिर है यह बड़ी ट्रेड डील है। हालांकि उन्होंने माना कि बड़ी ट्रेड डील में अभी कुछ अड़चनें हैं, लेकिन वह जल्द ही दूर कर ली जाएंगी। रूबियो ने अमेरिका में रह रहे भारतीय लोगों की भी प्रशंसा की। अब देखना यह है कि आगे संबंध कैसे चलते हैं।

# मीडिया : हमको आईना दिखाना है दिखा देते हैं





तनवीर जाफरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली देशों का दौरा किया। इस दौरान नॉर्वे की एक घटना ने एक बार फिर मीडिया उसके कर्तव्य व दायित्व को लेकर बहस छेड़ दी। दरअसल ओस्लो में जब मोदी, नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर के साथ जैसे ही मंच से जाने लगे उसी समय एक युवा महिला पत्रकार हेला लिंग ने मोदी को संबोधित करते हुए कुछ सवाल पूछे। हेला लिंग ने पूछा ष्प्रधानमंत्री मोदी, आप दुनिया की सबसे स्वतंत्र प्रेस से सवाल क्यों नहीं लेते? मोदी पत्रकार के सवाल का जवाब दिए बिना ही वहां से चले गए। इस घटना के फौरन बाद भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा उसी जगह एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई गई जिसमें पत्रकार हेला लिंग को भी बुलाया गया। वहां भी हेला लिंग ने भारत के मानवाधिकार रिकॉर्ड और प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर कई तीखे सवाल पूछे, जिस पर भारतीय अधिकारियों ने भारत के लोकतांत्रिक ढांचे और विकास का हवाला देते हुए अपना पक्ष रखने का प्रयास किया परन्तु नॉर्वे की इस घटना पर भारतीय गोदी मीडिया ने युवा साहसी महिला पत्रकार हेला लिंग को ही कटघरे में खड़ा कर दिया और उन्हें मीडिया के कर्तव्य व दायित्व बोध का पाठ पढ़ने लगा।

गोदी मीडिया ने महिला पत्रकार के इस तरीके को सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की रणनीति करार दिया। वहीं भारत के ही स्वतंत्र, डिजिटल, वैकल्पिक, निष्पक्ष व सोशल मीडिया ने पत्रकार हेला की जमकर तारीफ की। इस वर्ग ने हेला लिंग के साहस की सराहना की और इसे सच्ची पत्रका. रिता का उदाहरण बताया तथा इस पूरी घटना को वैश्विक स्तर पर प्रेस की आजादी और लोकतंत्र में जवाबदेही से जोड़कर देखा। कुछ स्वतंत्र विचारकों और कई सोशल मीडिया पोर्टल्स ने तो इस अवसर का प्रयोग उन गोदी पत्रकारों पर तंज कसने के लिए किया जो सत्ता से सवाल पूछने के बजाए सत्ता की खुशामद में लगे रहते हैं। यही वजह है कि जो सवाल भारत के शीर्ष मुख्यधारा के पत्रकारों को पूछने चाहिए थे वही सवाल एक विदेशी पत्रकार को पूछने पड़ रहे हैं। दरअसल 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने अब तक एक भी नियमित संवाददाता सम्मेलन आयोजित नहीं किया है। अपने एक इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं बताया था कि वे पुरानी परिपाटी जहां नेता मीडिया के माध्यम से अपनी बात प्रसारित करते थे, के बजाय सीधे जनता के बीच जाकर काम करने और नई कार्य संस्कृति स्थापित करने पर विश्वास रखते हैं। मन की बात,सार्वजनिक रैलियां,चुनावी सभाएं, सम्पादकीय पृष्ठ के अपने आलेख, किसी कार्यक्रम स्थल पर आयोजित जन सभा आदि के माध्यम से जनता से इकतरफा संवाद करना प्रधानमंत्री का पसंदीदा तरीका है। जबकि भारत के लगभग सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों की यह नियमित परंपरा रही थी कि वे विदेश दौरों से लौटने,विमान में या देश में समय-समय पर खुली प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया करते थे।

सच तो यह है कि मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री रहते मीडिया से जुड़े उनके कुछ ऐसे कटु अनुभव रहे हैं जिसके चलते वे अब पुन: साहसी पत्रकारों से रूबरू होकर पुन: अपनी वैसी फजीहत नहीं कराना चाहते। याद कीजिए अक्टूबर 2007 में जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, उस समय वरिष्ठ पत्रकार करण थापर ने सी एन एन-आई बी एन के प्रसिद्ध शो डेविल्स एडवोकेट के लिए अहमदाबाद में मोदी का इंटरव्यू लिया था। करण थापर ने मोदी से अपने पहले सवाल में ही 2002 के गुजरात दंगों को लेकर पूछा कि श्दंगों के पांच साल बाद भी उनकी छवि एक क्रूर शासक की बनी हुई है, इसे सुधारने के लिए उन्होंने क्या कियाश? जब मोदी ने कहा कि जनता उन्हें अच्छे से जानती है, तो थापर ने अगला सवाल किया कि आप यह क्यों नहीं कह देते कि आपको दंगों में मारे गए लोगों का दुख या पछतावा है? क्या सरकार को मुसलमानों की सुरक्षा के लिए और कदम नहीं उठाने चाहिए थे? इस सवाल पर मोदी पूरी तरह असहज हो गए। उन्होंने कहा कि जो मुझे कहना था, मैं उस समय कह चुका हूं। परन्तु जब थापर ने बार-बार उसी सवाल को दोहराया, तो मोदी ने इंटरव्यू आगे बढ़ाने से मना कर दिया। 3- 4 मिनट के भीतर ही मोदी ने पानी पीने का बहाना कर अपने कुर्ते पर लगा माइक निकाला और उसे टेबल पर रख दिया। फिर उन्होंने बहुत ही शालीनता से थापर से कहाकृष्दोस्ती बनी रहे। आप यहां आए, इसके लिए धन्यवाद।ष इसके बाद वे कैमरे के सामने से उठकर चले गए।

ऐसी ही दूसरी घटना वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान की है। उस समय वरिष्ठ पत्रकार विजय त्रिवेदी एन डी टी वी के लिए चक्रव्यूह नामक एक शो करते थे। उन्होंने मोदी का इंटरव्यू चुनावी रैली पर जाते समय हेलीकॉप्टर यात्रा के दौरान लिया। त्रिवेदी ने भी मोदी से पूछा कि क्या गुजरात दंगों के लिए भाजपा या उन्हें मोदी को माफी मांगनी चाहिए? मोदी ने इस पर कहा कि वे इस विषय पर कई इंटरव्यू में पहले ही बोल चुके हैं। लेकिन जब त्रिवेदी ने लगातार इस सवाल पर दबाव बनाया, तो मोदी का मूड बदल गया। बाद मोदी ने गुस्से में आकर सवालों के जवाब देना पूरी तरह बंद कर दिया और चुप हो गए। मोदी ने अपना ही हाथ आगे बढ़ाकर कैमरे के लेंस को बंद करवा दिया। इसके बाद का पूरा सफर दोनों ने बिना एक-दूसरे से बात किए और खिड़की से बाहर देखते हुए बिताया।

हेलीकॉप्टर के उतरते ही मोदी ने विजय त्रिवेदी से कहा विजय भाई, यह हमारी आखिरी मुलाकात है। इसके बाद मोदी अपनी जनसभा को संबोधित करने चले गए। जबकि विजय त्रिवेदी और उनकी टीम को हेलीकॉप्टर से नीचे उतार दिया गया। बाद में त्रिवेदी को संदेश मिला कि मोदी हेलीकॉप्टर लेकर वापस जा चुके हैं। त्रिवेदी और उनकी टीम को वापस लौटने के लिए वहां कोई गाड़ी नहीं मिली, जिसके बाद उन्हें एक ट्रैक्टर और फिर लोकल बस के द्वारा करीब 8 घंटे की यात्रा कर अपने गंतव्य तक वापस लौटना पड़ा था। यह घटनाएं इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए काफी हैं कि मोदी स्वतंत्र व निष्पक्ष मीडिया से संवाद क्यों नहीं करते। वे वास्तविक व निष्पक्ष पत्रकारों के इस सिद्धांत को बखूबी जानते हैं कि श्न स्याही के हैं दुश्मन न सफेदी के हैं दोस्त। हमको आईना दिखाना है दिखा देते हैं।

## श्रीमुख से...

### सड़कों पर सोने को मजबूर हैं लोग



उप्र के सभी 75 जिलों में बिजली कटौती से विकराल स्थिति उत्पन्न हो गई है, जनता तकलीफें झेलने को मजबूर है, देश के 50 सबसे गर्म शहरों में से 26 शहर उत्तर प्रदेश के हैं, लेकिन भीषण गर्मी के बीच लोगों को 24 घंटे में केवल सात-आठ घंटे ही बिजली मिल पा रही है, मेरठ से लेकर बलिया तक लोग बिजली संकट से परेशान हैं और कई जगहों पर लोग रात में घरों से निकलकर सड़कों पर सोने को मजबूर हैं, राजधानी लखनऊ तक में घंटों बिजली गुल रहने से अस्पतालों की सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, एक्स-रे और स्कैन जैसी सुविधाएं ठप पड़ गई हैं, कानपुर देहात के मेडिकल कॉलेज के छात्रों को देर रात तक बिजली नहीं मिलने के कारण धरने पर बैठना पड़ा।

-सुप्रिया श्रीनेत, चेयरमैन, कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**
**Dainikshahtimes@gmail.com**

# देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की नई उड़ान



मौ. फहीम तन्हा

आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और जीवाश्म ईंधनों की सीमित उपलब्धता जैसी गंभीर समस्याओं का सामना कर रही है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। महानगरों में वायु प्रदूषण का मुख्य कारण पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहन हैं। ऐसे समय में इलेक्ट्रिक वाहन एक स्वच्छ, टिकाऊ और भविष्य उन्मुख विकल्प के रूप में उभर रहे हैं। भारत सरकार भी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं और नीतियां लागू कर रही है। आने वाले वर्षों में ई।वी। केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि परिवहन व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बनने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों से दूरगामी सोच के तहत अपील की है।

इलेक्ट्रिक वाहन ऐसे वाहन होते हैं जो पेट्रोल या डीजल के बजाय बिजली से चार्ज होने वाली बैटरियों का उपयोग करते हैं। इनसे कार्बन उत्सर्जन कम होता है और पर्यावरण को अपेक्षाकृत कम नुकसान पहुंचता है। वर्तमान समय में दुनिया के कई विकसित देशों ने इलेक्ट्रिकल व्हीकल को अपनाने की दिशा में तेजी से काम शुरू कर दिया है। भारत में भी इलेक्ट्रिक दोपहिया, कार, बस और ऑटो रिक्शा की संख्या लगातार बढ़ रही है।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार है। ऐसे में यदि देश बड़े स्तर पर इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाता है, तो इससे प्रदूषण में भारी कमी लाई जा सकती है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और देहरादून जैसे शहरों में बढ़ते वायु प्रदूषण ने सरकार को वैकल्पिक परिवहन साधनों की ओर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया है। ई।वी। से ध्वनि प्रदूषण भी नहीं होता है, क्योंकि इनके इंजन अपेक्षाकृत शांत होते हैं। भारत सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की हैं। कई राज्य सरकारें रोड टैक्स में छूट, रजिस्ट्रेशन शुल्क में राहत और चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन दे रही हैं। सरकार का उद्देश्य है कि आने वाले वर्षों में सार्वजनिक परिवहन और निजी वाहनों में म्ट की हिस्सेदारी तेजी से बढ़े।

हालांकि ईवी के क्षेत्र में भारत को अभी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी समस्या चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है। ग्रामीण और छोटे शहरों में चार्जिंग स्टेशन अभी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हैं। इसके अलावा ईवी की शुरुआती कीमत पारंपरिक वाहनों की तुलना में अधिक होती है, जिससे मध्यम वर्ग के लोगों के लिए इन्हें खरीदना कठिन हो जाता है।



बैटरी निर्माण के लिए आवश्यक लिथियम और अन्य खनिजों के आयात पर निर्भरता भी एक बड़ी चुनौती है। फिर भी भारत इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कई भारतीय और विदेशी कंपनियां इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माण में निवेश कर रही हैं। टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और ओला इलेक्ट्रिक जैसी कंपनियां नए इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में ला रही हैं। साथ ही बैटरी तकनीक में सुधार और फास्ट चार्जिंग तकनीक के विकास से ई।वी। पहले की तुलना में अधिक सुविधाजनक बनते जा रहे हैं।

भविष्य की दृष्टि से देखा जाए तो इलेक्ट्रिक वाहन भारत की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं। इससे पेट्रोलियम आयात पर निर्भरता कम होगी, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।

यदि सरकार, उद्योग और आम नागरिक मिलकर इस दिशा में प्रयास करें, तो भारत आने वाले समय में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का वैश्विक केंद्र बन सकता है। अंतत: कहा जा सकता है कि इलेक्ट्रिक वाहन केवल तकनीकी परिवर्तन नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। भारत ने इस दिशा में सकारात्मक शुरुआत की है, लेकिन सफलता के लिए मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, जन जागरूकता और निरंतर नीति समर्थन आवश्यक होगा। इलेक्ट्रिकल व्हीकल का भविष्य उज्ज्वल है और यह भविष्य धीरे-धीरे वर्तमान बनता जा रहा है।

# जारी भीषण गर्मी में पारम्परिक उपाय ही प्रभावी



विनीत नारायण

पिछले कुछ समय से, मौसम वैज्ञानिकों के हवाले से, ए खबर आ रही है कि इस साल भीषण गर्मी पड़ने वाली है। इस खबर से सबसे ज्यादा चिंता कृषि वैज्ञानिकों और किसानों को है। ऐसी भविष्यवाणियां की जा रही हैं कि इस साल भी गर्मी विकराल रूप ले लेगी। जिससे सूखे जैसे हालत पैदा हो सकते हैं। खघ्रीब की फसल पर तो इसका बुरा असर पड़ेगा ही पर रवि की उपज पर भी विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। अमरीका और ईरान युद्ध के चलते पहले ही ऊर्जा संसाधनों पर महंगाई का असर दिखने लगा है और यदि गर्मी ने भी अपना असर दिखाया तो हालत बेकाबू हो सकते हैं।

वैज्ञानिकों का मानना है कि इस बढ़ती गर्मी के कारण गेहूं का उत्पादन काफी कम रहेगा। इसके साथ ही फल और सब्जियों के उत्पादन पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। नतीजतन खाद्य पदार्थों के दामों में काफी बढ़ौतरी कि संभावना है। कितना असर होगा ए आने वाले समय पर ही पता चल पाएगा दरअसल गर्मी बढ़ने का एक प्रमुख कारण सर्दियों में होने वाली बारिश का लगातार कम होते जाना है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दिसंबर, जनवरी और फरवरी में औसत तापमान से एक या दो डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया है। इतना सा तापमान बढ़ने से बारिश की मात्रा घट गई है।

यह तो रही कृषि उत्पादनों की बात, लेकिन अगर शहरी जीवन को देखें तो ए समस्या और भी बड़ा विकराल रूप धारण करने जा रही है। हमारा अनुभव है कि गर्मियों में जब ताल-तलैए सूख जाते हैं और नदियों में भी जल की आवक घट जाती है तो सिंचाई के अलावा सामान्य जन-जीवन में भी पानी का संकट गहरा जाता है। नगर पालिकाएं आवश्यकता के अनुरूप जल की आपूर्ति नहीं कर पाती। इसलिए निर्बल वर्ग की बस्तियों में अक्सर सार्वजनिक नलों पर संग्राम छिड़ते हुए देखे जाते हैं। नलों में पानी बहुत कम देर के लिए आता है। मध्यम वर्गीय परिवारों को भी अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप पानी एकत्र करने के लिए काफी मशक्कष्त करनी पड़ती है। राजनेताओं, अधिकारियों और संपन्न लोगों को इन विपरीत परिस्थितियों में भी जल संकट का सामना नहीं करना पड़ता। क्योंकि ए लोग आवश्यकता से कई गुना ज्यादा जल जमा कर लेते हैं। असली मार तो आम लोगों पर पड़ती है।

भीषण गर्मी पड़ने के साथ लोग कूलर या एयर कंडीशनर की तरफ भागते हैं। इससे जल और विद्युत दोनों का संकट बढ़ जाता है। हाइड्रो पावर प्लांट में जल आपूर्ति की मात्रा घटने से विद्युत उत्पादन गिरने लगता है। जैसे-जैसे समाज पारंपरिक तरीकघें को छोड़ कर बिजली से चलने वाले उपकरणों की तरफ बढ़ रहा है वैसे-वैसे वातावरण और भी गर्म होता जा रहा है। एयर कंडीशनरों से निकलने वाली गर्म हवा भी वातावरण को प्रदूषित करने और गर्मी बढ़ाने का काम कर रही है। 1974-76 के बीच मैं एक स्वयंसेवक के रूप में मुरादाबाद के निकट अमरपुरकाशी गांव में समाज सेवा की भावना से काफी समय तक रहा।

इस दौरान हर मौसम में गांव के जीवन को जिया। मुझे याद है कि मई जून की तपती गर्मी और लू के बावजूद हम सब स्वयंसेवक दोपहर में खुले दालान पर नीम के पेड़ की छाया में सोया करते थे। तब वो छाया ही काफी ठण्डी लगती थी। गर्म लू जब पसीना सुखाती थी तो शरीर में ठंडक महसूस होती थी। इसी तरह रात में छत पर पानी छिड़क कर सब सो जाते थे। रात के ग्यारह-बारह बजे तक तो गर्म हवा चलती थी, फिर धरती की तपिश खत्म होने के बाद ठण्डी हवा चलने लगती थी। सूर्योदय के समय की बयार तो इतनी स्फूर्तिदायक होती थी कि पूरा शरीर नई ऊर्जा से संचा. लित होता था। वहां न तो फ्जि का ठण्डा पानी था, न कोई और इंतजाम। लेकिन हैंडपम्प का पानी या मिट्टी के घड़े का पानी शीतलता के साथ सौंधापन लिए शरीर के लिए भी गुणकारी होता था। जबकि आज आरओ के पानी ने हम सबको बीमार बना दिया है। क्योंकि आरओ की मशीन जल के सभी प्राकृतिक गुणों को नष्ट कर देती है। कुएं से एक डोल पानी खींच कर सिर पर उड़ेलते ही सारे बदन में फुरफुरी आ जाती थी। जिस से दिन भर के श्रमदान की सारी थकावट क्षणों में काफूर हो जाती थी।

आजकल हर व्यक्ति, चाहे उसकी हैसियत हो या न हो शरीर को कृत्रिम तरीकध्े से ठण्डा रखने के उपकरणों को खघ्रीदने की चाहत रखता है। हम सब इसके शिकार बन चुके हैं और इसका खघमियाजा मौसम के बदले मिजास और बढ़ती गर्मी को झेल कर भुगत रहे हैं। इस आधुनिक दिनचर्या का बहुत बुरा प्रभाव हमारे शरीर पर पड़ रहा है। हर शहर में लगातार बढ़ते अस्पताल और दवा की दुकानें इस बात का प्रमाण हैं कि सुजलाम् सुफलाम मलयजशीतलाम शस्यश्यामलाम वाले देश के हम सब नागरिक बीमा. रियों से घिरते जा रहे हैं। न तो हमें अपने भविष्य की चिंता है, न ही सरकारों को। समस्याएं दिन प्रतिदिन सुलझने के बजाए उलझती जा रही हैं। दूसरी तरफ हर पर्यावरणविद् मानता है कि पारंपरिक जलाशयों को सुधार कर उनकी जल संचय क्षमता को बढ़ा कर और सघन वृक्षावली तैयार करके मौसम के मिजाज को कुछ हद तक बदला भी जा सकता है। प्रधान मंत्री मोदी का जल शक्ति अभियान और बरसों से चले आ रहे वृक्षारा. ेपण के सरकारी अभियान अगर ईमानदारी से चलाए जाते तो देश के पर्यावरण की हालत आज इतनी दयनीय न होती। सभी जानते हैं कि सरकार द्वारा जहां एक ओर तो वृक्षारोपण व तालाब खोदने को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं जमीनी स्तर पर कथनी और करनी में काफी अंतर है।

मिसाल के तौर पर जालौन क्षेत्र में 400 छोटे बांध बनाए गए थे। इनमें से आधे से ज्यादा तबाह हो चुके हैं। ललितपुर जिले में जल संरक्षण के लिए तीन करोड़ रूपए से चल रहा काम निरर्थक हो चुका है। इसी इलाके में बादहा और रसिन बांध के नाम पर करोड़ों रूपए खर्च हुए, लेकिन इनका भी नतीजा शून्य ही रहा। इसलिए यदि हम पारंपरिक तरीकों पर ध्यान नहीं देंगे तो ऐसे संकट आते रहेंगे।



पाकिस्तान। क्वेटा में बम विस्फोट स्थल पर रेलवे ट्रैक पर पलटी हुई ट्रेन के डिब्बे से घायल व्यक्ति को बाहर निकालते पुलिस अधिकारी और स्वयंसेवक।

## खालिस्तानी गतिविधियों ने सिख समुदाय की छवि को पहुंचाया नुकसान

**ओटावा।** खालिस्तानी गतिविधियों ने पिछले कुछ वर्षों में दुनिया भर में सिख समुदाय की अच्छी छवि को काफी नुकसान पहुंचाया है। एक नई रिपोर्ट में बताया गया कि, विदेशों में होने वाले हिंसक प्रदर्शनों, भारत विरोधी नारों और धार्मिक स्थलों के बाहर उग्र विरोध ने पूरी दुनिया में विवाद पैदा किया है। कट्टरपंथी तत्वों ने अलगाववादी अभियानों के जरिए माहौल खराब किया है। खालसा वाक्सश की एक रिपोर्ट के अनुसार, हाल के वर्षों में कनाडा, ब्रिटेन, अमेरिका और आस्ट्रेलिया जैसे देशों में ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं। इन देशों में खालिस्तान समर्थक समूह लोकतांत्रिक आजादी का बहाना बनाकर कट्टरपंथ और उग्रवाद को बढ़ावा दे रहे हैं।

## जापान में बच्चों के साझा संरक्षण का अधिकारों से बदलाव की उम्मीद

**टोक्यो।** दशकों से जापान में तलाक का मतलब अक्सर यह होता था कि बच्चा अपने माता–पिता में से किसी एक का सानिध्य प्राप्त करने से पूरी तरह वंचित रह जाता था। ऐसे मामलों में, अक्सर बच्चों का संरक्षण उस माता या पिता को मिलता था जो अपने बच्चों के साथ सबसे पहले घर का त्याग कर देते थे। यह जानकारी बीबीसी से प्राप्त हुई। जापान में पुरानी एकल संरक्षण प्रणाली के अंतर्गत, अलगाव के बाद केवल एक ही अभिभावक के पास कानूनी अधिकार होता था। इसका मतलब यह था कि बच्चों के साथ उनके रिश्ते चाहे जैसे भी हों लेकिन दूसरे अभिभावक को बच्चे के जीवन से अलग होने के लिए मजबूर किया जा सकता था जब तक कि संरक्षण प्राप्त करने वाला अभिभावक उन्हें बच्चे से मिलने की अनुमति न दे दे।

# अमेरिकी वीजा नीति केवल भारत नहीं, दुनियाभर के लिए

## पाक से अमेरिका के संबंधों को भारत की कीमत पर नहीं देखा जाना चाहिए: मार्को रुबियो

**नई दिल्ली।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ट्रम्प सरकार की नई वीजा नीति का बचाव करते हुए कहा है कि अमेरिका में आव्रजन नीति सुधार और आधुनिकीकरण के दौर से गुजर रही है और यह केवल भारतीयों के लिए नहीं बल्कि दुनिया भर के लिए है।

इसे केवल भारत के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए। पाकिस्तान सरकार और वहां की सेना के साथ अमेरिकी संबंधों पर उन्होंने साफ कहा कि इन्हें भारत के साथ संबंधों की कीमत के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए। अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी के सवाल को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने कहा कि हर देश में कुछ वाहियात लोग होते हैं। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर के साथ रविवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संवाददाता

■ अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी के सवाल को गंभीरता से लेते हुए रुबियों ने कहा: हर देश में कुछ वाहियात लोग होते हैं



सम्मेलन में अमेरिका में वीजा प्रणाली में बदलावों के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में श्री रुबियो ने कहा कि अमेरिका में आव्रजन प्रणाली में सुधार या आधुनिकीकरण किया जा रहा है और इसे केवल भारत के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में दो करोड़ से अधिक लोग अमेरिका में अवैध रूप से घुस चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बड़ी चुनौती है और हमें इससे निपटना है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने हमेशा से दूसरे देशों के लोगों का स्वागत किया है लेकिन मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए इस प्रक्रिया में सुधार की जरूरत है और यही किया जा रहा है। इस सुधार प्रक्रिया में हम यह तय करने में जुटे हैं कि कितने लोग हमारे देश में आएंगे, कौन आएगा, कब आएगा आदि। विदेश मंत्री ने कहा कि इस तरह के सुधारों का विरोध अक्सर होता है, लेकिन यह व्यवस्था केवल भारत को निशाना बनाकर नहीं बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य एक बेहतर प्रणाली, अधिक प्रभावी प्रणाली और ऐसी व्यवस्था होगी, जो पहले की तुलना में अधिक अच्छी तरह काम करेगी और अधिक टिकाऊ भी होगी। उन्होंने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में भारतीयों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इसके साथ साथ भारतीय कंपनियों द्वारा भी अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 20 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका चाहता है कि यह निवेश और बढ़े। अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी किए जाने के मामलों से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि यह गंभीर मामला है और मेरा मानना है कि ये टिप्पणी ऑनलाइन या किसी भी जगह पर की गई ये कुछ वाहियात लोगों द्वारा की गई हैं और इस तरह के लोग हर जगह रहते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अभिनेत्री सान्या ठाकुर बनीं राधा रानी

**कान्स।** कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 के ग्लैमरस माहौल के बीच बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या ठाकुर ने अपने बेहद खास और आध्यात्मिक अंदाज से पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। सुपर 30 और स्पाई जैसी फिल्मों में अपनी अभिनय प्रतिभा दिखा चुकी सान्या ठाकुर ने इस बार प्रतिष्ठित इंटरनेशनल रेड कार्पेट पर राधा रानी का दिव्य स्वरूप धारण कर सनातन संस्कृति का वैश्विक प्रतिनिधित्व किया।

### अमेरिका–कैलिफोर्निया में डिज्नीलैंड के पास केमिकल टैंक लीक

कैलिफोर्निया। अमेरिका के कैलिफोर्निया में केमिकल टैंक लीक हो गया। डिज्नीलैंड थीम पार्क से एक किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित एयरोस्पेस फैक्ट्री में रखा केमिकल टैंक शुक्रवार को ओवरहीट हो गया। इसके बाद आसपास के करीब 40 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। कई स्कूल बंद कर दिए गए हैं और राहत शिविर खोले गए हैं, जो कि अब भर चुके हैं। कैलिफोर्निया के आरेंज काउंटी स्थित गार्डन ग्रोव शहर की है। यहां जीकेएन एयरोस्पेस नाम की कंपनी में मिथाइल मेथाक्रिलेट नाम का रसायन रखने वाला प्रेशराइज्ड टैंक गर्म हो गया और उससे जहरीली गैस निकलने लगी।

### ट्रम्प ने नए ट्रुथ सोशल पोस्ट से चौंकाया

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने नए सोशल मीडिया पोस्ट से सबको चौंका दिया है। ट्रुथ सोशल पर साझा इस पोस्ट में ट्रम्प ने स्पैनिश मूल के शब्द–एडियोस का इस्तेमाल किया है। एडियोस शब्द का शाब्दिक अर्थ 'अलविदा' है। शब्दकोष के अर्थ के मुताबिक अंग्रेजी भाषा में कपवे को कभी–कभी अनौपचारिक और सहज तरीके से अलविदा कहने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि, स्पैनिश में इस शब्द का इस्तेमाल विदाई के भाव या कम समय या अस्थायी विदाई से जुड़ी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए किया जाता है।

# ईरान का अमेरिका को यूरेनियम सौंपने से इन्कार

## कहा: मौजूदा शुरुआती समझौते में परमाणु मुद्दा शामिल ही नहीं

**तेहरान।** ईरान ने साफ कर दिया है कि वह अपना हाईली एनरिच्ड यूरेनियम भंडार अमेरिका को नहीं सौंपेगा। रायटर्स के मुताबिक, एक सीनियर ईरानी अधिकारी ने कहा है कि मौजूदा शुरुआती समझौते में परमाणु मुद्दा शामिल ही नहीं है। सूत्र के मुताबिक, ईरान के परमाणु कार्यक्रम और यूरेनियम भंडार पर बातचीत बाद में अंतिम समझौते के दौरान होगी। फिलहाल ऐसा कोई फैसला नहीं हुआ है कि यूरेनियम देश से बाहर भेजा जाएगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कल कहा था कि अमेरिका ईरान को हाईली एनरिच्ड यूरेनियम रखने नहीं देगा।

उन्होंने कहा था कि हम उसे हासिल करेंगे, इसे ईरान को नहीं रखने देंगे। हाल के दिनों में कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ईरान अपना यूरेनियम भंडार छोड़ने को तैयार हो गया है। हालांकि अब ईरानी पक्ष ने इन खबरों को खारिज कर दिया है। ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने आसिम मुनीर से मुलाकात में कहा कि अमेरिका ईमानदारी नहीं दिखा रहा, ईरान अपने अधिकारों पर समझौता नहीं करेगा। न्यूयार्क टाइम्स के मुताबिक ट्रम्प सरकार ने ईरान वार्ता में इजरायल की भूमिका सीमित कर दी, जिससे प्रधानमंत्री नेतन्याहू को बड़ा राजनीतिक झटका लगा। एक सीनियर ईरानी अधिकारी ने रायटर्स से कहा है कि तेहरान ने अपने एनरिच्ड यूरेनियम को सौंपने पर सहमति नहीं दी है। अधिकारी के



■ ट्रम्प सरकार ने ईरान वार्ता में इजरायल की भूमिका सीमित कर दी, जिससे प्रधानमंत्री नेतन्याहू को बड़ा राजनीतिक झटका लगा

मुताबिक ईरान का परमाणु कार्यक्रम अभी अमेरिका के साथ शुरुआती समझौते का हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा कि परमाणु मुद्दे पर अंतिम समझौते के लिए आगे बातचीत होगी, इसलिए यह मौजूदा डील में शामिल नहीं है। यह बयान ऐसे समय आया है जब न्यूयार्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दावा किया था कि ईरान यूरेनियम छोड़ने पर सहमत हो गया है। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया था कि इसे कैसे और किस प्रक्रिया के तहत हटाया जाएगा, इसका फैसला बाद की बातचीत में किया जाएगा। वहीं एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक मसौदा समझौते में ईरान ने परमाणु हथियार नहीं बनाने का वादा किया है। साथ ही यूरेनियम प्रोग्राम को रोकने और एनरिच्ड यूरेनियम को हटाने पर बातचीत करने की बात भी शामिल है। ईरानी न्यूज एजेंसी फार्स के मुताबिक अमेरिका और ईरान के बीच तैयार हो रहे समझौते के मसौदे में कहा गया है कि यूएस और इजरायल ईरान या उसके समर्थक समूहों पर हमला नहीं करेंगे। इसके बदले ईरान भी यूएसऔर इजरायल पर पहले हमला नहीं करने का वादा करेगा। वहीं एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक इस समझौते में यह भी साफ किया गया है कि इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच चल रहा संघर्ष खत्म किया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर हिजबुल्लाह फिर से हमला करता है या हमले की शुरुआत करता है, तो इजरायल को जवाबी कार्रवाई करने की अनुमति होगी।

### ईरान ने अमेरिका के साथ परमाणु समझौते पर कोई वादा नहीं किया: ईरानी मीडिया

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के साथ युद्धविराम समझौते में अपने परमाणु कार्यक्रम या संवर्धित यूरेनियम सौंपने को लेकर किसी भी नए वादे से साफ इनकार किया है। ईरानी मीडिया ने अमेरिकी दावों को खारिज करते हुए कहा है कि परमाणु मुद्दा वर्तमान शांति वार्ता का हिस्सा नहीं है। ईरान की न्यूज एजेंसी तस्नीम अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते की विस्तृत रिपोर्ट पेश कर रही है। इसका कहना है कि ईरान ने प्रस्ताव मसौदे में अपनी परमाणु सामग्री सौंपने का कोई वादा नहीं किया है, भले ही पश्चिमी मीडिया इसके उलट दावा कर रही हों। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़ी न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट है कि परमाणु मुद्दे पर बातचीत 'युद्ध के संभावित अंत के बाद' तक के लिए टाल दी गई है। इसका कहना है कि मौजूदा मसौदा सिर्फ युद्ध खत्म करने के मुद्दे तक ही सीमित है और इसमें ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी कोई बात शामिल नहीं हैं।

# स्टारमर ने अमेरिका-ईरान की बातचीत का किया स्वागत

■ हॉर्मुज फिर से खोलने के लिए समझौते का किया आह्वान

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने अमेरिका और ईरान के बीच हुई सार्थक बातचीत का स्वागत करते हुए यह चेतावनी भी दी है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं दिया जाना भी काफी अहम है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब भारत में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत में प्रगति हुई है और उन्हें उम्मीद है कि इस मामले का कूटनीतिक रूप से जल्द समाधान हो जाएगा। स्टारमर ने एक्स पर कहा कि हमें एक ऐसे समझौते की जरूरत है, जो इस संघर्ष को समाप्त करे और बिना किसी शर्त तथा बिना किसी प्रतिबंध के जहाजों की आवाजाही के साथ हॉर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोले। प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रिटिश सरकार युद्ध के प्रभाव से अपने नागरिकों की रक्षा के लिए वह सब कुछ करेगी, जो हम कर सकते हैं।

# 79वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में बिग बॉस 17 फेम सोनिया बंसल का शानदार डेब्यू

**कान्स।** बिग बॉस 17 से लोकप्रियता हासिल करने वाली अभिनेत्री सोनिया बंसल ने 79वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपना अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करते हुए रेड कार्पेट पर एक खास और सांस्कृतिक रूप से प्रेरित अंदाज में सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। अपनी आगामी पर्यावरण आधारित फिल्म द लास्ट ब्रेथ का प्रतिनिधित्व करते हुए सोनिया ने इस प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक सौंदर्य को बेहद खूबसूरती से प्रस्तुत किया। उनका यह लुक सिर्फ फैशन स्टेटमेंट नहीं बल्कि भारतीय परंपरा और भावनाओं का प्रतीक भी नजर आया। अपने डेब्यू लुक के लिए अभिनेत्री ने मशहूर डिजाइनर डॉली जे द्वारा तैयार किया गया खास आउटफिट पहना। पेस्टल पिंक रंग के इस लहंगा–साड़ी फ्यूजन आउटफिट पर सफेद फूलों की बारीक कढ़ाई और गोल्ड डिटेलिंग की गई थी। सिर पर बेहद खूबसूरती से ओढ़ा गया शीयर दुपट्टा उनके पूरे लुक को राधा रानी की दिव्य छवि से प्रेरित बनाता दिखा।

# ईरान से संभावित समझौते पर लेबनान-ईरान में अस्थिरता का खतरा

■ होर्मुज में भी बढ़ेगा तनाव: अमेरिकी सांसद सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने दी चेतावनी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने रविवार को ईरान के साथ संभावित समझौते को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ कोई भी ऐसा समझौता, जो उसे समय के साथ मजबूत होने की अनुमति देता है तो इसका असर लेबनान और इराक में अस्थिरता बढ़ाने के रूप में सामने आ सकता है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह समझौता होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास तनाव को और गंभीर बना सकता है। ग्राहम ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि अगर पश्चिम एशिया के इलाके में यह संदेश जाता है कि समझौते से ईरान को लंबे समय तक ताकत हासिल होगी, तो इससे लेबनान में हिज्बुल्ला और इराक में शिया उग्रवादी समूहों को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि ऐसा समझौता क्षेत्रीय संघर्षों को और भड़का सकता है। अमेरिकी सांसद ने यह भी कहा कि अगर किसी समझौते का आधार यह धारणा बनती है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को ईरानी खतरे से सुरक्षित नहीं रखा जा सकता और ईरान खाड़ी क्षेत्र के तेल ढांचे को नुकसान पहुंचाने की क्षमता रखता है, तो इससे तेहरान को क्षेत्र में प्रभावशाली शक्ति के रूप में देखा जाएगा। ग्राहम के मुताबिक, अगर ईरान को लंबे समय तक जलडमरूमध्य में दबाव बनाने और खाड़ी देशों के तेल प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचाने में सक्षम माना जाता है, तो इससे पश्चिम एशिया में शक्ति संतुलन बदल सकता है।

# व्हाइट हाउस में गोलीबारी, जवाबी कार्रवाई में हमलावर की मौत

## गोलीबारी के दौरान एक राहगीर भी गोली लगने से घायल हो गया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस के निकट रविवार को एक सुरक्षा जांच चौकी की ओर बढ़कर गोलीबारी करने वाले एक व्यक्ति को सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई।

घटना में एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। सीक्रेट सर्विस के प्रवक्ता के अनुसार शनिवार शाम करीब छह बजे एक व्यक्ति व्हाइट हाउस परिसर के बाहर स्थित सुरक्षा जांच चौकी के पास पहुंचा और अधिकारियों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाकर्मियों ने भी गोली चलाई, जिसमें संदिग्ध घायल हो गया। बाद में अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई। प्रवक्ता ने बताया कि गोलीबारी के दौरान एक राहगीर भी गोली लगने से घायल हो गया। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उसे संदिग्ध की गोली लगी या जवाबी गोलीबारी के दौरान वह घायल हुआ। घटना में सीक्रेट सर्विस का कोई भी अधिकारी घायल नहीं हुआ। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प उस समय व्हाइट हाउस में मौजूद थे और सुरक्षित रहे। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति को घटना की जानकारी दे दी गई है। कानून विभाग के अधिकारियों के अनुसार घायल राहगीर की हालत गंभीर बनी हुई है।



■ यह घटना भविष्य के राष्ट्रपतियों के लिए वॉशिंगटन में और अधिक सुरक्षित एवं संरक्षित परिसर की आवश्यकता को दर्शाती है: ट्रम्प




श्रद्धांजलि/तीजा

सदुःख सूच्य है, कि देवाधिदेव भगवान शिव ने हमारी परम पूज्या माताजी श्रीमती कमला देवी शर्मा पत्नी स्व. श्री रामसरन लाल शर्मा को 23 मई 2026 को इस लोक से मुक्त कर स्वलोक में स्थान प्रदान किया है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम/तीजा 25 मई 2026 (सोमवार) को अपराह्न 2 बजे होगा।

स्थान- श्री सनातन धर्म मंदिर (पंजाबी मंदिर) कोट पूर्वी, संभल।

स्व. श्रीमती कमला देवी शर्मा

शोकाकुल परिवार

अजय कुमार शर्मा–सुमन शर्मा (पुत्र–पुत्रवधु)
रितिक शर्मा–निधि शर्मा (पौत्र–पौत्रवधु)
आदित्य (पौत्र)
श्रीमती मिथलेस शर्मा (पुत्री)
श्रीमती सर्वेश शर्मा–जगदीश सरन शर्मा (पुत्री–दामाद)
श्रीमती प्रवेश शर्मा–मक्खन लाल शर्मा (पुत्री–दामाद)

एवं समस्त शर्मा परिवार

निवास :- दुर्गा कालोनी, संभल, 9758198810

प्रतिष्ठान : शर्मा मेडिकोज, तिरंगा मार्केट, संभल, ज्ञान दीप मंदिर, दुर्गा कालोनी, संभल


# रूस का यूक्रेन पर ओरेश्निक मिसाइल से हमला

## चार मरे, मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम, जेलेंस्की बोले: रूसी पाग हो चुके हैं

**कीव।** रूस ने रविवार को यूक्रेन पर कई मिसाइलों और ड्रोनों से हमला किया जिसमें कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई और कई दर्जन लोग घायल हैं। हमलों का निशाना यूक्रेन की राजधानी कीव के आसपास के इलाके थे। रूस ने कहा कि यह हमला यूक्रेनी हमलों के जवाब में किया गया।

रूसी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक हमलेमें ओरेशनिक हाइपरसोनिक मिसाइल का भी इस्तेमाल हुआ। यह मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में भी सक्षम है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस पर जानबूझकर नागरिक इलाकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने टेलीग्राम पर लिखा कि रूसी हमलों में पानी सप्लाई करने वाली एक फैसिलिटी को नुकसान पहुंचा, एक बाजार जल गया और कई घरों व स्कूलों पर हमला हुआ। जेलेंस्की ने कहा कि रूस के तरफ से दागी ओरेश्निक मिसाइल बिला त्सेरक्वा शहर के पास गिरी। उन्होंने कहा कि वे सचमुच पागल हो चुके हैं। जरूरी है कि रूस को इसकी सजा मिले। यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्री सिबिहा ने कहा कि मिसाइल में डमी वारहेड लगाया गया था। अमेरिका ओरेश्निक को मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल मानता है। यह मिसाइल पारंपरिक या परमाणु वारहेड ले जाने में सक्षम है। इसकी रफ्तार और उड़ान का तरीका ऐसा है कि यूक्रेन के मौजूदा एयर डिफेंस सिस्टम के लिए इसे रोकना लगभग नामुमकिन माना जाता है। रूस ने अब तक सिर्फ तीसरी बार इस मिसाइल का इस्तेमाल किया है। रूस ने ओरेश्निक मिसाइल का पहली बार इस्तेमाल 21 नवम्बर 2024 को किया था। उस समय इस मिसाइल से यूक्रेन के द्नीप्रो शहर में स्थित पिवदेनमाश एयरोस्पेस प्लांट पर हमला किया गया था। उस वक्त शुरुआत में यूक्रेन को लगा था कि रूस ने इंटरकान्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल दागी है, लेकिन बाद में पता चला कि वह ओरेशनिक मिसाइल थी।



■ यह हमला यूक्रेनी हमलों के जवाब में किया गया: रूस


यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY

स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से

डॉ. नीति चतुर्वेदी

एम.बी.बी.एस., एम.एस.

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा ।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा

साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर

मो.: 0131–2621600, 7300773004